And whereas the aforesaid case is fixed for hearing **before this Hon'ble Court on 17.03.2020 at 10:30 A.M.** This citation is issued, in terms of Section 283 of the said Act to all persons claiming to have any interest in the properties of the said deceased to come to this court, file objections, if any and take part in the proceedings on the date specified above for the grant of Probate.

Given under my hand and the seal of this Court, in terms of the order dated 22nd day of November, 2019.

Sd/-
seal **Assistant Registrar (O)**
*for* **REGISTRAR GENERAL**
rb

The Indian EXPRESS Classifieds
FROM ANYTHING TO EVERYTHING

EXPRESS EDUCATION

McGraw-Hill writer
RAMESH SINGH'S
GS ECONOMY
Basics+Current
updated with the latest
Survey 2019-20 and Budget 2020-21
New batch: Mar. 02-Apr. 20 (2.30-4.45pm)
4A/41 Old Rajinder Nagar, Bada Bazar Road, Near Shankar Road, N. Delhi- 60
www.rameshsingh.org | ph. 98182-44224; 80767-48812

M. PURI
ONLINE
GS PAPER 2
ADMISSIONS OPEN in the latest batch
100+ LECTURES UPDATED WITH LATEST CURRENT AFFAIRS
A course without which your GS Paper 2 preparation is incomplete
Stellar IAS ACADEMY
Your Ambition Our Guidance
www.stellariasacademy.online
CALL: 99152-14599

Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

**विरोध**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से केंद्रीय बजट को जनविरोधी बताते हुए मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान माकपा नेता प्रकाश करात व भाकपा नेता डी राजा के साथ कई अन्य शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट कर दी जानकारी

# दिल्ली वालों को जल्द मिलेंगी नई बसें

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

दिल्ली की सड़कों पर बस यात्रियों के लिए बसों का संकट खत्म होगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह संकट खत्म करने का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि दिल्ली लम्बे समय से बसों की कमी से जूझ रही है। इस वजह से ही मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ रही है और यातायात जाम में भी दिल्ली वालों को फंसना पड़ रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया कि बस आ रही है और इसमें समय लगा। लेकिन आखिरकार हमने सभी बाधाएं पार कर लीं। बसें आनी शुरू हो गई हैं। वर्तमान में शहर में करीब 6000 बसें हैं। इन बसों में 3762 डीटीसी बसें शामिल हैं। आम आदमी पार्टी ने हाल ही में विधानसभा चुनाव में अपने घोषणापत्र 'गारंटी कार्ड' में 11000 से अधिक बसें लाने और दिल्ली मेट्रो नेटवर्क को 500 किलोमीटर से अधिक बढ़ाने का वादा किया था। अब तक दिल्ली सरकार केवल कलस्टर बस सेवा के तहत बसें लेकर आ रही है। लेकिन दिल्ली में डीटीसी बसों का बेड़ा लगातार कम होता जा रहा है। 2010 में हुए कॉमनवेल्थ खेलों के दौरान दिल्ली को सर्वाधिक नई बसें मिली थी। डीटीसी के बड़े में लाल-हरी बसों को शामिल किया गया। बीते सालों में इन सभी बसों की हालत खराब हुई है और इनके ब्रेकडाउन भी बढ़े हैं।

**2019 आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट**

वाहनों में इजाफा (2016-17 व 2017-18)

| | |
|---|---|
| टैक्सी | 0.21 फीसद (गिरावट) |
| दुपहिया वाहन | 7.12 फीसद |
| 'ऑटो रिक्शा | 7.28 फीसद |
| कार | 2.98 फीसद |
| अन्य यात्री वाहन | 27.56 फीसद |

समय लगा, लेकिन आखिकार सभी अटकलें दूर हो चुकी है। नई बसों का आना शुरू हो गया चुका है। मैं दिल्लीवालों को विश्वास दिलाता हूं कि जल्द ही बसों की दिक्कत दूर होगी।
-अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री

### 5.81 फीसद बढ़ी है निजी वाहनों की खरीद की रफ्तार

2019 में सामने आई आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में भी सरकार ने बताया कि मार्च 18 तक दिल्ली में 5.81 फीसद तक वाहनों की संख्या बढ़ी है। इस समय तक दिल्ली में 109.86 लाख वाहन थे। यह तुलनात्मक अध्ययन 2016-17 व 2017-18 के आंकड़ों के आधार पर किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक 2016-17 में दिल्ली में 1.03 करोड़ वाहन थे जो 2017-18 में बढ़कर 1.09 करोड़ हुए हैं। टैक्सी की संख्या में 0.21 की गिरावट आई है।

## प्रदूषण की समीक्षा करेगी दिल्ली सरकार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय 20 फरवरी को समीक्षा करेंगे। इसके लिए सचिवालय में उच्च अधिकारियों की एक बैठक बुलाई गई है। गोपाल राय ने बताया कि प्रदूषण में कमी लाना केजरीवाल सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

दिल्ली को हर साल भीषण प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। इसका कारण दूसरे राज्यों में होने वाली आगजनी की घटनाएं और अन्य कारण भी रहते हैं। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस बैठक में सर्दियों के दौरान प्रदूषण कैसे कम किया जाए इस विषय पर पर्यावरण विभाग के उच्च अधिकारियों को अपनी योजना का खाका प्रस्तुत करने को कहा गया है। सरकार के लिए सर्दियों में प्रदूषण पर लगाम लगाना बड़ी चुनौती है।

## बिजली-पानी के बाद अब सड़कों की मरम्मत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

दिल्ली में मुफ्त बिजली-पानी की योजना के बाद सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती खस्ताहाल फ्लाइओवरों को संवारा होना। मार्गों की हालत खराब है और कई जगहों पर आधे-आधे फुट के गड्ढें हैं। इस वजह से न सिर्फ सड़कों पर जाम बढ़ता है बल्कि प्रदूषण में भी इजाफा होता है। अधिकांश मार्ग दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के तहत आते हैं। दिल्ली में 60 फुट चौड़ी सड़कें है, जो करीब 1260 किलोमीटर लंबी है।

**मुख्यालय के बाहर से ही होता है आगाज** : लोक निर्माण विभाग का कार्यालय आइटीओ पर स्थित है। खस्ताहाल सड़कों की शुरुआत भी यहीं से हो जाती है। आईटीओ तक पहुंचाने वाले मुख्य पुल की सड़कें टूटी हुई है और बिटुमिन की अलग-अलग पट्टियां

बन गई है। ये सड़के वाहन सवारों के लिए खतरनाक साबित हो रही हैं। आईटीओ तक पहुंचाने वाले प्रमुख फ्लाइओवर की भी हालत भी खास तारीफ लायक नहीं।

**जीटी रोड शाहदरा से सीलमपुर** : यह मार्ग दिल्ली व उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला अहम मार्ग है। इस मार्ग पर शाहदरा फ्लाइओवर को संवारने के लिए पहले मार्ग को दुरुस्त करने का काम शुरू किया गया था। लेकिन मार्ग जगह-जगह टूटा हुआ है। जो मार्ग पर प्रदूषण बढ़ाने और जाम लगने की वजह बन रहा है। यह हालत सिर्फ मार्ग पर ही नजर नहीं आ रही है बल्कि फ्लाइओवर पर भी बिटुमिन टूट रहा है। जो कि वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

**शास्त्री पार्क से गांधी नगर** : पूर्वी दिल्ली को मध्य दिल्ली से जोड़ने के लिए इस मार्ग का प्रयोग होता है। यातायात में बदलाव होने की वजह से इस पूरे मार्ग पर अधिक यातायात है। इस मार्ग से सीधे बस अड्डा व गांधी नगर से होते हुए सीधे आईटीओ और फरीदबाद तक जाया जाता है। इसलिए इस मार्ग पर अधिक यातायात होता है। इस मार्ग पर अधिक यातायात होने की वजह मार्ग की हालत बेहद ही खस्ता है। यह खस्ताहाल मार्ग वाहन सवारों के लिए बड़ी मुसीबत साबित हो रहा है और जाम की बड़ी वजह भी साबित हो रहे हैं।

## आप की गारंटियों पर शुरू होगी मंत्रणा, मुख्यमंत्री की बैठक आज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी जनता के बीच 10 कामों का गारंटी का कार्ड लेकर आई थी। यह गारंटी कार्ड दिल्ली सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इसके लिए बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गारंटी कार्ड को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्रियों व अधिकारियों की बैठक लेंगे।

सरकार ने गारंटी दी है कि वे निर्बाध बिजली आपूर्ति, कूड़ा रहित दिल्ली तथा अनधिकृत कॉलोनियों के लिए मूलभूत सुविधाएं देंगे। बुधवार को होने वाली बैठक के एजंडा में पेयजल की पाइप द्वारा आपूर्ति, सभी बच्चों के लिए शिक्षा, समाज के विभिन्न तबकों के लिए निःशुल्क बस सेवा, स्वास्थ्य सेवाएं, महिला सुरक्षा, यमुना की सफाई आदि शामिल हैं। इसमें सभी विभागों के सचिव और प्रधान सचिव शामिल होंगे।

**गारंटी कार्ड में प्राथमिकता**

- सबसे बेहतर शिक्षा व्यवस्था
- सस्ती, सुलभ और बेहतरीन इलाज
- 11 हजार बसें व 500 किलोमीटर मेट्रो सेवा
- वायु प्रदूषण को 3 गुना तक कम करना
- दिल्ली को कूड़े व मलबे से मुक्ति दिलाना
- महिला सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे
- कच्ची कॉलोनियों में बिजली,पानी, सड़क
- जहां झुग्गी-वहीं मकान योजना लागू करना

## राज्यसभा की तैयारी में प्रियंका गांधी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

लोकसभा के बीते चुनाव के बीच कांग्रेस की महासचिव बनाई गईं प्रियंका गांधी जल्दी ही पार्टी की राज्यसभा सदस्य बनाई जा सकती हैं। प्रियंका को छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश से उच्च सदन भेजने की तैयारी है। उन्हें राज्यसभा सांसद बनाने की पुरजोर पैरवी कर रहे नेताओं की दलील है कि भाजपा से दो-दो हाथ करने के लिए सोनिया-राहुल के अलावा प्रियंका का भी संसद में होना जरूरी है।

पार्टी के नेता आधिकारिक तौर पर इस मामले में कोई भी बयान देने से बच रहे हैं। वहीं प्रियंका के राज्यसभा जाने की वकालत करते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस के नेता अरुण यादव ने कहा कि अब राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए जबकि भाजपा का मुकाबला करने के लिए प्रियंका गांधी को राज्यसभा के लिए चुना जाना चाहिए।

राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार इस साल राज्यसभा की कुल 73 सीटों के लिए चुनाव होना है। इनमें से चार सीटें पहले से खाली हैं जबकि 69 सीटें इस साल फरवरी से लेकर नवंबर तक खाली होनी हैं। खाली होने वाली सीटों में से 17 सीटें कांग्रेस खाते की हैं। कांग्रेस के जिन नेताओं का कार्यकाल इस साल खत्म हो रहा है उनमें मोतीलाल वोरा, दिग्विजय सिंह, कुमारी सैलजा आदि प्रमुख हैं।

कांग्रेस शासित राज्यों में मध्यप्रदेश-राजस्थान से तीन-तीन और छत्तीसगढ़-हरियाणा से दो-दो सीटें

*मध्यप्रदेश* कांग्रेस के नेता अरुण यादव ने कहा कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए प्रियंका को चुना जाना चाहिए।

शामिल हैं। कांग्रेस गठबंधन वाली सरकार से संबंधित राज्य महाराष्ट्र से सात सीटें रिक्त हो रही हैं जबकि झारखंड से भी दो लोगों को राज्यसभा के लिए चुना जाना है।

प्रियंका की दादी और देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी राज्यसभा से ही अपनी संसदीय यात्रा शुरू की थी। लिहाजा कहा जा रहा कि कांग्रेस महासचिव गांधी भी राज्यसभा के रास्ते संसद पहुंचे तो इसमें कोई हर्ज नहीं है।

सूत्रों की मानें तो प्रियंका को राज्यसभा भेजे जाने के पीछे एक वजह यह भी बताई जा रही है कि उन्हें संसद नहीं भेजा गया तो उन्हें लोधी रोड स्थित अपना टाइप छह सरकारी बंगला खाली करना होगा। एसपीजी सुरक्षा हटा लिए जाने के बाद यह बंगला उनसे खाली कराया जा सकता है। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, तीनों ही नेताओं की एसपीजी सुरक्षा हटा ली थी। जानकारों का कहना है कि सोनिया और राहुल का बंगला इसलिए बच गया क्योंकि वे सांसद हैं। हालांकि बताया जाता है कि प्रियंका अपने बंगले के पूरे किराए का भुगतान करती हैं।

## गार्गी कॉलेज मामले में दो अन्य गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में घुसकर छात्राओं के साथ की गई छेड़छाड़ के मामले में दो अन्य लोगों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक 17 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दक्षिणी जिले की हौज खास पुलिस ने मामला प्रकाश में आने के बाद 452/354/509 और 34 आइपीसी की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है। बता दें कि कुछ दिन पहले गार्गी कॉलेज में हुए एक कार्यक्रम के दौरान कुछ बाहरी लड़के घुस आए थे जिन्होंने छात्राओं के साथ छेड़खानी की थी। छात्राओं ने कार्रवाई के लिए कॉलेज में प्रदर्शन भी किया था।

### जामिया में हिंसा का वीडियो सामने आने के बाद

## दिल्ली पुलिस की टीम ने विवि का दौरा किया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में 15 दिसंबर को हुई हिंसा का वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस अपराध शाखा (एसआईटी) की एक टीम ने मंगलवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। उस घटना के चार वीडियो हाल ही में सामने आए हैं, जिनमें से एक नया वीडियो सोमवार को जारी हुआ।

उधर, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पूर्व छात्रों के संघ ने मंगलवार को पिछले साल 15 दिसंबर को विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में घुसने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि उनके खिलाफ हत्या के प्रयास और धर्म के अपमान का मामला दर्ज किया जाना चाहिये। दिल्ली पुलिस की विशेष जांच दल (एसआइटी) के उपायुक्त, अपराध शाखा राजेश देव के नेतृत्व में एक टीम ने पुस्तकालय का मंगलवार को दौरा किया। टीम के सदस्य छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की घटना की तहकीकात की।

इस घटना में कथित पुलिस कार्रवाई के दौरान बुरी तरह से कई छात्र घायल हो गए थे। पुलिस अधिकारी के मुताबिक टीम के सदस्यों ने पुस्तकालय को हुए नुकसान का विश्लेषण और वीडियोग्राफी की। उन्होंने प्राक्टर कार्यालय का भी दौरा किया। रविवार को सामने आए वीडियो में पुलिसकर्मियों को पुस्तकालय में छात्रों को पीटते हुए देखा जा सकता है। दो अन्य वीडियो में कुछ नकाबपोश युवक पुस्तकालय में घुसते दिख रहे हैं।

**प्रपत्र बी**
**सार्वजनिक घोषणा**
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 12 के अधीन]

**बी के प्रिसिशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | बी के प्रिसिशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 22.03.2006 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, कानपुर (आरओसी, कानपुर) कंपनी अधिनियम के तहत |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U27104UP2006PTC031518 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय (यदि कोई हो तो) का पता | **पंजीकृत कार्यालय :** डी –80, उद्योग कुंज, साइट–V, पनकी, कानपुर –208022, यूपी |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 16.05.2019 (CIRP शुरू होने की तारीख से 180वां दिन+CIRP में 90 दिन का विस्तार) |
| 7. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 10.02.2020 (आदेश की प्रति को आरपी/परिसमापक को 18.02.2020 सूचित किया गया) |
| 8. | परिसमापक के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | **नाम : पवन के गोयल**<br>**पंजीकरण संख्या :** IBBI/IPA-001/IP-P00203/2017-2018/10392 |
| 9. | परिसमापक का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है | **पता:** 206बी और 207, जगदंबा टॉवर कमर्शियल काम्प्लेक्स, 13, प्रीत विहार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली –110092<br>**ईमेल :** pawankgoel1@gmail.com |
| 10. | परिसमापक के लिए पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाले पते और ईमेल, यदि क्रमांक 9 में दिए गए पते से अलग है | **पता:** सी–11, दूसरी मंजिल, राज नगर आरडीसी, गाजियाबाद, यूपी – 201 002<br>**ईमेल :** liquidation.beekay@gmail.com |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | **20.03.2020** (अर्थात इस सार्वजनिक घोषणा के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन) |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इलाहबाद पीठ ने **10 फरवरी, 2020** को **बी के प्रिसिशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड** के परिसमापन का शुरू करने का आदेश दिया है। परिसमापन के आदेश की प्रति, परिसमापक को 18.02.2020 को सूचित की गई थी।

**बी के प्रिसिशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड** के हितधारकों को इसके द्वारा **20 मार्च 2020** को या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावे परिसमापक के पते पर प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, जिसे की मद संख्या 10 के सम्मुख उल्लेख किया गया है।

वित्तीय लेनदार अपने दावों के प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा करेंगे। अन्य सभी हितधारक अपने दावों के प्रमाण व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा जमा कर सकते हैं।

**असत्य या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जुर्माना किया जा सकता है।**

हस्ता/–
**पवन के गोयल**
परिसमापक
बी के प्रिसिशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
**पंजीकरण संख्या :** IBBI/IPA-001/IP-P00203/2017-2018/10392

**दिनांक :** 19.02.2020
**स्थान :** कानपुर

www.readwhere.com

# अमर सिंह ने अपनी टिप्पणियों के लिए अमिताभ बच्चन से खेद जताया

नई दिल्ली, 18 फरवरी (भाषा)।

राज्यसभा सदस्य अमर सिंह ने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और उनके परिवार के खिलाफ अपनी टिप्पणियों को लेकर मंगलवार को ट्विटर एवं फेसबुक पर खेद प्रकट किया।

अमर सिंह ने ट्वीट किया कि इस समय में जब वे जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं, वे बच्चन और उनके परिवार से अपनी टिप्पणी के लिए खेद प्रकट करते हैं।

उन्होंने कहा, 'आज मेरे पिता की पुण्यतिथि है और आज ही मुझे अमिताभ बच्चन जी का संदेश मिला।

जीवन के इस पड़ाव पर जब मैं जीवन और मृत्यु की लड़ाई लड़ रहा हूं तो मुझे अमित जी और परिवार के खिलाफ अपनी टिप्पणी के लिए खेद है। ईश्वर उन सभी को आशीर्वाद दे।'

गौरतलब है कि कुछ साल पहले अमर सिंह की किडनी में समस्या आई थी, जिसका इलाज चल रहा है। अमर सिंह ने ट्वीट के अलावा फेसबुक पर वीडियो भी पोस्ट किया। इसमें उन्होंने सिंगापुर में 10 साल पहले गुर्दे की बीमारी के उपचार के लिए आने एवं अमिताभ बच्चन के साथ होने और इसके बाद बच्चन के साथ छूटने का जिक्र भी किया।

वीडियो में सिंह ने कहा, 'अमितजी मुझसे उम्र में बड़े हैं इसलिए उनके प्रति मुझे नरमी रखनी चाहिए थी और जो कटुवचन मैंने बोला है, उसके लिए खेद भी प्रकट कर देना चाहिए।'

# नक्सल अभियान में घायल सीआरपीएफ कमांडो की मौत

रायपुर, 18 फरवरी (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पिछले सप्ताह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए सीआरपीएफ कमांडो की मंगलवार को रायपुर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

## दिल्ली जल बोर्डः रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार

कार्यालयः कार्यपालक अभियंता (एसडीडब्ल्यू) VI
डब्ल्यू.एस.टी.पी. केशोपुर, नई दिल्ली-110018

प्रैस एन.आई.टी. सं. 23/ईई (एसडीडब्ल्यू) VI/(2019-20)

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि | ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 5 वर्षों की अवधि के प्रचालन तथा व्यापक रखरखाव सहित राज निवास में डीबीओ आधार पर 50 केएलडी एसटीपी का निर्माण तथा अन्य प्रासंगिक/उपयुक्त कार्य। | 15224481/- | 304500/- | 1000/- | 2020-DJB-188163-1 तिथि 17.2.2020 | 3.3.2020 के 3.00 बजे अप. में। |

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाईट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।

पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी
विज्ञापन सं. जे.एस.वी. 2019-20/829

हस्ता./-
कार्यपालक अभियंता (एसडीडब्ल्यू) VI

## Parsvnath Developers Limited

CIN:L45201DL1990PLC040945
Regd. & Corp. Office:Parsvnath Tower, Near Shahdara Metro Station, Shahdara, Delhi - 110032
Phone No:011-43010500, 011-43050100; Fax No:011-43050473
E-mail Address: mail@parsvnath.com; Website: www.parsvnath.com

**NOTICE**

Whereas, M/s Parsvnath developer Ltd, have been granted licence nos 1205-1206 of 2006 dated 06.10.2006 for development of a residential Group Housing Sonipat over an area measuring 28.106 acres at village Shahpur Turk, Sector 9 & 18 Sonipat. Out of the this licenced area, we have already applied for Surrender of part of this licenced area measuring 14.606 acres falling under licence no 1206 of 2006 and in-principle approval for surrender of 1206 of 2006 have been accorded vide DGTCP memo no LC-874-JE(MK)-2020/3951 dated 11.02.2020.

And whereas the office of Director General, Town & Country Planning Haryana, Chandigarh has required seeking of objections against the surrender of this licence as a pre-condition for allowing this approval Accordingly, vide this public notice, objections are hereby invited from the general public.

Any person having any objection on Surrender of this licence, may file his objection in the office of District Town Planner (Planning) Sonipat within 15 Days of the publication of notice, failing which it shall be assumed that there are no objection to the proposed surrender of licence.

Date : February 18, 2020
Place : Delhi

For Parsvnath Developers Ltd
(Shailendra Modi)

## KAMDHENU LIMITED

CIN: L27101RJ1994PLC067034
Regd. Off.: A 1112 & A 1114, RIICO Industrial Area, Phase-III, Bhiwadi, Alwar, Rajasthan-301019
Corp. Off.: 2nd Floor, Tower A, Building No.9, DLF Cyber City, Phase-3, Gurgaon 02
Ph.: +91-124-4604500 (30 Lines) Fax: +91-124-4218524
Email: kamdhenu@kamdhenulimited.com, www.kamdhenulimited.com

KAMDHENU GROUP

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Section 110 of the Companies Act, 2013 read with Rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force), SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and such other applicable laws and regulations, the approval of Members of Kamdhenu Limited (the "Company") is being sought for the following Resolutions by way of Postal Ballot including e-voting:

| S.No. | Description of Resolution |
|---|---|
| 1. | Shifting of registered office of the Company from State of Rajasthan to State of Haryana. |
| 2. | Approval of amendment in "Kamdhenu Employee Stock Option Scheme 2017". |
| 3. | Designate Mr. Satish Kumar Agarwal as Chairman & Managing Director of the Company and continuation of his appointment even after attaining the age of 70 years for a period of 3 consecutive years with effect from 1st April, 2020 upto 31st March, 2023. |

The Company has completed the dispatch of Postal Ballot Notice along with Explanatory Statement and Postal Ballot Form on 15th February, 2020 to all Members of the Company, whose names appeared on the Register of Members as on Friday, 7th February, 2020 i.e. the cut-off date

(a) through electronic mail to the Members whose email IDs are registered with the Company or the Depositories, and

(b) through physical mode, along with a self-addressed pre-paid Business Reply Envelope to the Members whose email IDs are not registered.

Voting rights shall be reckoned on the paid-up value of equity shares registered in the name of Members as on Friday, 7th February, 2020. A person who is not a Member on the cut-off date shall treat this notice for information purposes only.

The Company has engaged the services of Kfintech Private Limited for providing e-voting facility to all its Members. Members are requested to note that the voting, both through Postal Ballot and e-voting, will commence at 09:00 hours (IST) on Tuesday, 18th February, 2020 and will end at 17:00 hours (IST) on Wednesday, 18th March, 2020. The Members can opt for only one mode of voting i.e. physical ballot or e-voting. The detailed procedure for voting has been provided in the Postal Ballot Notice and Postal Ballot Form.

The Board of Directors of the Company has appointed Mr. Praveen Kumar Bharti, Advocate of M/s Rajeev Goel & Associates, Advocates & Solicitors, Delhi as the Scrutinizer to conduct the Postal Ballot/e-voting process in a fair and transparent manner. Members are requested to note that duly completed and signed postal ballot forms should reach the Scrutinizer on or before 17:00 Hours (IST) on Wednesday, 18th March, 2020. Postal ballots received from Members after 17:00 Hours (IST) on Wednesday, 18th March, 2020 will not be considered as valid and voting through postal ballot or e-voting shall not be allowed beyond the said date and time.

Any Member who does not receive the postal ballot form may either send an e-mail to Kamdhenu@kamdhenulimited.com or may apply to the Registrar and Share Transfer Agent of the Company and obtain a duplicate postal ballot form. The Postal Ballot Notice along with Postal Ballot Form can also be downloaded from the Company's website on the link https://www.kamdhenulimited.com/Financial-Results/Postal-Ballot-Notice-and-Form.pdf

The results of the voting by Postal Ballot (along with the Scrutinizer's report) will be announced by the Chairman of the Company on or before Friday 20th March, 2020, at the **Registered Office** of the Company and will also displayed on the website of the Company (www.kamdhenulimited.com), website of RTA (www.evoting.karvy.com) besides being communicated to the Stock Exchanges, Depositories and Registrar & Share Transfer Agent.

In case of any queries or grievances with regard to voting by Postal Ballot or e-voting, Members can contact Mr. Suresh Babu D. Deputy Manager- Corporate Registry email id: suresh.d@kfintech.com.

Place: Gurgaon
Date: 17th February, 2020

For **KAMDHENU LIMITED**
Sd/-
Jogeswar Mohanty
(Company Secretary)
M.No. ACS 23247

KAMDHENU STEEL | KAMDHENU PAS10000 | KAMDHENU Nxt | KAMDHENU PAINTS | Dreamz Colour

## प्रपत्र क
## सार्वजनिक घोषणा

[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

**रजत वायर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**संबंधित विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | रजत वायर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 21/06/1990 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U74899DL1990PTC040591 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 31/6, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली -110005 भारत |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 14 फरवरी, 2020 (18 फरवरी, 2020 को माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की वेबसाइट से आदेश की प्रति डाउनलोड की गई) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 12/08/2020 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | नाम: श्री कांति मोहन रुस्तगी<br>पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00097/2017-18/10240 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है | पता: ई-7, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली 110048<br>ईमेल: kanti.rustagi@patanjaliassociates.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई-मेल | पता: रिसर्जेंट रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल्स एलएलपी, 905 9वीं मंजिल, टॉवर सी, यूनिटेक बिजनेस जोन निर्वाणा सिटी सेक्टर -50 गुडगांव -122018 ईमेल: crp.rajatwires@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 03.03.2020 |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की 6 उप-धारा (क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | लागू नहीं |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और<br>(ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध हैं | वेबलिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads<br>लागू नहीं |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण ने दिनांक **14 फरवरी 2020** को **रजत वायर्स प्राइवेट लिमिटेड** के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है। **(18 फरवरी, 2020 को माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की वेबसाइट से आदेश की प्रति डाउनलोड की गई)**

**रजत वायर्स प्राइवेट लिमिटेड** के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण **03 मार्च 2020** को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के सामने वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

*दावे उनके विशिष्ट निम्नलिखित प्रपत्रों में प्रस्तुत किए जा सकते हैं: **फॉर्म बी**- परिचालन लेनदारों द्वारा दावा के लिए कामगारों और कर्मचारियों को छोड़कर, **फॉर्म सी**- वित्तीय लेनदारों द्वारा दावों के लिए **फॉर्म डी**- दावा करने वाले और कर्मचारियों द्वारा दावों के लिए, **फॉर्म ई**- श्रमिकों और कर्मचारियों के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दावा के लिए, **फार्म एफ**- लेनदारों द्वारा दावों के लिए (वित्तीय लेनदारों और कॉर्पोरेट ऋणदाता के परिचालन लेनदारों के अलावा)

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों प्रस्तुत कर सकते हैं।

किसी श्रेणी के साथ संबंधित वित्तीय लेनदार जैसा कि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनलों में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि का प्रपत्र सीए में (लागू नहीं) निर्दिष्ट करेगा।

**दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।**

हस्ता/-
कांति मोहन रुस्तगी
अंतरिम समाधान प्रोफेशनल
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00097/2017-18/10240

दिनांक: 19 फरवरी 2020
स्थान: नई दिल्ली

## HDFC हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.

WITH YOU, RIGHT THROUGH

उत्तरी क्षेत्र कार्यालय : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-110 067
दूरभाष: 011-41115111, कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L70100MH1977PLC019916, वेबसाइट: www.hdfc.com

**कब्जा सूचना**

चूंकि, **हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारियों ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अधीन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन निम्नलिखित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं कानूनी प्रतिनिधियों को एक मांग सूचना जारी की जिसमें उनके नामों के सम्मुख दर्शाई गई राशि और कथित सूचना में दर्शाये गए विवरण के अनुसार लागू दर पर ब्याज तथा भुगतान की तिथि और/या वसूली तक प्रासंगिक व्यय, लागत एवं प्रभार आदि के साथ राशि को कथित मांग सूचना(ओं) की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया।

| क्र. सं. | कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों का नाम/ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | मांग सूचना की तिथि | कब्जा करने की तिथि | अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री ब्रम्ह दत्त गौतम श्रीमती आशा गौतम एवं श्री अमित गौतम ऋण खाता सं. 610866636 | 30-अप्रैल-2019* के अनुसार रु. 1,45,16,081/- (एक करोड़ पैंतालीस लाख सोलह हजार इक्यासी रुपये मात्र) | 28-मई-2019 | 15-फरवरी-2020 (भौतिक) | फ्लैट नं. 1637, दूसरी और तीसरी मंजिल, पॉकेट-1, सैक्टर बी, डीडीए वसन्त कुंज, वसन्त कुंज, नई दिल्ली। |
| 2. | श्री बिजेन्द्र सिंह ऋण खाता सं. 583449152 | 31-जनवरी-2017* के अनुसार रु. 7,53,219/- (सात लाख तिरपन हजार दो सौ उन्नीस रुपये मात्र) | 01-मार्च-2017 | 14-फरवरी-2020 (प्रतिकात्मक) | प्लॉट नं. 950, सैक्टर - 12, सोनीपत - 131001, हरियाणा और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण। |
| 3. | श्रीमती सीमा एवं श्री बिजु जार्ज ऋण खाता सं. 617279382 | 31-जनवरी-2019* के अनुसार रु. 30,26,296/- (तीस लाख छब्बीस हजार दो सौ छियानवे रुपये मात्र) | 12-अप्रैल-2019 | 14-फरवरी-2020 (प्रतिकात्मक) | फ्लैट नं. यू2-603, 6वीं मंजिल, टॉवर यू2, किंग्सबरी अपार्टमेंट, टीडीआई, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा के साथ निचली भूमि पर अविभाजित आनुपातिक हिस्सा। |
| 4. | श्री विनीत शर्मा ऋण खाता सं. 613978209 | 31-जुलाई-2019* के अनुसार रु. 6,77,712/- (छह लाख सतहत्तर हजार सात सौ बारह रुपये मात्र) | 17-सितम्बर-2019 | 17-फरवरी-2020 (प्रतिकात्मक) | फ्लैट नं. ए-2261, दूसरी मंजिल, ब्लॉक 36/टॉवर 36, दिनेश नगर, एनएच-24, पिलखुवा, तहसील धौलाना, जिला - हापुड़, पबलामोदीनगर रोड, नियर पिलखुवा, उत्तर प्रदेश के साथ निचली भूमि पर अविभाजित आनुपातिक हिस्सा। |
| 5. | श्री जसविन्दर सिंह ऋण खाता सं. 581141768 | 31-जुलाई-2019* के अनुसार रु. 5,50,038/- (पांच लाख पचास हजार अड़तीस रुपये मात्र) | 12-सितम्बर-2019 | 17-फरवरी-2020 (प्रतिकात्मक) | प्लॉट नं. 3/1306, यूपी आवास विकास परिषद, वसुंधरा योजना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण। |
| 6. | श्री दीपक अहलावत एवं श्रीमती सविता ऋण खाता सं. 625922355 | 31-जुलाई-2019* के अनुसार रु. 11,14,706/- (ग्यारह लाख चौदह हजार सात सौ छह रुपये मात्र) | 20-सितम्बर-2019 | 17-फरवरी-2020 (प्रतिकात्मक) | फ्लैट नं. एफ17/8सी, तीसरा तल, ब्लॉक एफ, ईडब्ल्यूएस, जीडीए मधुवन-बापूधाम स्कीम, एनएच-58, मेरठ रोड, ऑपोजिट राज नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के साथ निचली भूमि पर अविभाजित आनुपातिक हिस्सा। |

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक उपार्जित जैसा भी लागू अनुसार आगे ब्याज, प्रासंगिक व्यय, लागतें, प्रभार आदि के साथ।

हालांकि, चूंकि यहां उपरोक्त वर्णित कर्जदार/रों बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, इसलिए विशेषकर उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारी (रियों) एवं विधिक प्रतिनिधि (यों) और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारी/रियों ने उपरोक्त वर्णित तिथियों पर कथित नियमों के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए क्र. सं. 1 में दिए गए अनुसार उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति (यों)/प्रतिभूत परिसम्पत्ति (यों) पर **भौतिक कब्जा** तथा क्र. सं. 2, 3, 4, 5 और 6 में दिए गए अनुसार उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति (यों)/प्रतिभूत परिसम्पत्ति (यों) पर **प्रतिकात्मक कब्जा** अपने पास ले लिया है।

विशेषकर यहां उपरोक्त वर्णित कर्जदार (रों)/कानूनी उत्तराधिकारी (रियों) एवं विधिक प्रतिनिधियों और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति (यों)/प्रतिभूत परिसम्पत्ति (यों) के साथ लेनदेन न करें और कथित अचल सम्पत्ति (यों)/प्रतिभूत परिसम्पत्ति (यों) पर कोई भी लेनदेन हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. के बंधक के अधीन होगा।

अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसरण में, उपरोक्त वर्णित कर्जदार (रों)/कानूनी उत्तराधिकारी (रियों) एवं विधिक प्रतिनिधि (यों) का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आकृष्ट/आमंत्रित किया जाता है/जाते हैं।

लिखित जारी पंचनामा और बनाई गई मालसूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं और कथित कर्जदार (रों)/कानूनी उत्तराधिकारी (रियों) / विधिक प्रतिनिधि (यों) से अनुरोध है/हैं कि वे किसी भी सामान्य कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर लें।

**स्थानः दिल्ली**
**दिनांकः 18.02.2020**

कृते हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.
ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी

पंजीकृत कार्यालयः रेमन हाउस, एच.टी. पारेख मार्ग, 169, बैकबे रीक्लेमेशन, चर्चगेट, मुंबई-400 020

## ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स — ई-नीलामी सूचना

ओ.बी.सी
(भारत सरकार का उपक्रम)
समूह कार्यालय - आर.आर.एल नोएडा, एसएच-12, प्रथम तल, गामा शॉपिंग सैन्टर, सैक्टर-गामा-I,
ग्रेटर नोएडा -201308, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., फोन : 0120-2322667, ई-मेलः rrl_7656@obc.co.in

**परिशिष्ट-IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस,**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 06.03.2020 को बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

| क्र. सं. | शाखा/कर्जदार/गारंटर का नाम | सम्पति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / प्रस्ताव में सुधार हेतु राशि | बकाया राशि | ई-नीलामी की तारीख/समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक्ट कोर्ट फेज-II, नोएडा, यू.पी.<br>श्री अरविन्द कुमार वार्ष्णेय और श्रीमती हेमलता | फ्लैट नं. 131 एस, द्वितीय तल, ब्लॉक-बी, सैक्टर-ओमीक्रॉन-01, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी. क्षेत्रफल 32 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर पूरब में - स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब में - स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम में - स्थित मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम में - स्थित मानचित्र के अनुसार (भौतिक कब्जा) | ₹7.21 लाख<br>₹0.73 लाख<br>₹0.10 लाख | ₹ 10,27,268.00 और दिनांक 01.08.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | 06-03-2020 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 2 | शाखा : आई.ई.एम.एल. ग्रेटर नोएडा<br>श्री दिनेश कुमार | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. 239 एसएफ (द्वितीय तल) ब्लॉक-सी, सैक्टर- ओमिक्रॉन-1, ग्रेटर नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., उप-जिला सदर, गौतमबुद्ध नगर के अंतर्गत पंजीकृत, जिला गौतमबुद्ध नगर, चौहद्दीः उत्तर पूरब में - स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम - स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम - स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब - स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार (भौतिक कब्जा) | ₹7.07 लाख<br>₹0.71 लाख<br>₹0.10 लाख | ₹8,05,620.00 और दिनांक 01.10.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | 06-03-2020 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 3 | बरौला, सैक्टर-49, नोएडा, यू.पी.<br>श्री आनंद कुमार एवं श्रीमती रिंकी | व्यवसायिक सम्पत्ति दुकान नं. एसएफ-211, द्वितीय तल, अंसल प्लाजा, प्लॉट नं. 1-सी, नौलेज पार्क -1, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी., क्षेत्रफल 45.55 वर्ग मी., चौहद्दी : पूरब में - मेन रोड की तरफ खुला, पश्चिम में - बराम्दा, उत्तर में - ऑफिस यूनिट नं. 210, दक्षिण में - ऑफिस यूनिट नं. 212 (भौतिक कब्जा) | ₹14.15 लाख<br>₹1.50 लाख<br>₹0.10 लाख | ₹ 26,35,504.00 और दिनांक 01.01.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | 06-03-2020 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 4 | डिस्ट्रिक्ट कोर्ट फेज-II, नोएडा, यू.पी.<br>श्री बंस बहादुर सिंह पुत्र श्री सुन्दर सिंह | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. 122 जी, भूतल, ब्लॉक-डी, सैक्टर, ओमिक्रान - 01 ग्रेटर नोएडा और जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. में स्थित, सब डिस्ट्रिक सब रजिस्ट्रार सदर गौतम बुद्ध नगर, और जिला गौतम बुद्ध नगर में पंजीकृत, क्षेत्रफल 32.00 वर्ग मी. (भौतिक कब्जा) | ₹7.66 लाख<br>₹0.75 लाख<br>₹0.10 लाख | ₹8,19,928.07 दिनांक 14.02.2017 से होने वाला ब्याज एवं अन्य प्रभार | 06-03-2020 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 5 | एलायन्स, सैक्टर-22 नोएडा, यू.पी.<br>श्री मनोज चौधरी | प्लॉट नं. ए-1/32 पर निर्मित रिहायशी मकान एलआईजी फ्लैट नं. एफ-2, (प्रथम तल पर पीछे की तरफ का बिना छत के अधिकार के), डी एल एफ दिलशाद एक्सटैन्शन-2, भोपुरा, गाजियाबाद, यू.पी., क्षेत्रफल 37.16 वर्ग मीटर, चौहद्दी : पूरब में - प्लॉट नं. ए-1/15, पश्चिम में - 30 फीट रोड, उत्तर में - प्लॉट नं. ए-1/33, दक्षिण में - प्लॉट नं. ए-1/31 (भौतिक कब्जा) | ₹7.30 लाख<br>₹0.73 लाख<br>₹0.10 लाख | 8,10,392.00 और दिनांक 01.09.2013 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | 06-03-2020 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 6 | सैक्टर-पाई, ग्रेटर नोएडा, यू.पी.<br>श्री फईम बाबू | फ्लैट नं. 54, ब्लॉक ई, सैक्टर - ओमीक्रॉन - 01, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., क्षेत्रफल 30 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर पूरब में - स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब में - स्थित मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम में - स्थित मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम में - स्थित मानचित्र के अनुसार (भौतिक कब्जा) | ₹6.84 लाख<br>₹0.70 लाख<br>₹0.10 लाख | ₹ 7,09,748.88 और दिनांक 31.07.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | 06-03-2020 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 7 | एलायन्स, सैक्टर-22 नोएडा, यू.पी.<br>श्री दीपक कुमार और गारंटरः श्री जय प्रकाश | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. डी-888, प्रथम तल, बिना छत के अधिकार के, इंद्रप्रस्थ, गाजियाबाद जिला गाजियाबाद (यू.पी.), चौहद्दी : पूरब में - प्लॉट नं. 825, पश्चिम में - 7.5मी. चौडी रोड, उत्तर में - 9 मी. चौडी रोड, दक्षिण में - प्लॉट नं. 889, (भौतिक कब्जा) | ₹8.14 लाख<br>₹0.85 लाख<br>₹0.10 लाख | ₹ 9,60,782.12 और दिनांक 01.09.2016 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | 06-03-2020 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |
| 8 | डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कम्पाउंड, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, यू.पी.<br>श्री कृष्ण कुमार राय पुत्र श्री फुर्ती लाल राय | रिहायशी फ्लैट नं. 62, तीसरा तल, ब्लॉक सी, सैक्टर ओमीक्रॉन-01ए, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी., क्षेत्रफल-31 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर पूरब में - स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, उत्तर पश्चिम - स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पूरब - स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम - स्थित पट्टे मानचित्र के अनुसार (भौतिक कब्जा) | ₹8.08 लाख<br>₹0.80 लाख<br>₹0.10 लाख | ₹ 10,71,726.08 और दिनांक 01.10.2015 से होने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार | 06-03-2020 10.00 AM to 11.00 AM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर) |

**नियम एवं शर्तें**

1. सम्पत्ति "जैसा है जहां है" तथा "जो है जैसा है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जा रही है तथा इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले बैंक प्रभारों के अतिरिक्त ऋणभारों के संबंध में सावधानीपूर्वक जांच कर लेनी चाहिए तथा सम्पत्ति के स्वामित्व, सीमा, गुणवत्ता और मात्रा के बारे में अपनी संतुष्टि कर लेनी चाहिए। ऑनलाइन बोली प्रस्तुत किए जाने के बाद बिक्री की जा रही सम्पत्ति के संबंध में अथवा किसी अन्य मामले में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने और बोली पूर्व औपचारिकताओं के लिए **https://ibapi.in** पर अपना पंजीकरण करवाना होगा तथा सम्पत्ति संबंधी पूछताछ और सम्पत्ति के निरीक्षण के लिए शरद खन्ना, मुख्य प्रबंधक, आरआर एवं एल क्लस्टर, नोएडा, ई-मेल : rrl_7656@obc.co.in, मोबाइल : 9319688633 से सम्पर्क करें।
3. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली देने से पहले, ऋणभार, नीलामी में रखी गई सम्पत्ति के स्वामित्व तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया राशियों के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सम्पत्ति, बैंक को ज्ञात और अज्ञात समस्त विद्यमान और भावी ऋणभारों सहित बेची जा रही है तथा प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत क्रेडिटर किसी तृतीय पक्ष दावों/अधिकारों/देय राशियों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। सम्पत्ति का निरीक्षण किसी भी कार्यदिवस को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक किया जा सकता है।
4. बंधक अथवा प्रभारित सम्पत्ति के हस्तांतरण की स्थिति में, पट्टाकर्ता (जीनोएडा/नोएडा प्राधिकरण/गाजियाबाद प्राधिकरण अथवा कोई अन्य प्रशासक निकाय) पट्टा किराया और सम्पत्ति के मूल्य में वसूल नहीं की गई वृद्धि का ऐसे प्रतिशत हेतु दावा और वसूली करने का अधिकारी होगा, जैसा संबंधित प्राधिकरण द्वारा समय समय पर निर्णय किया जाए और ऐसी राशि उक्त सम्पत्ति के सफल बोलीदाता/क्रेता द्वारा वहन की जाएगी।
5. बोली देने से पहले आस्ति और विनिर्देश के बारे में निरीक्षण और अपनी संतुष्टि करना इच्छुक बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को नीलाम की जा रही सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने की अनुमति दी जाएगी।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी ईएमडी वेब पोर्टल : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/ao_no_login.jsp (जिसमें यूजर आईडी तथा पासवर्ड अपना नाम https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/ao_no_login.jsp पर पंजीकृत करवा कर निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं) के माध्यम से लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड के जरिये जमा करनी होगी। सुरक्षित मूल्य की 10% ईएमडी केवल (आरटीजीएस नहीं) के जरिये सिस्टम में जनित चालान में वर्णित खाते में देय होगी। कृपया नोट करें कि ईएमडी राशि हेतु चैक/डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. बोलीदाता द्वारा वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराए जाने के बाद, इच्छुक बोलीदाता/क्रेता को पूर्व वेब पोर्टल पर निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां बोली (बोलियां) जमा करने की अंतिम तिथि से पहले अपलोड करनी होंगी नामतः 1) एनईएफटी/आरटीजीएस चालान की प्रति, 2) पैन कार्ड की प्रति, 3) पहचान का प्रमाण (केवाईसी) जैसेकि वोटर आईडी कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट इत्यादि की स्वप्रमाणित प्रति, 4) पते के प्रमाण की प्रति ; जिनके बिना बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।
8. केवल वैध यूजर आईडी/पासवर्ड धारक और एनईएफटी के जरिये ईएमडी भुगतान की पुष्टिधारक क्रेता ही ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु पात्र होंगे।
9. इच्छुक बोलीदाता, जो 06-03-2020 को अप. 5.00 बजे से पहले ईएमडी, जो सुरक्षित मूल्य के 10% से कम नहीं है, ऑनलाइन विधि से जमा कर चुके होंगे, ई-बोलीदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु पात्र होंगे। उपरोक्त सम्पत्तियों की ई-नीलामी प्रत्येक सम्पत्ति के समक्ष वर्णित नियत तिथि और समय पर बोलीदाताओं के मध्य परस्पर बोलीदान की विधि से संचालित की जाएगी। बोलीदाता अपनी बोली प्रत्येक सम्पत्ति के सामने "बोली वृद्धि राशि" कालम के तहत वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकेंगे। ई-नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में कोई बोली प्राप्त होने की स्थिति में अंतिम समय स्वतः 5 मिनट बढ़ जाएगा (असीमित विस्तार)। उच्चतम बोली (सुरक्षित मूल्य से कम नहीं) देने वाले बोलीदाता को ई-नीलामी प्रक्रिया की समाप्ति पर सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा और उस प्रभाव की सूचना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दी जाएगी जो प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत क्रेडिटर के अनुमोदन के अधीन होगी।
10. सफल बोलीदाता की धरोहर राशि जमा (ईएमडी) बिक्री प्राप्ति के अंश रूप में रोक कर रखी जाएगी तथा असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि (पहले अदा की गई ईएमडी सहित), प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के बाद अतिशीघ्र जमा करनी होगी तथा बोली मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री के 15वें दिन अथवा पूर्व अथवा एकमात्र प्राधिकृत अधिकारी के विवेकानुसार और लिखित सहमति के अनुसार विस्तारित तिथि के भीतर जमा करनी होगी। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान में चूक की स्थिति में पहले जमा की गई राशि जब्त मान्य होगी और सम्पत्ति की नीलामी नए सिरे से की जाएगी तथा चूककर्ता कर्जदार का सम्पत्ति/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार मान्य नहीं होगा।
11. प्रत्याशित योग्यताप्राप्त बोलीदाता **https://ibapi.in** पर ऑनलाइन प्रशिक्षण ई-नीलामी की तिथि से पूर्व प्राप्त कर सकते हैं। प्राधिकृत अधिकारी/बैंक किसी इंटरनेट नेटवर्क संबंधी समस्या के लिए जिम्मेदार नहीं होगा तथा इच्छुक बोलीदाताओं को सुनिश्चित करना होगा कि वे ई-नीलामी आयोजन में भाग लेने के लिए तकनीकी रूप से पूरी तरह तैयार हैं।
12. क्रेता को लागू स्टाम्प ड्यूटीज/अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/अंतरण प्रभार इत्यादि और किसी निकाय को देय सांविधिक/गैर-सांविधिक देयताओं, करों, उप-करों, आकलन प्रभारों, शुल्क इत्यादि का भी भुगतान वहन करना होगा।
13. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा प्राधिकृत अधिकारी को कोई भी ऑफर स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी स्थगित/प्रास्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
14. आयकर नियमों के अनुसार, क्रेता को बिक्री प्रतिफल की 1प्रतिशत राशि टीडीएस के रूप में कर अधिकारियों के पास जमा करनी होगी। यह रू. 50 लाख से अधिक मूल्य की सभी सम्पत्तियों के लिए है।
15. इच्छुक बोलीदाताओं को सूचना दी जाती है कि बैंक बोलीदाता द्वारा जमा की गई किसी भी राशि पर कोई लागत, क्षतिपूर्ति, हरजाना इत्यादि अदा नहीं करेगा, यदि कोई न्यायालय/न्यायाधिकरण/फोरम नीलामी कार्यवाही पर स्थगन आदेश जारी करता है अथवा किसी न्यायालय/न्यायाधिकरण/फोरम के किसी स्थगनादेश/किसी अन्य प्रतिबंधात्मक आदेश से खाली कब्जा प्रदान करने में कोई विलम्ब होता है।
16. ई-नीलामी असफल होने की स्थिति में बैंक का सम्पत्ति को प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बेचने का अधिकार सुरक्षित है।
17. बोलीदाताओं को अपनी बोली देने और ई-नीलामी में भाग लेने से पहले **https:ibapi.in** पर ई-नीलामी के विस्तृत निबंधन एवं शर्तें आद्यंत पढ़ लेने की सलाह दी जाती है।
18. बैंक ने इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी ऑनलाइन बोली जमा करने में सहायता के लिए नोएडा स्थित अपने क्लस्टर कार्यालय को सरलीकरण केन्द्र नामित किया है।
19. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा प्राधिकृत अधिकारी को कोई भी ऑफर स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी स्थगित/प्रास्थगित/निरस्त करने और बिना कोई कारण बताए तथा बिना कोई पूर्व सूचना दिए बिक्री /किसी नियम एवं शर्तों को संशोधित करने का पूर्ण अधिकार है।
20. बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया निम्नलिखित लिंक्स देखें : www.obcindia.co.in/content/auctions www.tender.gov.inAnd https://ibapi.in, and www.eprocure.gov.in/epublish

दिनांक 18-02-2020, स्थान : ग्रेटर नोएडा, यू.पी.
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

www.readwhere.com

जनसत्ता



# समाधान की राह

राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में सीएए यानी नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में चल रहे प्रदर्शन के मसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने जो व्यवस्था दी, उससे अब कोई नया रास्ता निकलने की उम्मीद जगी है। हालांकि अदालत ने एक बार फिर यह साफ किया है कि लोकतंत्र में लोगों को विरोध जताने का बुनियादी संवैधानिक अधिकार है। लेकिन इसी के साथ अदालत ने यह कहा कि आंदोलनकारियों के लिए ऐसी कौन-सी वैकल्पिक जगह हो सकती है, जहां यातायात को बाधा पहुंचाए बिना विरोध जारी रखा जा सकता है! जाहिर है, शाहीन बाग में प्रदर्शन की वजह से जैसी स्थिति बनी हुई है, उससे असुविधा की स्थिति तो बनी है। लेकिन असहमति और विरोध जाहिर करने का अधिकार चूंकि लोकतंत्र को ही मजबूती देता है, इसलिए इस समस्या का व्यावहारिक हल निकालने की जरूरत है। शायद यही वजह है कि इस प्रदर्शन की के कारण सड़क बाधित होने पर कोई फैसला सुनाने के बजाय इससे उपजी समस्या का हल ढूंढ़ने के लिए अदालत ने तीन लोगों को मध्यस्थ के रूप में नियुक्त किया है, जो प्रदर्शनकारियों से बातचीत करके कोई रास्ता निकालेंगे।

जाहिर है, देश में लोकतांत्रिक परंपराएं और संवैधानिक ढांचे का ध्यान रखते हुए सुप्रीम कोर्ट इस मामले में कोई व्यावहारिक उपाय निकालने की कोशिश में है, ताकि आम लोगों के विरोध के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा हो और सड़क पर आवाजाही को फिर से शुरू किया जा सके। जिन तीन लोगों को मध्यस्थता करके किसी हल तक पहुंचने का जिम्मा सौंपा गया है, वे अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं और उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों पक्षों की बीच सहमति के बिंदु तैयार करके एक सर्वमान्य और सौहार्दपूर्ण रास्ता निकाला जा सकेगा। हालांकि अदालत ने यही कहा है कि क्या विरोध प्रदर्शन के लिए कोई वैकल्पिक जगह हो सकती है! यह सही है कि सड़क बाधित होने की वजह से यातायात संबंधी एक असुविधा खड़ी हो गई है, लेकिन अच्छा यह है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था बहाल करने से जुड़े तंत्र ने विरोध के लोकतांत्रिक अधिकार को बाधित करने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाने के बजाय संवाद का रास्ता खुलने का इंतजार किया। दरअसल, एक स्वस्थ लोकतंत्र में किसी व्यावहारिक हल तक पहुंचने के यही तकाजे हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में एक कानून के रूप में अस्तित्व में आए सीएए के विरोध के मसले पर हुए आंदोलनों के दौरान शाहीन बाग में भी धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ। इसे दो महीने से ज्यादा हो गए, लेकिन इस बीच प्रदर्शनकारियों और सरकार के बीच संवाद के जरिए हल निकालने के लिए कोई ठोस पहलकदमी नहीं हुई। जब सड़क यातायात बाधित होने को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तब जाकर इससे जुड़ी असुविधाओं और लोगों के अधिकारों पर बातचीत होने लगी। यह सवाल उठा कि किसी के लोकतांत्रिक और संवैधानिक हक के तहत विरोध प्रदर्शन को गलत नहीं कहा जा सकता, मगर क्या लंबे समय तक एक ऐसी सड़क पर आवाजाही को बाधित होने दिया जाना चाहिए, जिससे रोजाना लाखों लोग आते-जाते हों। सच यह है कि इसकी वजह से दिल्ली से नोएडा जाने के लिए अन्य मौजूद वैकल्पिक मार्गों पर दबाव बढ़ा है और उन पर भी जाम की स्थिति बनी। सुप्रीम कोर्ट में इसी वजह से याचिका दाखिल की गई कि शाहीन बाग में बाधित सड़क यातायात को सामान्य करवाया जाए। सही है कि कई बार तात्कालिक असुविधाएं दीर्घकालिक असर वाले सवालों से जुड़ी होती हैं। इसलिए जरूरत इस बात की है कि शाहीन बाग में बाधित यातायात फिर से सामान्य हो, लेकिन लोगों की असहमति और विरोध प्रदर्शन के लोकतांत्रिक हकों का हनन भी नहीं हो।

# चुनौती और रणनीति

किसी भी देश की सुरक्षा उसकी मजबूत सशस्त्र सेना और बेहतर रणनीति पर निर्भर करती है। अगर भारत के संदर्भ में इसे देखें तो देश की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय है। भारत को चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से जैसी चुनौतियां मिलती रही हैं, उन्हें देखते हुए सुरक्षा का मुद्दा महत्त्वपूर्ण हो जाता है। देश तीन तरफ से समंदरों से घिरा है। जाहिर है, जल सीमा भी हजारों किलोमीटर में है। इसलिए देश की सुरक्षा चाक-चौबंद बनाने के लिए सैन्य व्यवस्था के कायापलट की जो कवायदें अब शुरू हुई हैं, उनकी जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति इस दिशा में पहला बड़ा कदम थी। उसके बाद यह साफ हो गया था कि अब तीनों सेनाओं को मजबूत बनाने और इनमें तालमेल स्थापित करने के लिए भी जल्द ही काम शुरू हो जाएंगे। भारत की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए सेना के तीनों अंगों- थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के बीच तालमेल स्थापित करने के लिए अब थिएटर कमान बनाने के विचार को मूर्त रूप देने पर काम शुरू हो गया है।

भारत को अपने दोनों पड़ोसियों- पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध का सामना करना पड़ा है। दो बार पाकिस्तान और एक बार चीन के साथ। पाकिस्तान ने पिछले तीन दशक से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। पाकिस्तानी जमीन से भारत के खिलाफ आतंकी हमले होते रहे हैं। दूसरी ओर, भारत-चीन सीमा हजारों किलोमीटर लंबी है और चीनी सैनिकों द्वारा अक्सर भारतीय सीमा में घुसपैठ की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसलिए अब किसी भी संकट से निपटने के लिए तीनों सेनाएं मिल कर मोर्चा संभालेंगी। इसी योजना के तहत देश के मौजूदा सैन्य ढांचे को पुनर्गठित किया जा रहा है और सेना के तीनों अंगों को मिला कर थिएटर कमान बनाई जा रही हैं। अभी इनकी संख्या दो से पांच के बीच होने की बात है। सबसे महत्त्वपूर्ण कदम कश्मीर को लेकर होगा, जिसके लिए अलग से थिएटर कमान होगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि जम्मू-कश्मीर देश का संवेदनशील इलाका है और इस वक्त घाटी में जिस तरह के हालात हैं और सीमापार से आतंकी गतिविधियों का सिलसिला जारी है, उस स्थिति में वहां सेना की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। थल और वायु सेना को हर तरीके से सशक्त होने की जरूरत है।

थिएटर कमान बनाना सेना की नई रणनीति और तैयारियों को परिलक्षित करता है। इस लिहाज से अगले दो साल महत्त्वपूर्ण हैं। थिएटर कमान 2022 तक तैयार हो जाएंगी। वायु सुरक्षा कमान अगले साल के मध्य तक अस्तित्व में आ जाने के संकेत हैं। इसकी खूबी यह होगी कि इसमें सेना की मिसाइल प्रणाली और नौ सेना की कुछ इकाइयां भी शामिल होंगी। इसके अलावा अगले साल के आखिर तक नौ सेना की मौजूदा दो कमानों को मिला कर एक पेनिनसुला कमान बना दी जाएगी और इसकी कमान नौ सेना कमांडर संभालेंगे। गुजरात के सरक्रीक से लेकर पश्चिम बंगाल के सुंदरबन तक के समुद्री इलाके की रक्षा पेनिनसुला कमान के हवाले होगी। अभी देश में सत्रह कमान हैं और इतनी ज्यादा कमान होने की स्थिति में संकट के वक्त फैसले लेने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। थिएटर कमान के गठन के बाद इन मुश्किलों से पार पाया जा सकेगा। इसके अलावा, सेना के तीनों अंगों को अत्याधुनिक हथियारों की सख्त जरूरत है। हालांकि पिछले दो साल में छोटे हथियारों की खरीद और देश में ही उनके निर्माण को लेकर सरकार सक्रिय हुई है। रफाल जैसे लड़ाकू विमान भारत को मिलने हैं। पर हथियार भी तभी कारगर होते हैं जब रणनीति मजबूत हो। ऐसे में सेना का पुनर्गठन वक्त की मांग है।

## कल्पमेधा

सच्चा प्रेम नाप-तौल नहीं करता,
यह सिर्फ दिया जाता है।
-मदर टेरेसा

# जीसैट-30 और संचार क्रांति

योगेश कुमार गोयल

**जीसैट-30 की मदद से जहां इंटरनेट की गति बढ़ेगी, वहीं देश में जहां अभी तक मोबाइल नेटवर्क नहीं है, वहां उसका विस्तार किया जा सकेगा, और सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि कॉल ड्रॉप जैसी समस्या से निपटने में मदद मिलेगी। दुनियाभर में इस समय 5जी इंटरनेट पर तेज गति से काम चल रहा है। भारत में भी इंटरनेट की नई तकनीक आ रही है। अरबों रुपए खर्च करते हुए ऑप्टीकल फाइबर बिछाए जा रहे हैं। ऐसे में देश को पहले के मुकाबले ज्यादा ताकतवर संचार उपग्रह की आवश्यकता थी।**

पिछले दिनों भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दक्षिण अमेरिका के फ्रेंच गुयाना से यूरोपीय राकेट 'एरियन 5-वीटी 252' के जरिए अपना संचार उपग्रह 'जीसैट-30' कक्षा में स्थापित किया था। एरियन अंतरिक्ष केंद्र से एरियन-5 राकेट का पहली बार इस्तेमाल पिछले साल तब हुआ था, जब इसी रॉकेट के जरिए एक भारतीय उपग्रह को छोड़ा गया था। एरियन 5 के जरिए इसरो के जीसैट-30 के अलावा यूटेलसैट के उपग्रह भी सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। अब सी और केयू बैंड दायरा और क्षमता बढ़ाने के लिए आने वाले दिनों में जीसैट-30 को भूमध्य रेखा से छत्तीस हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित भू-स्थैतिक कक्षा में स्थानांतरित किया जाएगा। कक्षा उठाने के अंतिम चरण में इसके दो सौर एंटीने खुल जाएंगे। इसके बाद इसे अंतिम कक्षा में स्थापित किया जाएगा और यह अपना काम शुरू कर देगा।

भारत के पास हालांकि चार टन वजनी क्षमता का रॉकेट जीएसएलवी-एमके-3 है। फिर भी इसरो ने अपने 3.3 टन वजनी जीसैट-30 को अंतरिक्ष में भेजने के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी 'एरियन स्पेस' की मदद ली है, तो उसकी वजह जानना जरूरी है। विशेषज्ञों का मानना है कि सिर्फ एक उपग्रह प्रक्षेपित करने के लिए जीएसएलवी-एमके-3 तकनीक को अपनाने में लंबा समय लगता है और इसी कारण उन देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों से संपर्क किया जाता है, जो इस तरह की तकनीक के जरिए उपग्रह प्रक्षेपित कर रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी 'एरियन स्पेस' दूसरे देशों के मिशन को अपने अंतरिक्ष केंद्रों से अंजाम देती हैं। एरियन स्पेस यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) की वाणिज्यिक शाखा है, जो भारत की पुरानी साझेदार है। इसी एजेंसी की मदद से अब तक कई भारतीय उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे जा चुके हैं। सबसे पहले वर्ष 1981 में भारत के एक छोटे प्रयोगात्मक उपग्रह 'एप्पल' को छोड़ा गया था। एरियन से प्रक्षेपित किया गया जीसैट-30 भारत का चौबीसवां उपग्रह है। फ्रेंच गुयाना के एरियन स्पेस सेंटर से ही पिछले साल छह फरवरी को भारत का संचार उपग्रह जीसैट-31 प्रक्षेपित किया गया था और उससे पहले देशभर में इंटरनेट की पहुंच बनाने के लिए पांच दिसंबर, 2018 को भी पांच हजार आठ सौ चौवन किलो वजनी उपग्रह जीसैट-11 को पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। इसरो के यूआर राव उपग्रह केंद्र के निदेशक पी. कुन्हीकृष्णन के अनुसार एरियन 5 एक बेहद भरोसेमंद प्रक्षेपक है, जिसके जरिए भारत ने जीसैट-30 को छोड़ा है।



जीसैट-30 का सबसे बड़ा काम भू-स्थिर कक्षा में सी और केयू बैंड क्षमता बढ़ाने का है। यह उपग्रह अगले पंद्रह वर्षों तक काम करेगा और यह इनसैट-4ए की जगह लेगा, जिसे वर्ष 2005 में छोड़ा गया था। इनसैट-4ए की उम्र पूरी हो रही है, इसीलिए उसकी जगह अब जीसैट-30 को दीर्घ वृत्ताकार कक्षा में स्थापित किया गया है। इसरो के अध्यक्ष के. सिवन का कहना है कि जीसैट-30 कई आवृत्तियों पर काम करने में सक्षम है और इससे इंटरनेट का दायरा बढ़ाने में मदद मिलेगी। देश के कई इलाके ऐसे हैं जहां अभी भी इंटरनेट सेवाओं की पहुंच नहीं है, ऐसे में जीसैट-30 इंटरनेट सेवा का दायरा बढ़ाने में वरदान साबित होगा। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि संचार उपग्रह से राज्य संचालित और निजी सेवा प्रदाता कंपनियों के संचार लिंक देने की क्षमता बढ़ सकती है। अभी जीसैट श्रृंखला के चौदह उपग्रह काम कर रहे हैं, जिनकी बदौलत देश में संचार व्यवस्था कायम है और अब प्रक्षेपित किया गया 'जीसैट-30' जीसैट श्रृंखला का बेहद ताकतवर और महत्त्वपूर्ण संचार उपग्रह है, जिसकी मदद से देश की संचार प्रणाली में और बढ़ोतरी होगी। यह डीटीएच, टेलीविजन अपलिंक, टेलीपोर्ट सेवाओं, डिजिटल उपग्रह खबर संग्रहण (डीएसएनजी), ई-गवर्नेंस, शेयर बाजार और वीसैट सेवाओं के लिए एक क्रियाशील संचार उपग्रह साबित होगा।

देश की संचार व्यवस्था को मजबूत बनाने में जीसैट-30 की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि इसकी मदद से मोबाइल नेटवर्क और डीटीएच सेवाओं का भी विस्तार होगा। यह संचार उपग्रह पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन को समझने और भविष्यवाणी करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीसैट-30 की मदद से जहां इंटरनेट की गति बढ़ेगी, वहीं देश में जहां अभी तक मोबाइल नेटवर्क नहीं है, वहां उसका विस्तार किया जा सकेगा, और सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि कॉल ड्रॉप जैसी समस्या से निपटने में मदद मिलेगी। दुनियाभर में इस समय 5 जी इंटरनेट पर तेज गति से काम चल रहा है। भारत में भी इंटरनेट की नई तकनीक आ रही है। अरबों रुपए खर्च करते हुए ऑप्टीकल फाइबर बिछाए जा रहे हैं। ऐसे में देश को पहले के मुकाबले ज्यादा ताकतवर संचार उपग्रह की आवश्यकता थी। जीसैट-30 भारत की इन्हीं सब जरूरतों को पूरा करेगा।

केंद्र सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार 5जी नेटवर्क के साथ पीक नेटवर्क डाटा स्पीड बीस गीगाबाइट प्रति सेकेंड तक हो जाएगी। जीसैट-30 उपग्रह की जरूरत के बारे में इसरो का कहना है कि जिस तरह से देश और दुनिया में संचार व्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, उस तरह हमें भी बड़े सुधारों की जरूरत है। इसरो द्वारा डिजाइन किए और बनाए गए इस दूरसंचार उपग्रह से देश में नई इंटरनेट तकनीक की उम्मीदों को बल मिला है। इस उपग्रह के जरिए देश की संचार प्रणाली, टेलीविजन प्रसारण, समाचार प्रबंधन, भू-आकाशीय सुविधाओं, आपदाओं की पूर्व सूचना और खोजबीन, मौसम संबंधी जानकारी व भविष्यवाणी और बचाव अभियानों में भी बहुत मदद मिलेगी। यह उपग्रह उच्च गुणवत्ता वाली टेलीविजन, दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

इसरो के अनुसार जीसैट-30 के संचार पेलोड को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है और अंतरिक्ष यान में अधिकतम ट्रांसपोंडर लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। जीसैट-30, 12 सी और और 12 केयू बैंड ट्रांसपोंडरों से युक्त है, जो छह हजार वॉट ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा। ऊर्जा प्रदान करने के लिए इसमें दो सौर पैनल और बैटरी लगाई गई हैं। 12 केयू ट्रांसपोंडर से यह उपग्रह भारतीय भूमि और द्वीपों को, जबकि 12 सी ट्रांसपोंडर से खाड़ी देशों सहित कई एशियाई देशों तथा आस्ट्रेलिया में उच्च गुणवत्ता वाली टेलीविजन, डीटीएच, दूरसंचार व इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराएगा। केयू बैंड संकेत से पृथ्वी पर चल रही गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। दरअसल, इसरो ने इस उपग्रह को इस तरह से तैयार किया है जो भू-स्थिर कक्षा के सी और केयू बैंड से संचार सेवाओं में मदद करेगा।

पिछले साल इसरो ने सात उपग्रह छोड़े थे। इस समय इसरो सूर्य पर अध्ययन के लिए आदित्य एल-1 उपग्रह सहित पच्चीस उपग्रहों पर काम कर रहा है, जिनमें दस उपग्रह इसी साल छोड़े जाने की योजना है। इसरो के इन मिशनों में चंद्रयान-3 और गगनयान मिशन भी शामिल हैं। इस साल दिसंबर तक मानवरहित गगनयान मिशन की तैयारी भी चल रही है। आदित्य एल-1 मिशन पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन को समझने और भविष्यवाणी करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह सूर्य से निकलने वाले क्रोमोस्फीयर के अध्ययन के साथ-साथ सौर कोरोना का भी अध्ययन करेगा, जिसमें एक लाख डिग्री से भी अधिक तापमान होता है। इसे पृथ्वी से करीब पंद्रह लाख किलोमीटर की दूरी पर लग्रनिज बिंदु (एल 1) के आसपास कक्षा में प्रवेश कराया जाएगा। इस उपग्रह को इसी साल के मध्य तक छोड़े जाने की संभावना है। इसरो इस मिशन पर काफी तेजी से काम कर रहा है। जीसैट-30 के सफल मिशन के बाद इसरो इस साल आदित्य-एल1 सहित जिन अन्य उपग्रहों को छोड़ने की तैयारी कर रहा है, उनमें एसएसएलवी (स्मॉल उपग्रह लांच व्हीकल) भी शामिल हैं, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में छोटे उपग्रहों, जीएसएलवी, जीसैट-20 उपग्रह, डेटा रिले उपग्रह प्रणाली और एक्सपोसेट को प्रवेश कराएगा।

# सपनों की राह

संगीता कुमारी

**दुनिया मेरे आगे**

आजादी से पहले सरकारी सेवाओं का प्रबंध अंग्रेजी हुकूमत ने अपनी सुविधा के लिए किया था। वे अपने साथ सेवक नहीं लाये थे। उन्हें शासन करना था, जिसके लिए उन्हें एक व्यवस्था बनानी थी। भारत में अंग्रेजी शिक्षा की व्यवस्था करके मैकाले ने दूरदृष्टि का परिचय दिया था। अंग्रेजों के शासनकाल में भारतीय अपनी सेवाएं अंग्रेजों को दिया करते थे। सरकारी नौकर बनना गुलामी को बढ़ावा देना माना जाता था। अधिकतर लोग अपने-अपने पारंपरिक काम-धंधे ही किया करते थे। गांधीजी के आह्वान पर मुंशी प्रेमचंद जैसे अनेक देशभक्तों ने अपनी सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था और आजादी के आंदोलन में पूरी तरह अंग्रेजों के खिलाफ उतर गए थे।

देश आजाद हुआ। गांधीजी ने बच्चों में संपूर्ण विकास के लिए बचपन से स्वावलंबी शिक्षा का पक्ष रखा था। उनका कहना था कि हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि बचपन से ही बच्चों का कौशल विकास हो, ताकि वे बड़े होकर स्व-रोजगार प्राप्त कर सकें। देश का भविष्य बच्चे हैं और वे अपना विकास करते हुए देशहित में आगे बढ़ते जाएं और किसी के आगे हाथ नहीं फैलाएं। मगर ऐसा हो नहीं सका! हमारे यहां स्कूलों की संख्या में जनसंख्या के हिसाब से बढ़त होती गई। मगर रोजगार के हिसाब से शिक्षा रटंत पद्धति पर ही टिकी रही। बच्चों का स्कूल में जो संपूर्ण विकास होना चाहिए था, वहां हमारी शिक्षा असफल रही।

1950 और 1960 के दशक में हमारे देश की सरकार जन कल्याण के तहत कई सरकारी योजनाएं चलाने लगीं। केंद्र और राज्य सरकारें अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सरकारी नौकरियों के लिए लोगों को जागरूक करने लगीं। पहले जो सरकारी नौकरी हम अंग्रेजी हुकूमत के लिए करते थे, वह आजादी के बाद अपने देश और खुद सुख सुविधाओं की प्राप्ति के लिए करने लगे। तब हमारे गांव के अधिकतर पूर्वजों की ऐसी मानसिकता थी कि कौन सरकारी नौकरी करेगा... कौन सरकार का नौकर बनेगा! अपना कारोबार, खेती-बाड़ी संभालनी चाहिए। अपना गांव और परिवार छोड़ कर क्यों परदेश जाया जाए! मगर धीरे-धीरे यह प्रचलन दूर होने लगा। लोग जैसे-जैसे शिक्षित होते गए, अपनी डिग्रियां समेटे शहरों की ओर बढ़ते गए।

1960 और 1970 के दशक में नौकरी करने वालों की संख्या बहुत कम थी। नौकरियों में रिक्त पद की संख्या अधिक होती थी। सरकारी नौकरी में महीने की पगार कम होने के बावजूद लोग नौकरी करने के लिए तत्पर होने लगे, क्योंकि इसमें सुरक्षा का अहसास युवाओं को आकृष्ट करने लगा। इस सेवा का इतना अधिक आकर्षण रहा कि धीरे-धीरे गांव से पढ़े-लिखे युवाओं का पलायन शहर की ओर तेजी से बढ़ता गया। नतीजतन, अस्सी-नब्बे के दशक में आते-आते यह हुआ कि सरकारी सेवाएं कम होने लगीं और सेवा देने वाले अधिक होने लगे। अपना गांव-घर छोड़ कर नौकरी की चाहत रखने वालों की संख्या शहरों में दिनोंदिन बढ़ती चली गई।

शिक्षा का प्रसार इस तरह हुआ कि हर तरफ शिक्षित बेरोजगारों की बाढ़-सी आ गई है। दहेज की कुप्रथा अगर स्त्री जाति को इतना पीड़ित नहीं करती तो शिक्षित महिला शायद गृहिणी बने रहने में भी संतोष करती। नौकरी की भीड़ में महिलाओं की बढ़ती तादाद ने पुरुषों को हिला कर रख दिया है। देश की बढ़ती जनसंख्या से नौकरी में प्रतियोगिता बेतहाशा बढ़ने लगी। सरकारी नौकरी एक अनार, लाख बीमार जैसी होने लगी। शिक्षा का विकास हो गया, मगर कौशल के विकास का सवाल जाने कहां गुम हो गया। वर्षों से चलती व्यवस्था के अनुरूप समाज ढलता गया। अनेक गांवों-कस्बों में शिक्षा नकल का पर्याय बन गईं। डिग्रियां नोटों के बदले मिलने लग गईं! जब डिग्रियां इस तरह मिलने लगेंगी, तो सरकारी नौकरी क्यों न बिके! हालांकि इस कुछ घोटालों का पर्दाफाश भी होता रहा। एकाएक न तो कोई व्यवस्था बनती है, न ही बदल पाती है। फिर शिक्षा और रोजगार तो हमारी मानसिक व्यवस्था है, जिसका विकास देश की व्यवस्था के अनुरूप बनता-बिगड़ता रहता है।

पिछले दो दशकों में देश की भयंकर बढ़ती आबादी के साथ बेरोजगारों की भीड़ गांवों से लेकर शहरों तक बढ़ती ही जा रही है। परिणाम यह हो रहा है कि सरकारी सेवाओं के इच्छुक युवाओं को दही की माफिक अधिक से अधिक बिलोया जा रहा है। महंगी मेहनती पढ़ाई करने के बाद भी टेट, नेट, गेट जैसी प्रतियोगिता में पास होने के लिए कोचिंग में हजारों रुपए खर्च कर साल-दर-साल पढ़ना पड़ता है। सुरक्षित शांत और सुकून का जीवन जीने की चाह में युवा पच्चीस-तीस वर्ष तक किताबों में जिंदगी तलाशते रहते हैं। भ्रष्टाचार से खोखली होती सरकारी व्यवस्थाएं अब हांफने लगी हैं। सरकारी नौकरियां धीरे-धीरे सपने भी चुराने लगी हैं। सवाल है कि इस समूचे ढांचे को बचाने में सरकार की क्या भूमिका होनी चाहिए और वह क्या कर रही है! यह रास्ता आगे बढ़ता रहा तो देश के युवा किन सपनों में गुम होंगे और किन्हें जमीन पर उतार लाने की कोशिश करेंगे!

# सूचना के साथ

भारत में सूचना का अधिकार लाना बहुत जरूरी था क्योंकि यहां लोगों के पास सूचनाएं ही नहीं होती थीं और यदि कुछ के पास होती भी थीं तो वे गलत। आज वैश्वीकरण के युग में जिस देश के पास जितनी ज्यादा सूचनाएं हैं वह उतना ही शक्तिशाली है चाहे किसी देश की रक्षा से संबंधित सूचना हो या वहां के नागरिकों की व्यक्तिगत सूचनाएं हों। कुछ देशों ने तो 'टिक टाक' नामक ऐप को प्रतिबंधित कर रखा है क्योंकि उन्हें लगता है कि यह उनके देश की जानकारियां चीन भेज रहा है।

चीन ने खुद अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह फेसबुक के जरिए चीनियों की निजी जानकारी चुरा रहा है। क्या आप जानते हैं कि हमारी सूचनाओं का व्यापार भी होता है? उदाहरण के लिए, आप किसी कोचिंग संस्थान में प्रवेश लेते समय जो व्यक्तिगत जानकारियां देते हैं उन्हें वे अन्य कोचिंग संस्थानों को बेच देते हैं। इसी तरह, आप जब किसी शापिंग माल जाते हैं तो वहां अक्सर 'आफर' के नाम पर मोबाइल नंबर और ई-मेल जैसी संवेदनशील जानकारियां ले ली जाती हैं और उन्हें अन्य शापिंग माल वालों को बेच दिया जाता है। स्थानीय स्तर के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी यह एक बहुत बड़ा बाजार है और टेलीकॉम कंपनियां इससे करोड़ों-अरबों कमाती हैं। फेसबुक पर भी लोगों की जानकारियां बेचने का आरोप लग चुका है।

इन सबके अलावा देश में कुछ ऐसे लोग/संस्थाएं/पार्टियां/समूह हैं जो समाज में सोशल नेटवर्किंग यूट्यूब, फेसबुक, वाट्सएप और ट्विटर के द्वारा इतिहास को गलत बता कर लोगों को गुमराह करते हैं। इन सब मामलों में यूट्यूब सबसे आगे है जैसे- गांधीजी को भगतसिंह की फांसी का जिम्मेदार बताना, जवाहरलाल नेहरू पर संविधान में अनुच्छेद 370 को लाने या डॉ आंबेडकर पर संविधान में सामान्य और अनुसूचित जातियों के मध्य भेदभाव के प्रावधान करने का आरोप लगाना आदि ऐसे तथ्य मिल जाएंगे जो सिर्फ लोगों के मस्तिष्क में गलत सूचनाएं भर रहे हैं। इन सबके अलावा मीडिया भी बहुत हद तक इसके लिए जिम्मेदार है जो देश व समाज में होने वाली घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर पेश करता और लोगों को भ्रमित करता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण नए नोटों पर इलेक्ट्रॉनिक चिप लगी हुई बताना था। कुछ चैनलों ने तो बाकायदा इस पर विशेष कार्यक्रम भी चलाए थे।

● *संदीप कुमार, ईसीसी, प्रयागराज*

## दागी से दूर

सुप्रीम कोर्ट ने दागी नेताओं को टिकट देने पर तल्ख टिप्पणी करते हुए सभी राजनीतिक दलों की वेबसाइट पर कारण बताने को कहा है। यह फैसला सराहनीय है क्योंकि कई बार फटकार के बाद भी पार्टियां दागी नेताओं को टिकट दे रही हैं। ऐसा लगता है कि चाल-चरित्र की बातें केवल चुनावी भाषणों तक सिमट कर रह गई हैं। जिन नेताओं पर गंभीर धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज होते हैं उनसे महिला सुरक्षा और भय मुक्त वातावरण की उम्मीद कैसे कर सकते हैं! सदनों में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी बनती है कि किसी आपराधिक छवि के उम्मीदवार को टिकट न दें। जनता को भी जागरूक बन कर ऐसे लोगों को चुनावों में वोट नहीं देना चाहिए।

● *महेश कुमार, सिद्धमुख, राजस्थान*

## राज्य का कर्तव्य

हाल ही में आए 'मुकेश कुमार बनाम उत्तराखंड राज्य' के फैसले में सुप्रीम कोर्ट के दो सदस्यों के खंडपीठ ने दो महत्त्वपूर्ण बातें कही हैं। 1- आरक्षण लागू करना या न करना राज्य की मर्जी पर निर्भर करता है, 2- आरक्षण किसी का मौलिक अधिकार नहीं है, इसलिए अदालत सरकार को आरक्षण लागू करने के लिए बाध्य नहीं कर सकती है। गौरतलब है कि सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए वर्गों के प्रतिनिधित्व से संबंधित अनुच्छेद 15(4), (5) और 16(4), (4अ) संविधान के 'मूल अधिकार' भाग के अंतर्गत आते हैं, जिसे लागू करना राज्य का कर्तव्य बनता है।

सर्वोच्च अदालत ने 'एनएम थॉमस बनाम केरल राज्य' के मामले में यह मत जाहिर किया था कि अनुच्छेद 16-1 (राज्य के अधीन नियुक्तियों में अवसर की समानता) को 16(4) के साथ पढ़ा जाना चाहिए । वहीं 'नालसा बनाम भारत संघ' के वाद में उच्चतम न्यायालय ने ट्रांसजेंडर समुदाय को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा मानते हुए आरक्षण देने की बात कही थी।

यदि आरक्षण लागू करना या न करना राज्य की मर्जी पर निर्भर करता है, तो फिर पूर्व में न्यायालय ने उन याचिकाओं को स्वीकार करते हुए फैसला कैसे सुना दिया था जोकि सरकारों द्वारा किए गए विभिन वर्गों के लिए आरक्षण के प्रावधान के विरुद्ध दायर की गई थीं। इस लिहाज से सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्णय, पूर्व के निर्णयों के साथ ही संविधान की मूलभावना का भी विरोधाभासी है।

● *आदित्य राव, कानपुर, उत्तर प्रदेश*

## विरोध की जगह

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अपने अधिकारों के लिए लड़ना या विरोध करना वाजिब है, लेकिन अपने द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन या विरोध से किसी भी आम या खास जन को परेशान होती है तो वह प्रदर्शन या धरना ठीक नहीं है। जनता को प्रदर्शन या विरोध करने से पहले यह तय करना होगा कि उनसे किसी को परेशानी तो नहीं हो रही है। यही जायज तरीका है। देखने में आता है कि जब सत्ताधारियों के समर्थक इस प्रकार के प्रदर्शन करते हैं तो सरकार नरम रुख अपनाती है। इसके विपरीत विरोधियों पर अपना कड़ा रुख अपनाती है।

यह प्रजातंत्र में न्याय के सिद्धांत को प्रभावित करने वाला होता है। इस प्रकार के दोहरे व्यवहार से मनमानी का बढ़ना लाजमी है। चाहे अपने हों या पराए, आम हो या खास, अगर वह विरोध करने का गलत तरीका अपना रहा है तो उसके साथ भी वही कड़ाई होना चाहिए जो न्यायोचित है। शाहीन बाग में प्रदर्शन करने वालों को ऐसी जगह बैठ कर विरोध करना चाहिए जहां किसी को कोई परेशानी न हो। यही अदालत की मूल भावना है, जिसे समझना होगा।

● *हेमा हरि उपाध्याय अक्षत, उज्जैन*

**चौपाल**

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

www.readwhere.com

## हरिद्वार कुंभ मेले में होंगे 10 स्नान पर्व

हरिद्वार में लगने वाला 2021 का कुंभ मेला 1 जनवरी 2021 से शुरू होगा और 30 अप्रैल 2021 तक 4 महीने तक चलेगा। इसमें 4 शाही स्नान पर्वों और शेष 6 स्नान पर्वों सहित कुल 10 स्नान पर्व होंगे। कुंभ मेले का मुख्य स्नान पर्व 14 अप्रैल को मेष सक्रांति के दिन होगा। इस स्नान पर्व को अमृत गंगा स्नान पर्व भी कहा जाता है। इसका पौराणिक महत्व है। इस दिन गंगा का जल अमृतमय हो जाता है। हर की पैड़ी हरिद्वार की प्रबंध कारिणी संस्था श्री गंगा सभा के अध्यक्ष पंडित प्रदीप झा और महामंत्री पंडित तन्मय वशिष्ठ द्वारा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद पदाधिकारियों तथा कुंभ मेला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर स्नान पर्वों की सूची तैयार की गई।

उत्तराखंड

# कुंभ मेले क्षेत्र का दायरा फैलेगा, बढ़ेंगे तीर्थयात्री

**सुनील दत्त पांडेय**
देहरादून।

हरिद्वार में 2021 में लगने वाले कुंभ मेले में इस बार 15 करोड़ तीर्थ यात्रियों के आने की संभावना है जबकि 2010 के कुंभ में 9 करोड़ तीर्थयात्री 4 महीने की अवधि तक चले मेले में आए थे। वहीं, इस बार पिछले कुंभ मेले की तुलना में मेला क्षेत्र का अधिक विस्तार किया जा रहा है।

इस बार कुंभ मेले में और अधिक बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए पिछले कुंभ मेले के मेला क्षेत्र 630 हेक्टेयर की तुलना में 2021 में 1454 हेक्टेयर का प्रयोग किया जाएगा। पिछले कुंभ में 210 हेक्टेयर की तुलना में कुंभ 2021 में लगभग 550 हेक्टेयर में 150 से 200 पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे।

सभी संन्यासियों की सुविधाओं के लिए गौरी शंकर क्षेत्र स्थान घाट का निर्माण किया जा रहा है। इस बार कुंभ मेले के मेला क्षेत्र 1454 हेक्टेयर में मेला होगा। इसमें 583 हेक्टेयर में पार्किंग, 874 हेक्टेयर में एरिया केंपिंग के लिए योजना बनेगी। पिछले कुंभ की तुलना में 9 सेक्टर अधिक बनाए जाएंगे।

कुंभ मेला क्षेत्र को 41 सेक्टरों में बांटा जाएगा। इस बार जो नए सेक्टर बनाए गए हैं, उनमें शिवालिक नगर, जगजीतपुर, गौरीशंकर द्वितीय, कांगडी पार्क, श्यामपुर, ऋषिकेश, तपोवन में पार्किंग सेक्टर बनाए जाएंगे। इसके अलावा देवपुरा एहतमाल, सप्तसरोवर को केंपिंग के लिए चुना गया।

कुंभ मेले में दिव्यांगों के लिये इको फ्रेंडली लो फ्लोर बस और दिव्यांग घाट बनाया जाएगा। महिलाओं के लिए पिंक सेवा ई-रिक्शा, ऑटो चलेंगे। इसको स्वयं महिलाएं संचालित करेंगी।

इस बार राज्य सरकार कुंभ मेले को लेकर अधिक गंभीर दिखाई दे रही है। कुंभ मेला अधिकारी और कुंभ मेला महा निरीक्षक की नियुक्ति पिछले अन्य कुंभ के मुकाबले काफी पहले कर दी गई। मुख्यमंत्री स्तर पर अब तक छह बैठकें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों के साथ हो चुकी है।

मुख्य सचिव ,पुलिस आयुक्त, कुंभ मेला अधिकारी तथा मेला पुलिस महानिरीक्षक के स्तर पर भी 12 बैठकें हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि और अन्य साधुओं के साथ खुद एक बार कुंभ कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि का कहना है कि वे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कराए जा रहे कुंभ कार्यों से पूरी तरह संतुष्ट हैं और इस बार राज्य सरकार ने समय रहते अन्य कुंभ मेलों के मुकाबले कुंभ मेले से जुड़े अधिकारियों नियुक्ति समय पर कर ली। इससे कुंभ कार्यों में गति आई है।

*मुख्यमंत्री* त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कुंभ मेला कार्यों में किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस साल 30 नवंबर तक सभी निर्माण कार्यों को निश्चित ही पूरा करा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले का मैक्रो और माइक्रो लेबल पर प्लान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए।

*कुंभ* मेला अधिकारी दीपक रावत ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र का विस्तार किया गया है और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई तेजी के साथ की जा रही है। साधु-संतों को इस बार शिविर लगाने के लिए अधिक से अधिक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। गौरी शंकर दीप से आगे गंगा तट पर कुंभ मेले का विस्तार दक्षिण दिशा की ओर किया जा रहा है। जहां साधु-संत अपनी छावनी बनाएंगे।

*कुंभ* मेला पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल ने कहा कि ट्रैफिक को निर्बाध रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक मेला योजना के तहत हर 10-15 किलोमीटर पर जेसीबी इत्यादि वाहन का सेटअप रखा जाएगा। गंगा घाटों पर दुर्घटनाओं से बचाव के लिये सेफ्टी ऑडिट कराई जाएगी। ऋषिकेश,मोतीचूर,बैरागी कैम्प ,धीरवाली, दक्ष द्वीप, ऋषिकुल में अस्थायी बस अड्डे बनाने का प्रस्ताव रखा गया। पिछले कुंभ में 210 हेक्टेयर की तुलना में कुंभ 2021 में लगभग 550 हेक्टेयर में 150 से 200 पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे।

*सभी* संन्यासियों की सुविधाओं के लिए गौरी शंकर क्षेत्र स्थान घाट का निर्माण किया जा रहा है। इस बार कुंभ मेले के मेला क्षेत्र 1454 हेक्टेयर में मेला होगा। इसमें 583 हेक्टेयर में पार्किंग, 874 हेक्टेयर में एरिया केंपिंग के लिए योजना बनेगी। पिछले कुंभ की तुलना में 9 सेक्टर अधिक बनाए जाएंगे।

### हरिद्वार कुंभ एक वर्ष पहले लगेगा

ज्योतिष गणना के हिसाब से इस बार हरिद्वार कुंभ मेला 12 वर्ष की बजाय एक वर्ष पूर्व यानी 11 वर्ष में होगा। ज्योतिष विद् डॉक्टर पंडित प्रतीक मिश्र पुरी का कहना है कि ज्योतिष गणना के हिसाब से गुरु बृहस्पति ग्रह को एक राशि को पार करने में लगभग एक वर्ष का समय लगता है। बारहवें वर्ष में गुरु बृहस्पति ग्रह पुनः उस राशि में प्रवेश करते हैं। जिस राशि में वे 12 वर्ष में आए थे। जब बृहस्पति ग्रह कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं, तब तीर्थ नगरी हरिद्वार में कुंभ भरता है। ज्योतिष शास्त्र के सूक्ष्म गणित के अनुसार गुरु बृहस्पति ग्रह को 12 ग्रहों की परिक्रमा करने में 11 वर्ष 11 माह 27 दिन का समय लगता है। इसके अनुसार 58 दिन का अंतर पड़ जाता है। सातवें कुंभ के अंतराल में आठवां कुंभ एक वर्ष पहले पड़ता है। इस तरह हरिद्वार में 2021 के कुंभ से पहले 1938 में एक साल पहले यानी 11वें वर्ष में कुंभ पड़ा था। ज्योतिष शास्त्र में की गई गणना के अनुसार पिछले एक हजार साल में केवल हरिद्वार में ही कुल 85 कुंभ पड़े हैं। एक हजार वर्ष में हरिद्वार में पड़ने वाले 85 कुंभ मेलों में से अब तक 10 कुंभ 11 साल में पड़े हैं और 2021 में हरिद्वार में 11 वर्ष में पड़ने वाला कुंभ मेला 11वां है।

# कोरोना के कारण पर्यटन व्यापार को तगड़ी चपत

**गजेंद्र सिंह**
नई दिल्ली।

चीन के वुहान से कई देशों तक फैले कोरोना वायरस की चपेट में पर्यटन व्यापार काफी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। घूमने के महीनों में दिसंबर से फरवरी माह के बीच में अभी तक 40 फीसद से ज्यादा का नुकसान होने का अंदाजा है। यह असर छह से आठ माह तक रहने के आसार हैं।

बताया जा रहा है कि कोरोना वायरस से जितना नुकसान अभी तक पर्यटन व्यापार को हुआ है उससे पहले कभी नहीं हुआ। निपाह, इबोला और सार्स जैसे वायरसों के प्रकोप को भी कोरोना ने पीछे धकेल दिया है। सबसे ज्यादा दुनिया के पूर्वी हिस्सों के देशों में यात्रा की रद्द की गई हैं। और यह सिलसिला अब भी चल रहा है। दिल्ली में फ्लिपट्रिप हॉलीडे के अक्षय अनेजा बताते हैं कि सिंगापुर जाने के लिए कई ट्रिप रद्द की गई हैं। इसके अलावा चीन की मार्च तक की कई समूहों की बुकिंग रद्द हो गई है। बाली जाने वालों का भी यही हाल है। अक्षय बताते हैं कि आठ से दस माह तक ऐसे ही रहने का अनुमान है। जबकि चीन में बुकिंग का यह सबसे मुफीद समय है। इस समय चीन के साथ इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, ताइवान में भी लूनर न्यू ईयर का जश्न मनाने की तैयारी थी जो कि काफी धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन सबसे ज्यादा यात्राएं भी यहीं की रद्द हुई हैं।

देश

कनॉट प्लेस में स्वान टूर के निदेशक गौरव चावला बताते हैं कि इस बार काफी नुकसान अभी तक हुआ है और आगे भी होने की आशंका है। लोग अंतरराष्ट्रीय टूर खासतौर पर लोग जाने से कतरा रहे हैं। विदेश जाने की योजनाएं सबसे ज्यादा रद्द की गई हैं। चावला कहते हैं कि किसी भी तरह की हलचल दुनिया में मचती है तो सबसे पहले पर्यटन का व्यापार प्रभावित होता है। लेकिन वह जल्द से जल्द पटरी पर लौट भी आता है। इंडिया एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष प्रणय सरकार कहते हैं कि कोरोना वायरस का प्रकोप एशिया में दिखा है इसलिए इसका प्रभाव ज्यादा है। वे बताते हैं कि केरल में कोरोना वायरस के मरीज मिलने के बाद सरकार की ओर से एक सूचना जारी की गई थी जिसके बाद तो वहां जाने वाले बाहरी और आंतरिक पर्यटकों में हलचल मच गई। उसे एसोसिएशन की ओर से गंभीरता से लिया गया और केरल सरकार से बात की गई।

प्रणय बताते हैं कि इस समय रोज कम से कम तीन से चार यात्राएं रद्द हो रहीं हैं जो अधिकतर बाहर जाने की है। इनमें सबसे अधिक बुजुर्ग यात्री शामिल हैं। सरकार की ओर से चीन से आने वाले लोगों पर पाबंदी लगाई गई है और वीजा रद्द किए गए हैं जिससे खतरा कम हो गया है। प्रणय बताते हैं कि बाहर जाने वाली यात्रा पर तो कोरोना वायरस से 50 फीसद फर्क पड़ा है। यह मार्च में खत्म होने के आसार हैं। वहीं, इस मामले पर आउटबोर्ड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्रवण का कहना है कि भारत आने वाली यात्राओं पर तो कम से कम 15 से 20 फीसद का असर पड़ा है और यह कुछ सालों में इससे पहले कभी नहीं देखा गया। पूर्वी देशों की यात्रा रद्द होने का सिलसिला अभी जारी है और अभी तक यह 40 फीसद रद्द हो चुका है। पश्चिम के देशों में अभी गनीमत है।

श्रवण बताते हैं कि जब बाहर जाने की यात्रा रद्द होने लगी तो घरेलू उड़ाने महंगी हो गई हैं। इसका असर दिख रहा है। पिछले दिनों में गोवा का हवाई टिकट 12 से 20 हजार रुपए पर पहुंच गया। अभी भी यह 15 से 17 हजार के बीच है। अभी बुकिंग का समय है और पर्यटन कंपनियां इंतजार रही हैं कि हालात सुधरे। बाली, चीन, थाइलैंड जाने वाले लोगों डर रहे हैं।

# मछली उत्पादन बढ़ाने को खास एंबुलेंस का सहारा

**शंकर जालान**
कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में मुख्य भोजन मछली-भात (चावल) है। धान के उत्पादन में बंगाल की स्थिति अन्य राज्यों से कहीं बेहतर है। अब मछली उत्पादन में भी राज्य सरकार पहले पायदान पर जाने के लिए कोशिश कर रही है। राज्य में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में सूबे की सरकार एक अनोखी पहल की है, जिसके तहत मछलियों के लिए एक खास तरह की एंबुलेंस चलाई जाएगी। इस एंबुलेंस में चिकित्सकों की देखरेख में मछलियों का समुचित इलाज किया जा सकेगा। फिलहाल प्रयोग के तौर पर दक्षिण चौबीस परगना जिले से सुंदरवन में एक ऐसी एंबुलेंस चलाई जा रही है, जिसमें मछलियों के इलाज की पूरी व्यवस्था है।

कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने राज्य सरकार की उक्त अनूठी पहल की तारीफ करते हुए 'जनसत्ता' से कहा कि इस तरह की विशेष एंबुलेंस से मछली पालन करने वाले किसानों को काफी लाभ मिलेगा। वहीं, जानकारों की राय है कि मछली पालन के दौरान मछुआरों को समय-समय पर भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इसके कारणों का खुलासा करते हुए इन लोगों ने बताया कि कई बार जलाशय का पानी दूषित होने से मछलियों की मौत हो जाती है या फिर कई अलग-अलग प्रकार के रोगों के कारण मछलियों की शारीरिक दशा खराब हो जाती है। खास एंबुलेंस के जरिए न केवल बीमार मछलियों को निरोग किया जाएगा, बल्कि उन्हें मरने से भी बचाया जा सकेगा।

बंगाल

मछलियों की एंबुलेंस के आने से मछुआरों में भी खुशी की लहर है। सुंदरवन के मछली पालक विष्णु माझी का कहना है कि मछुआरे काफी खुश हैं। उन लोगों ने कभी ऐसा सोचा भी नहीं था कि उनकी मछलियों के इलाज के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी।

शस्य श्यामला कृषि विज्ञान केंद्र के अधीन चलने वाली इस खास एंबुलेंस के चिकित्सक स्वागत घोष ने बताया कि एंबुलेंस के भीतर एक वाटर टैंक है, जिसमें मछलियों को रखा जाता है। इसके अलावा एंबुलेंस के अंदर की मछलियों की सामान्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। इतना ही नहीं अत्याधिक अस्वस्थ मछली को जीवत अवस्था में प्रशिक्षण केंद्र तक पहुंचाने की सारी व्यवस्था इस खास एंबुलेंस में है।

एंबुलेंस की खासियत का जिक्र करते हुए घोष ने कहा कि इसके अंदर पानी की जांच के लिए अलग-अलग कंप्यूटराइज्ड प्रक्रिया भी मौजूद हैं। आने वाले दिनों में इस तरह की एंबुलेंस की संख्या बढ़ाई जाएगी। फिश एंबुलेंस सुंदरवन के मछुआरों के लिए वरदान तो साबित होगी ही साथ ही मछली उत्पादन का ग्राफ भी बढ़ेगा।

वहीं, यूनियन रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के निदेशक उदय कुमार लाहिड़ी ने बताया कि उन्होंने इस तरह की एंबुलेंस पहली बार देखी है जो काफी अलग है और इससे मछुआरों को काफी फायदा होगा। खास तरह की यह एंबुलेंस मछलियों के इलाज में निःसंदेह कारगर साबित होगी।

एंबुलेंस

एंबुलेंस में चिकित्सा सुविधा

# कैंसर पीड़ित बच्चों को मिले पढ़ाई-जीविका का सहारा

**प्रतिभा शुक्ल**
नई दिल्ली।

बच्चों में होने वाले कैंसर का अब पूरी तरह से इलाज संभव है। बशर्ते इसका समय पर इलाज शुरू हो और नियमित रूप से मरीज डाक्टरों के संपर्क में रहे। इसमें इलाज के खर्च के अलावा मरीज के परिजनों की अस्पताल तक पहुंच व आवाजाही में होने वाले खर्चे सहित बच्चे के पोषण व हाइजिन पर होने वाला भारी भरकम खर्च है आज बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही नियमित निगरानी व कैंसर के बचे मरीजों के आगे के जीवन को बेहतर बनाने के लिए भी नीतिगत फैसले की दरकार है। एम्स के बाल रोग विभाग की ओर से सरकार से यह पैरवी करने की तैयारी भी है कि इन बच्चों को पढ़ाई व जीविका में विकलांग बच्चों की तरह वरीयता देने का प्रावधान किया जाए।

एम्स के बाल रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ एके देवरारी ने बताया कि कैंसर के कुल मरीजों में से पांच फीसद मरीज बच्चे होते हैं। उन्होने बताया कि बच्चों में होने वाले कैंसर में से 50 फीसद कैंसर अस्थिमज्जा से जुड़ा यानी खून या लिंफनोड में होने वाला कैंसर होता है। वहीं 50 फीसद कैंसर ट्यूमर के रूप में होता है। उन्होने बताया कि जहां बड़ों में होने वाले कैंसर में बचाव के उपाय करने से कमी लाई जा सकती है वहीं बच्चों के कैंसर को होने से रोकना अभी तक नामुमकिन है। बच्चे के विकास के साथ ही इसके लक्षण उभरने लगते हैं। उन्होने बताया कि आज 30 साल पहले तक खून में होने वाले कैंसर से बच्चे की मौत निश्चित थी, वहीं आज 30 फीसद बच्चे पूरी तरह से बचाए जा सकते हैं। 10 साल में यहऔर बेहतर नतीजे देगा।

डॉ देवरारी ने कहा कि बच्चों में होने वाले कैंसर के सफल इलाज जहां सुकून देता है वहीं इलाज के साइड इफेक्ट के तौर पर पैंक्रियाज की खराबी से मधुमेह या हार्मोन संबंधी गड़बड़ी ,बच्चों के जननांगो के विकास पर असर या स्टेराइड का बच्चों की हड्डी के विकास पर असर आने का खतरा रहता है। इसके अलावा एन्थ्रासाइकलिंस नामक दवाओं से हृदय संबंधी दिक्कते आ सकती हैं। रेडियोथेरेपी का भी गुर्दे सहित तमाम अंगों पर असर बना रह सकता है। डॉ देवरारी ने कहा कि आयुष्मान भारत व राष्ट्रीय आरोग्य निधि से इलाज के लिए तो मदद मिल भी जाती है लेकिन बाकी खर्चे परिजनों को उठाने पड़ते है जो काफी महंगा पड़ता है। वे विभाग की ओर से सरकार के पास प्रस्ताव भेजने वाले हैं कि ऐसे बच्चों के इलाज के दौरान मुफ्त रहने, पोषण, बड़े होने पर पढ़ाई व नौकरी में दिव्यांगों की तरह वरीयता देने का नीतिगत प्रावधान करें ताकि बीमारी से बचे बच्चे जीविका के संघर्ष में हार न जाएं।

देश

बाल कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ रचना सेठ ने कहा कि इन मरीजों में होने वाले कैंसर का पहले 30 फीसद मामलों में पूरी तरह इलाज हो पाता था। लेकिन अब इसकी सफलता दर में इजाफा हुआ है। नई तकनीक व इलाज में और बेहतरी आने के बाद उम्मीद है कि हम ऐसे 60 फीसद मरीजों को बचा सकेंगे।

बाल कैंसर रोग दिवस के मौके पर हुए एक कार्यक्रम में कैंसर का सफल इलाज करा चुके बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इन बच्चों में शामिल रितु (10)ने बताया कि उनका एक तरह के लिम्फोमा का 2017 में इलाज पूरा हुआ। अब वह पूरी तरह ठीक हैं लेकिन इलाज के कारण अभी तक ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाई हैं। कैंसर से जीत चुकी चारू (12) ने बताया कि वह पुलिस सेवा में जाना चाहती है। जबकि कैंसर को मात दे चुकी अंजलि शिक्षक बनने का सपना पाले हैं। वहीं 12 साल के अमन सफल इलाज के बाद समाज सेवा को अपना लक्ष्य बनाए हैं।

कैन किड्स की सुमन आनंद ने बताया कि नियमित तौर पर बड़े शहर के बड़े अस्पताल में पहुंचने व रुकने पर भारी भरकम खर्च आता है। इलाज पर आने वाला खर्च तो सरकार की ओर से मिल जाता है लेकिन रुकने वे खानपान का आने जाने का कोई इंतजाम नहीं होने से मरीज बीच में निगरानी छोड़ देते है।

# शिक्षकों के एक लाख पद खाली

**राजीव जैन**
जयपुर।

राजस्थान के शिक्षा महकमे में शिक्षकों के पद खाली रहने से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और स्कूली शिक्षा की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं पर अध्यापकों की कमी के कारण छात्रों का निर्धारित कोर्स भी पूरा नहीं हो पाया है।

शिक्षा विभाग में शिक्षकों के एक लाख पद खाली हैं। सरकार ने शिक्षकों की जो भर्ती निकाली है उनमें सिर्फ 34 हजार अध्यापकों की भर्तियां होंगी। इसके कारण अगले शिक्षा सत्र में फिर से स्कूलों में अध्यापकों का टोटा रहेगा।

राज्य के शिक्षा विभाग में तीन साल से लगातार भर्तियां निकाल कर शिक्षक और कमर्चारियों के पद भरे जा रहे हैं। इसके बावजूद हर वर्ष शिक्षकों की कमी का सामना सरकारी स्कूलों को करना पड़ रहा है।

राजस्थान

शिक्षकों की कई भर्तियां तो कानूनी दावपेंच में फंसी हुई हैं। इस वर्ष सरकार ने 34 हजार पदों पर अध्यापकों की भर्ती की घोषणा कर दी है। इनमें से तृतीय श्रेणी के शिक्षकों के 31 हजार और स्कूली व्याख्याताओं के तीन हजार पदों पर भर्ती होगी। शिक्षा विभाग में खाली पदों के मुकाबले भती के पद बेहद कम है। इसका सीधा नुकसान विद्यार्थियों को होगा। उनकी पढाई फिर अगले वर्ष पूरी नहीं हो पाएगी और हर स्कूल में शिक्षकों की कमी रहेगी।

मौजूदा समय में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा में 5 लाख 10 हजार 285 पद हैं। इनमें से 4 लाख 14 हजार 177 पद ही भरे हुए हैं। इसके हिसाब से 96 हजार 108 पद रिक्त चल रहे है। इन खाली पदों में से 68 हजार 370 माध्यमिक शिक्षा और 27 हजार 738 पद प्रारंभिक शिक्षा में रिक्त है। शिक्षा विभाग का कहना है कि प्रदेश में हर वर्ष नये विद्यालय खोलने के साथ ही मिडिल और सेकंडरी स्तर के स्कूल लगातार क्रमोन्नत होते हैं। इसके कारण भी शिक्षकों के पदों पर हमेशा कमी बनी रहती है। प्रदेश में तीन वर्षों में शिक्षकों की भर्तियां निरंतर की जा रही है।

**वर्ष 2016 में तृतीय श्रेणी के 15 हजार शिक्षकों की तो वर्ष 2018 में 54 हजार पदों पर भर्ती की गई थीं। इसी तरह से वर्ष 2015 में 13 हजार 98 व्याख्याताओं के पदों पर भर्ती की गई थी। वर्ष 2018 में पांच हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी जो अभी चल रही है।**

वर्ष 2016 में तृतीय श्रेणी के 15 हजार शिक्षकों की तो वर्ष 2018 में 54 हजार पदों पर भर्ती की गई थीं। इसी तरह से वर्ष 2015 में 13 हजार 98 व्याख्याताओं के पदों पर भर्ती की गई थी। वर्ष 2018 में पांच हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी जो अभी चल रही है। वरिष्ठ अध्यापक के लिए वर्ष 2016 में 6 हजार और वर्ष 2018 में 9500 पदों पर भर्ती की गई। शिक्षा विभाग का कहना है कि दो साल में 68 हजार 544 भर्तियां की गई थीं पर उनमें से आठ हजार 428 अभ्यर्थियों ने काम पर ही नहीं आए।

राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव का कहना है कि सरकार को हर वर्ष रिक्तियों के हिसाब से भर्तियां निकालनी चाहिए। इससे शिक्षकों के पद खाली रहने की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही सरकार को रीट की प्रक्रिया भी जल्द से जल्द शुरू करनी चाहिए। इससे तृतीय श्रेणी शिक्षक भती की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकेगी। रीट के आयोजन के बिना तृतीय श्रेणी शिक्षकों की भती ही शुरू नहीं हो सकती है। इसके अलावा अन्य पदों की भती की प्रक्रिया भी जल्द शुरू करवाई जानी चाहिए।

दूसरी तरफ शिक्षा राज्य मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि सरकार बेरोजगार शिक्षकों को रोजगार देने के प्रति गंभीर है। इसलिए तृतीय श्रेणी के 31 हजार और व्याख्याताओं के तीन हजार पदों पर भर्ती की घोषणा कर दी गई है। सरकार पिछली भर्तियों में आई परेशानियों को दूर करने में लगी हुई है। इसके साथ ही रीट का आयोजन 2 अगस्त को होगा। इसके पैटर्न को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसके बाद शिक्षकों की कमी को काफी हद तक दूर कर लिया जाएगा।

www.readwhere.com

# कान्हा से सकुशल सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंचे 13 बारहसिंगे

भोपाल, 18 फरवरी (भाषा)।

कान्हा टाइगर रिजर्व से रवाना हुआ 13 बारहसिंगों का झुण्ड सकुशल सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंच चुका है। मध्यप्रदेश वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया, 'कान्हा से 13 बारहसिंगे रविवार रात सकुशल सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंच गए।' उन्होंने कहा कि वन्य प्राणी विशेषज्ञों और चिकित्सकों की देख-रेख में विशेष रूप से निर्मित वाहन में पहुंचे इस झुण्ड को पहले से तैयार बाड़े में रखा गया है। बाड़े में पहले से 23 बारहसिंगा थे। नए बारहसिंगों के पहुंचने से बाड़े में इनकी संख्या अब 36 हो गई है।

विलुप्तप्राय श्रेणी में शामिल राज्य पशु बारहसिंगा मात्र कान्हा टाइगर रिजर्व में ही बचे हैं। प्रदेश के अन्य भागों में भी इनकी संख्या बढ़ाने के लिए पिछले कुछ साल में इन्हें भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में सफलतापूर्वक शिफ्ट किया गया है। दोनों जगह इनकी संख्या बढ़ने लगी है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पूर्व में 33 बारहसिंगा शिफ्ट किए जा चुके हैं, जिनकी संख्या अब बढ़कर 56 हो चुकी है। संख्या बढ़ने के बाद 20 से 25 बारहसिंगों को वन में छोड़ दिया जाता है।

# राजद्रोह मामले में गिरफ्तार शरजील पर लोगों को उकसाने का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

दिल्ली की एक अदालत ने शरजील इमाम को मंगलवार को तीन मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के मामले में मंगलवार को अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। जिसमें शरजील इमाम पर लोगों को उकसाने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने इमाम को तीन मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इमाम को पिछले महीने राजद्रोह के मामले गिरफ्तार किया गया था। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गुरमोहिना कौर की अदालत में दिल्ली पुलिस ने आरोपपत्र दायर किया, जिसमें इमाम पर हिंसा के लिए लोगों को उकसाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपपत्र के साथ सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्ड्स और 100 से अधिक गवाहों के बयान बतौर प्रमाण संलग्न किए गए हैं। अदालत ने सोमवार को इमाम को एक दिन की दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेजा था क्योंकि हिंसा मामले में एक अन्य आरोपी फुरकान ने अपने बयान में आरोप लगाया कि उसे इमाम के भाषणों ने उकसाया था। जिसके बाद मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट गुरमोहिना कौर ने यह आदेश दिया था।

पुलिस ने इससे पूर्व अदालत को बताया था कि फुरकान को एक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया था, जिसमें उसे कथित तौर पर पेट्रोल से भरा एक कंटेनर ले जाते हुए देखा गया है। मामले में 16 दिसंबर को चार लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। फुरकान को बाद में गिरफ्तार किया गया था।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अलीगढ़ में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में इमाम को 28 जनवरी को बिहार के जहानाबाद से गिरफ्तार किया गया था। इमाम के खिलाफ 26 जनवरी को राजद्रोह और अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया गया था। बीते साल 15 दिसंबर को संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ एक प्रदर्शन के दौरान जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पास न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में पुलिस के साथ हुए संघर्ष में प्रदर्शनकारियों ने चार सार्वजनिक बसों और दो पुलिस वाहनों को जला दिया था। इस घटना में छात्रों पुलिसऔर दमकल के जवानोंसमेत लगभग 60 लोग घायल हो गए थे। पुलिसकर्मी यह कहते हुए जामिया परिसर में प्रवेश कर गए थे कि दंगाई वहां छिपे हैं।

# लोकसभा अध्यक्ष पहुंचे हुनर हाट, अल्पसंख्यक मंत्रालय को सराहा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से इंडिया गेट पर आयोजित हुनर हाट का मंगलवार को दौरा किया। देश के कोने-कोने से आए कारीगरों, शिल्पकारों और दस्तकारों के उत्पादों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रालय के इस प्रयास से बहुत सारे लोगों को बाजार उपलब्ध हुआ है। उनके साथ अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी भी मौजूद थे।

बिरला ने संवाददाताओं से कहा, 'यह हुनर हाट उन छोटे-छोटे कारीगरों को बाजार मुहैया कराता है जो गांवों से आते हैं और अपने हाथों से बेहतरीन उत्पाद तैयार करते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए हुनर के विशेषज्ञों को बाजार उपलब्ध कराने की आवश्यकता थी और यह काम अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने किया है।' उन्होंने कहा कि यह पहल बहुत सराहनीय है। मैं मंत्रालय और विभाग के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को इस प्रयास के लिए बधाई देता हूं।

कौशल को काम थीम पर आधारित यह हुनर हाट 13 फरवरी से 23 फरवरी 2020 तक आयोजित किया गया है जहां देश भर के हुनर के उस्ताद दस्तकार, शिल्पकार, खानसामे भाग ले रहे हैं। इनमे 50 प्रतिशत से अधिक महिला दस्तकार शामिल हैं।

नकवी ने कहा कि पिछले लगभग तीन वर्षों में हुनर हाट के माध्यम से लगभग तीन लाख दस्तकारों, शिल्पकारों, खानसामों को रोजगार के मौके उपलब्ध कराए गए हैं। इनमे बड़ी संख्या में देश भर की महिला दस्तकार भी शामिल हैं। इससे पहले दिल्ली, मुंबई, प्रयागराज, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद, पुडुचेरी, इंदौर आदि स्थानों पर हुनर हाट आयोजित किए जा चुके हैं। अगले हुनर हाट का आयोजन रांची में 29 फरवरी से 8 मार्च, 2020 तक और फिर चंडीगढ़ में 13 मार्च से 22 मार्च, 2020 तक किया जाएगा।

# विकास दर को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्र की राजग सरकार पर आंकड़ों को छिपाने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि इस सरकार ने देश के आम लोगों के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है। आर्थिक विकास दर मामले में अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजंसी मूडीज द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान घटाए जाने को लेकर भी कांग्रेस ने राजग सरकार को घेरा।

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि आज सच सबके सामने है। भाजपा की पसंदीदा रेटिंग एजंसी मूडीज के मुताबिक 2020 के लिए भारत का विकास अनुमान 5.4 फीसद रहने की उम्मीद है। भाजपा सरकार आंकड़े छिपाकर लोगों के सामने युद्ध की स्थिति क्यों उत्पन्न करना चाहती है? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने महिलाओं, युवाओं, छात्रों, किसानों, व्यापारियों और आम आदमी के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है।

## फार्म नं. आईएनसी–26

(कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)
केन्द्रीय सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष तथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामले
और
**फरीदाबाद डायग्नोस्टिक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड**
(CIN: U85195DL1997PTC086377)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : दुकान नं. 204, एस/एफ, गुप्ता आर्केड, मयूर विहार, फेस-I, समाचार अपार्टमेंट के पास, दिल्ली –110091 में है, के मामले में
....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" में बदलने हेतु 05 फरवरी 2020 को पारित किया गया।

यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज करें अथवा एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित / विरोध के आधार दी...हों, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय दुकान नं. 204, एस/एफ, गुप्ता आर्केड, मयूर विहार, फेस-I, समाचार अपार्टमेंट के पास, दिल्ली -110091 पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दें।

कृते फरीदाबाद डायग्नोस्टिक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड
भुवनेश चंद्र गुप्ता
(निदेशक)
डीआईएन: 00175746
दिनांक: 19 फरवरी 2020
स्थान: दिल्ली

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केन्द्रित"

पंचशील पार्क शाखा, पंचशील क्लब कंम्पस, नई दिल्ली-110017
फोन: 011-26498368; फैक्स: 011-26494669;
ई-मेल: cmdela0296@centralbank.co.in

**कब्जा सूचना**
(अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, सिक्युरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अनुच्छेद 13 (12), सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंसियल एसेट्स एंड सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 का प्रवर्तन के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 02.12.2019 को डिमांड सूचना जारी की थी, जिसके माध्यम से कर्जदार **श्री सुरेश कुमार, सुषमा राठौर एवं अतुल राठौर** को सूचना में दी गई **रु. 2717800.00 (रुपये सत्ताइस लाख सत्रह हजार आठ सौ केवल)** की राशि को उपार्जित ब्याज के साथ इस सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के अन्दर चुकाने के लिए कहा गया था।

कर्जदार के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सिक्युरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की अनुच्छेद 13 के उपखंड 4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे दी गई सम्पत्ति का कब्जा दिनांक **13 फरवरी, 2020** को ले लिया है।

कर्जदार को विशेष तौर पर तथा आम जनता को समान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इस सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु. 2717800.00 (रुपये सत्ताइस लाख सत्रह हजार आठ सौ केवल)** की राशि तथा दिनांक 02.12.2019 के बाद के उपार्जित ब्याज के साथ सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को भुगतान के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उपखंड (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

सम्पत्ति सं. 329/भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल, वार्ड सं.-04, महरौली, नई दिल्ली-110030 को मिलाकर सम्पत्ति के सभी भाग एवं खंड।

सीमाबद्ध:-

| | |
|---|---|
| उत्तर दिशा में: | मकान सं. 329/IV (नया) |
| दक्षिण दिशा में: | खाली प्लॉट |
| पूर्व दिशा में: | गली |
| पश्चिम दिशा में: | मकान सं. 329/IV (नया) |

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.02.2020
प्राधिकृत अधिकारी

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केन्द्रित"

पंचशील पार्क शाखा, पंचशील क्लब कंम्पस, नई दिल्ली-110017
फोन: 011-26498368; फैक्स: 011-26494669;
ई-मेल: cmdela0296@centralbank.co.in

**कब्जा सूचना**
(अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, सिक्युरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अनुच्छेद 13 (12), सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंसियल एसेट्स एंड सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 का प्रवर्तन के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 01.11.2019 को डिमांड सूचना जारी की थी, जिसके माध्यम से कर्जदार **श्री जेमन जार्ज एवं श्रीमती मंजुमल जेमन** को सूचना में दी गई **रु. 1646662 (रुपये सोलह लाख छियालिस हजार छः सौ बासठ केवल)** की राशि को उपार्जित ब्याज के साथ इस सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के अन्दर चुकाने के लिए कहा गया था।

कर्जदार के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सिक्युरिटी इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की अनुच्छेद 13 के उपखंड 4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे दी गई सम्पत्ति का कब्जा दिनांक **13 फरवरी, 2020** को ले लिया है।

कर्जदार को विशेष तौर पर तथा आम जनता को समान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इस सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु. 1646662 (रुपये सोलह लाख छियालिस हजार छः सौ बासठ केवल)** की राशि तथा दिनांक 01.11.2019 के बाद के उपार्जित ब्याज के साथ सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को भुगतान के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उपखंड (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

फ्लैट सं. 14, द्वितीय तल, न्यूलाइन अपार्टमेंट, वार्ड सं.-01, महरौली, नई दिल्ली-110030 के सभी भाग एवं खंड।

सीमाबद्ध:-

| | |
|---|---|
| उत्तर दिशा में: | अन्य सम्पत्ति |
| दक्षिण दिशा में: | अन्य सम्पत्ति |
| पूर्व दिशा में: | अन्य सम्पत्ति |
| पश्चिम दिशा में: | सड़क |

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.02.2020
प्राधिकृत अधिकारी

## KVB Karur Vysya Bank — Smart way to bank

द करूर वैश्य बैंक लि.
शेक्सपीयर सरानी शाखा
भूतल, एस.बी. टॉवर्स, 37, शेक्सपीयर सरानी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700017

**कब्जा सूचना**
(अचल सम्पत्ति हेतु)
**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8(1)] के तहत निर्गत**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूति हित (द्वितीय) अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54) की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदारों 1. मैसर्स चम्पा इम्पेक्स प्रा.लि. (कर्जदार), (सीआईएन -U15135WB2007PTC116848), 1ए मदन मोहन बर्मन स्ट्रीट, कोलकाता-700007, पश्चिम बंगाल, 2. श्री लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल (जमानती), 10 मेफेयर रोड, बैलीगुंजे, कोलकाता-700019, पश्चिम बंगाल, 3. श्री उमाशंकर अग्रवाल (जमानती), 10 मेफेयर रोड, बैलीगुंजे, कोलकाता-700019, पश्चिम बंगाल, 4. श्रीमती अलका देवी अग्रवाल, (पत्नी श्री उमाशंकर अग्रवाल) (जमानती), 10 मेफेयर रोड, बैलीगुंजे, कोलकाता-700019, पश्चिम बंगाल, 5. श्रीमती नेहा अग्रवाल (पत्नी श्री लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल) (जमानती), 10 मेफेयर रोड, बैलीगुंजे, कोलकाता-700019, पश्चिम बंगाल, 6. मैसर्स महाबीर प्रसाद उमाशंकर (एचयूएफ) (जमानती) 10 मेफेयर रोड, बैलीगुंजे, कोलकाता-700019, पश्चिम बंगाल तथा साथ ही 1ए, मदन मोहन बर्मन स्ट्रीट, कोलकाता-700007, पश्चिम बंगाल से कथित सूचना की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि रु. 9,87,81,756.81 (रुपये नौ करोड़ सत्तासी लाख इक्यासी हजार सात सौ छप्पन एवं इक्यासी पैसे मात्र) का पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए दिनांक 21.08.2019 को एक माँग सूचना निर्गत की थी।

कर्जदार/जमानतियों के पुनर्भुगतान में असफल होने के कारण एतद्वारा कर्जदार/जमानतियों को तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्ति पर 15 फरवरी, 2020 को कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार/जमानतियों तथा जनसामान्य को एतद्वारा इस सम्पत्ति से कोई संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार रु. 9,87,81,756.81 (रुपये नौ करोड़ सत्तासी लाख इक्यासी हजार सात सौ छप्पन एवं इक्यासी पैसे मात्र) तथा इस पर ब्याज, लागत एवं व्ययों के लिए द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के अभियोग का प्रभार होगा।

प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के सम्बन्ध में उपलब्ध समय-सीमा के लिए कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

श्री लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल के नाम पर दिल्ली नगर निगम की सीमाओं में ग्राम यूसुफ सराय जट, मेहरौली रोड, नई दिल्ली में प्लॉट सं. 28, ब्लॉक सं. 'पी' ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016 पर स्थित 311 वर्ग गज माप की आवासीय भूमि तथा भवन का सम्पूर्ण भाग जिसकी सीमा निम्नलिखित है :

उत्तर : सड़क, पूर्व : प्लॉट सं. पी-29 पर मकान
दक्षिण : सर्विस लेन, पश्चिम : प्लॉट सं. पी-27 पर मकान

उपर्युक्त सम्पत्ति मैसर्स पन्नालाल महावीर प्रसाद को स्वीकृत साख सुविधाओं के लिए भी प्रभारित हैं और सरफाएशी अधिनियम प्रारम्भ किया गया है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 15.02.2020
अधिकृत प्राधिकारी
द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

## कार्यालय: रिकवरी अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली 4था तल, जीवनतारा भवन, पार्लियामेंट स्ट्रीट, पटेल चौक, नई दिल्ली-110001

**बिक्री उद्घोषणा**

आर.सी. नं. 122/1919 तिथि: 10.01.2020

**बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाए ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52 (2) के अंतर्गत बिक्री उद्घोषणा**
**यूबीआई बनाम वीणा सिंघल एवं अन्य**

**सीडी 1. वीणा सिंघल, एच.नं. ई-20/48, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085**
**साथ ही: प्लॉट नं. बी-1676, एफ.एफ., खसरा नं. 497/168/2, ग्राम सधोरा कलॉन, शास्त्री नगर, नई दिल्ली-52**
**सीडी 2. रणित सिंघल, एच.नं. ई-20/48, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085**
**साथ ही: प्लॉट नं. बी-1676, एफ.एफ., खसरा नं. 497/168/2, ग्राम सधोरा कलॉन, शास्त्री नगर, नई दिल्ली-52**

जैसा कि आप पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, दिल्ली द्वारा जारी ओ.ए. नं. 99/2017/डीआरटी-III, दिल्ली तिथि 4.2.2017 में रिकवरी प्रमाणपत्र के अनुसार आपके द्वारा देय रु. 13,86,187.36 (रुपये तेरह लाख छियासी हजार एक सौ सतासी तथा पैसे छत्तीस मात्र) तथा रिकवरी प्रमाणपत्र के अनुसार देय ब्याज तथा लागतों का भुगतान करने में विफल रहे हैं।

तथा जैसा कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रमाण पत्र की संतुष्टि के लिए नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

तथा जैसा कि ओए दाखिल करने की तिथि अर्थात 4.2.2017 से अनुषांगिक खर्चे लागत तथा 12% साधारण ब्याज के साथ रु. 13,86,187.36 (रुपये तेरह लाख छियासी हजार एक सौ सतासी तथा पैसे छत्तीस मात्र) की राशि पृथक तथा संयुक्त रूप से सीडीज पर बकाया है।

**दिनांक : 18.02.2020** **स्थान: बाजपुर, आगरा, राम नगर, विकास नगर, मेरठ, शाहजहांपुर, रूद्रपुर, बुलन्दशहर, बरेली, पचपेड़ा, बाजपुर, काशीपुर, सहारनपुर,** **प्राधिकृत अधिकारी, कोर्पोरेशन बैंक**

www.readwhere.com

# बजट प्रबंधन कानून दोबारा लिखने की जरूरत : आहलूवालिया

भोपाल,18 फरवरी (भाषा)।

योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एमएस आहलूवालिया ने राज्यों की बढ़ती वित्त जरूरतों और वित्तीय सीमाओं के मद्देनजर मंगलवार को वित्तीय जिम्मेदारी और बजट प्रबंधन कानून को नये संदर्भों में दोबारा लिखने की जरूरत बताई है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक रूप से महत्त्वपूर्ण आर्थिक अधोसंरचना परियोजनाओं में बजट की कमी को दूर करने के लिए निजी-सार्वजनिक भागीदारी का कानून बनाने पर भी विचार करना चाहिए। वह यहां मिंटो हाल में 'परियोजनाओं के लिये वैकल्पिक वित्त व्यवस्था' विषय पर राज्य के वित्त विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा- ऐसी स्थिति में निजी क्षेत्र की ओर देखना पड़ता है। निजी क्षेत्र किसी भी प्रकार का खतरा उठाने से बचता है जबकि सरकार हानि-लाभ से परे जन-कल्याण के उद्देश्य के लिए समर्पित होती है। दोनों क्षेत्रों की अपनी सीमाएं हैं। इसलिए दोनों क्षेत्रों के परस्पर सहयोग से काम करने के लिए एक उचित कानून की जरूरत नजर आती है। इस स्थिति से निपटने में वित्तीय जिम्मेदारी और बजट प्रबंधन कानून पूरी तरह से मददगार साबित नहीं हो पा रहा है। आहलूवालिया ने कहा कि परियोजनाएं बनाना, उनके लिए बजट प्रावधान करना और समय रहते उन्हें उपलब्ध संसाधनों में पूरा करना पूरे विश्व में एक मान्य प्रक्रिया है। यह भी तथ्य है कि सरकारों के वित्तीय संसाधन सीमित हैं लेकिन परियोजनाएं महत्त्वाकांक्षी हैं। उन्होंने कहा कि सरकारों के पास सिर्फ आर्थिक अधोसंरचना परियोजनाओं के अलावा भी सामाजिक जिम्मेदारियों के कई काम और प्राथमिकताएँ होती हैं। दोनों काम एक साथ पूरा होने में कई चुनौतियाँ सामने आती हैं।

# राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर खरी उतरेगी सरकार : शक्तिकांत

नई दिल्ली,18 फरवरी (भाषा)।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि सरकार अगले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा कम कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.5 फीसद पर लाने में कामयाब होगी और इसको लेकर कोई संदेह नहीं है। दास ने बातचीत में कहा कि सरकार घाटे को लेकर राजकोषीय जवाबदेही और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) समिति द्वारा तय सीमा के भीतर है।

मोदी सरकार लगातार तीसरे साल राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। चालू वित्त वर्ष में इसके बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 3.8 फीसद रहने का अनुमान है जबकि पूर्व में इसके 3.3 फीसद रहने की संभावना जताई गई थी। अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 3.5 फीसद रहने का अनुमान है। राजकोषीय घाटा सरकार के आय और व्यय के अंतर को बताता है। इसका मतलब है कि सरकार के पास जो साधन है, वह उससे अधिक खर्च कर रही है।

दास ने कहा, ... सरकार एफआरबीएम समिति की सिफारिशों के दायरे में है... इसीलिए राजकोषीय घाटा लक्ष्य से केवल 0.5 फीसद ही अधिक हुआ। सरकार इस पर कायम है और अगले साल राजकोषीय घाटे का बड़ा हिस्सा लघु बचत से आएगा। एन के सिंह की अध्यक्षता वाली एफआरबीएम समिति ने 2020-21 तक राजकोषीय घाटे को कम कर 2.8 फीसद और 2022-23 तक 2.5 फीसद पर लाने की सिफारिश की है। समिति ने छूट उपबंध का भी सुझाव दिया था। इसके तहत राष्ट्रीय सुरक्षा, युद्ध की स्थिति, राष्ट्रीय आपदा और कृषि के गंभीर रूप से प्रभावित होने के कारण उत्पादन तथा आय पर असर पड़ने की स्थिति में इस प्रावधान का उपयोग किया जा सकता है। इसके तहत राजकोषीय घाटा लक्ष्य से 0.5 फीसद तक अधिक रह सकता है। दास ने कहा कि अगले साल का राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल किया जाएगा और इसमें संदेह का कोई कारण नहीं है।

सवाल के जवाब में आरबीआइ गवर्नर ने कहा कि 2020-21 के बजट में कुछ बांड को बिना किसी सीमा के प्रवासी भारतीयों के निवेश के लिये खोला जाएगा। उन्होंने कहा- इसके अलावा कंपनी बांड की सीमा नौ फीसद से बढ़ाकर 15 फीसद की गई ...इसलिए विदेशों से धन भारत आने जा रहा है। भारतीय कंपनियां विदेशी बाजारों (ईसीबी) के जरिए विदेशी स्रोत से काफी धन जुटा रही हैं। कर्ज प्रबंधक के रूप में आरबीआइ सुनिश्चित करेगा कि जो उधारी कार्यक्रम है, उसमें कोई बाधा पैदा नहीं हो।

# सूचकांक 161 अंक टूटा

मुंबई,18 फरवरी (भाषा)।

शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बंबई शेयर बाजार का सूचकांक मंगलवार को 161.31 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। समायोजित सकल आय (एजीआर) बकाया मुद्दे का असर दूरसंचार और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों पर पड़ा है।

तीस शेयरों वाले सूचकांक में गिरावट का दौर रहा और एक समय यह 444 अंक तक नीचे चला गया था। पर बाद में इसमें कुछ सुधार हुआ और अंत में 161.31 अंक यानी 0.39 फीसद की गिरावट के साथ 40,894.38 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज के निफ्टी में कारोबार के दौरान बड़ी गिरावट दर्ज की गई लेकिन अंतिम समय के कारोबार में इसमें कुछ सुधार हुआ और अंत में यह 53.30 अंक यानी 0.44 फीसद की गिरावट के साथ 11,992.50 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक के शेयरों में भारती एअरटेल को सर्वाधिक तीन फीसद का नुकसान हुआ। उसके बाद क्रमसे इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी, हीरो मोटो कार्प और टाटा स्टील का स्थान रहा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वोडाफोन आइडिया से बकाये की वसूली के लिए दूरसंचार विभाग को किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई करने से रोकने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। वोडाफोन आइडिया का शेयर कारोबार के दौरान 16 फीसद टूटा। अंत में बीएसई में यह 10.29 फीसद की गिरावट के साथ 3.05 रुपए पर बंद हुआ। एजीआर बकाया मुद्दे और कंपनी के अन्य मसले को लेकर रेटिंग घटाए जाने से शेयर में बिकवाली हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब एक फीसद नीचे आया। कंपनी के अपना मीडिया और वितरण कारोबार को नेटवर्क 18 के तहत लाने की घोषणा से उसका शेयर नीचे आया।

समूह की तीन इकाइयाँ- हैथवे केबल एंड डाटाकॉम, डेन नेटवर्क और टीवी 18 ब्रॉडकास्ट का टीवी 18 ब्रॉडकास्ट में विलय किया जाएगा। इससे तीनों कंपनियों शेयरों में क्रमसे 20 फीसद, 9.98 फीसद और 14.7 फीसद की तेजी आई। दूसरी तरफ एसबीआइ, इंफोसिस, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टीसीएस सर्वाधिक लाभ में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा- कोरोना वायरस के कारण बाजार धारणा लगातार प्रभावित है। प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी ने इसके कारण बिक्री पर असर पड़ने की चेतावनी दी है। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से घरेलू बाजार पर असर पड़ने की संभावना है....। साथ ही दूरसंचार कंपनियों को सांविधिक बकाया के रूप में सरकार को बड़ी राशि देनी है। इससे बैंक शेयरों में उतार-चढ़ाव आने की आशंका है जिससे बाजार पर असर पड़ेगा।

## जलाशय क्षेत्र में 2.80 लाख मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता

नई दिल्ली,18 फरवरी (भाषा)।

देश में 18,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले जलाशयों में सौर परियोजनाएं लगाकर 2,80,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन किया जा सकता है। एनर्जी ट्रांसमिशन कमीशन (ईटीसी) के तहत द एनर्जी एंड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट (टेरी) की तरफ से जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। यह रिपोर्ट 'फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टेक (एफएसपीवी): ए थर्ड पिलर टू सोलर पीवी सेक्टर' शीर्षक से जारी की गई।

टेरी की इस नई रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जलाशय 18,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हैं। इसमें 'फ्लोटिंग' सौर संयंत्रों के जरिए 2,80,000 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता है। ईटीसी इंडिया शोध मंच है। यह ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन कमीशन की इकाई है। हाल में आयोजित विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2020 के दौरान यह रिपोर्ट जारी की गयी। इसमें देश में मझोले एवं बड़े आकार के जलाशयों के 30 फीसद जल क्षेत्र के आधार पर 'फ्लोटिंग' सौर क्षमता का आकलन किया गया है। इसमें राज्यवार 'फ्लोटिंग' सौर क्षमता का ब्योरा दिया गया है।


**केडीडीएल लिमिटेड** ethos
(सीआईएन : L33302HP1981PLC008123)
पंजीकृत कार्यालय : प्लाट संख्या-3, सेक्टर-III, परवाणू जिला सोलन (हि.प्र.) 173220
फोन +91 172 2548223 / 24, फैक्स : +91 172 2548302
वेबसाईट: www.kddl.com ईमेल आईडी : investor.complaints@kddl.com

**शेयरधारकों को सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के साथ पठित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और धनवापसी) नियम, 2016 के नियम 6 के अनुसरण में, कंपनी के जिन इक्विटी शेयरों पर लाभांश सात साल या उससे अधिक के लिए कोई दावा प्रस्तुत नहीं हुआ है या भुगतान नहीं हुआ है, ऐसे शेयरों को कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण के डीमैट खाता में स्थानांतरित किया जाना है।

इन नियमों के अनुसार कंपनी ने संबंधित शेयरधारकों को, जिनके शेयर शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण के डीमैट खाता में स्थानांतरित होने हैं, उनके पंजीकृत पते पर व्यक्तिगत तौर पर इसकी सूचना प्रेषित कर उन्हें सलाह दी है कि वे अपने लाभांश के दावों को शीघ्र निपटाए।

कंपनी ने संबंधित शेयरधारकों का विवरण अपनी वेबसाइट www.kddl.com पर अपलोड किया है जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरण किए जाने हैं। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित होने वाले उत्तरदायी शेयर के विवरण की पुष्टि करें। अगर कंपनी को 20 मार्च 2020 तक नवीनतम, संबंधित शेयरधारकों से कोई वैध दावे नहीं मिले, तो कंपनी आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में शेयरों को स्थानांतरित करने के लिए आगे बढ़ेगी। शेयर धारक कृपया ध्यान दें कि बिना दावे का लाभांश और शेयर जिन्हें आईईपीएफ में स्थानांतरित करने के बाद जिनमें ऐसे शेयरों पर अर्जित कोई भी लाभ शामिल है, यदि कोई हो, यदि कोई इन्हें पुनः प्राप्त करना चाहे तो आईईपीएफ प्राधिकरण के नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर के उन्हें प्राप्त किया जा सकता है। संबंधित शेयरधारक जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं और जिनके शेयर आईईपीएफ डीमैट अकाउंट में स्थानांतरित होने हैं, ध्यान दें कि कंपनी शेयरों के हस्तांतरण के उद्देश्य से उनके द्वारा प्राप्त मूल के बदले डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी कर देगी। नियमों के अनुसार आईईपीएफ डीमैट अकाउंट में और इस तरह के मुद्दे पर, मूल शेयर प्रमाण पत्र जो उनके नाम पर पंजीकृत हैं, स्वचालित रूप से रद्द कर दिए जाएंगे और गैर-परक्राम्य समझा जाएगा। संबंधित शेयरधारकों के डीमैट खाते में रखे गए शेयरों को आईईपीएफ डीमैट अकाउंट में स्थानांतरित किया जाएगा।

शेयरधारक को आगे सूचित किया जाता है कि कंपनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए विवरणों को माना जाना चाहिए और नियमों के अनुसार उन्हें शेयरों के हस्तांतरण के उद्देश्य से डीमैट शेयरों के हस्तांतरण और डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में पर्याप्त नोटिस माना जाएगा। आईईपीएफ खाते में हस्तांतरित बिना दावा किए गए लाभांश राशि और इक्विटी शेयरों के संबंध में कंपनी के खिलाफ कोई दावा नहीं होगा।

अधिक जानकारी हेतु संबंधित शेयरधारक कम्पनी के पंजीयक एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31 एवं 32, वित्तीय जिले नानकरामगुडा, सीरिलिंगम्पली मंडल, हैदराबाद - 500032 को लिख सकते हैं।

स्थान : चण्डीगढ़
दिनांक : 18 फरवरी 2020

कृते केडीडीएल लिमिटेड
हस्ता.
ब्रह्म प्रकाश कुमार (कम्पनी सचिव)



फार्म सं० INC-25A
सार्वजनिक कम्पनी को निजी कम्पनी मे परिवर्तन कराने का विज्ञापन

समक्ष क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरटे मामले मंत्रालय उत्तरी क्षेत्रज

कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 14 एव कम्पनी (निगमन) कानून, 2014 के नियम 41 के एवज में

एवं

मै० जिन्दल फिनकैप लिमिटेड, पजंीकृत कार्यालय 770, कॉलोनी कालकाजी, नई दिल्ली–110019, भारत के एवज मे।

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि कम्पनी, एक अतिविशेष सामान्य बैठक जो कि दिन बृहस्पतिवार, दिनांक 6 फरवरी, 2020, समय 11:00 बजे प्रातः मे पारित विशेष प्रस्ताव के क्रम मे, कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 14 जो उपरोक्त नियमो के साथ पढ़ा जाए के अन्तर्गत सार्वज. निक कम्पनी को निजी कम्पनी मे परिवर्तित करने के लिए केन्द्र सरकार को आवदेन करने को इच्छुक है एव कम्पनी का प्रदर्शित करने के लिए एसे परिवर्तन को प्रभाव मे लाती है।

कोई भी व्यक्ति जिसके हित इस प्रस्तावित परिवर्तन / कम्पनी के हैसियत से प्रभावित होता है, तो वह सूचना प्रकासित होने के चौदह दिनो के भीतर अपनी आपत्ति एक शपथपत्र मे अपने हित की प्रकृति एव विरोध की पृष्ठभूमि को व्याखित करते हुये सम्बंधित क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी–2 विगं, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ. काम्पलेक्स, नई दिल्ली–110003, भारत का पजीकृत डाक से भेजें, एवं इसकी एक प्रतिलिपि आवेदक कम्पनी के पजीकृत कार्यालय निम्न पते 770, कालोनी कालकाजी, नई दिल्ली–110019, भारत, पर भी भेजें।

कृते जिंदल फिन कैप लिमिटेड

हस्ताक्षरित
रवि नागर निदेषक
डीन : 08516295

दिनांक : 17/02/2020
स्थान : नई दिल्ली



फॉर्म नंबर आईएनसी- 26
(कम्पनी (निगमन) नियम 2014 के नियम 30 के अनुपालन में)
समक्ष केन्द्र सरकार क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र
बी-2 विंग दूसरा तल पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन (पूर्व में पर्यावरण भवन) सीजीओ कम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 13(4) और कम्पनी (निगमीकरण) नियमावली 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामले में
और
**आर के वी स्टील फ़ैब्रिकेशन प्राइवेट लिमिटेड**
सीआईएन U74899DL2008PTC144312
जिसका पंजीकृत कार्यालयः बी-659, गली सं.-8, राजवीर कॉलोनी, घरोली, दिल्ली-110096 भारत
के मामले में ... आवेदक

एतद् द्वारा सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी पंजीकृत कार्यालय 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली' से 'उत्तर प्रदेश राज्य' में स्थानान्तरित करने के लिए 15, जनवरी, 2020 को आयोजित कम्पनी की असाधारण सामान्य सभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुपालन के कम्पनी की संस्था बहिर्नियमावली में परिवर्तन के सुनिश्चितकरण हेतु कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा के तहत कम्पनी केन्द्र सरकार से आवेदन करने के प्रस्ताव करती है।

कोई व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथ-पत्र भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर सुपुर्द कर सकता है। वह अपने हितों की प्राकृतिक को बताते हुये हलफनामे के द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन के तिथि 14 दिन के अन्दर रजिस्टर्ड पोस्ट के द्वारा क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र बी-2 विंग दूसरा तल पर्यावरण भवन सीजीओ कम्पलेक्स नई दिल्ली-110003 को प्रस्तुत या सुपुर्द या पंजीकृत डाक से भेजें। साथ ही इसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के निम्नलिखित पते पर भी भेजनी होगी:
बी-659, गली सं. 8, राजवीर कॉलोनी, घरोली, दिल्ली-110096 भारत

कृते आर के वी स्टील फ़ैब्रिकेशन प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
कपिल गर्ग
(निदेशक)
DIN: 00496112
नि.: एच-100, से. 12, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश भारत

दिनांक: 19.02.2020
स्थान: दिल्ली



ACRE
एसेट्स केयर एण्ड रीकंस्ट्रक्शन एन्टरप्राइज लिमिटेड,
द्वितीय तल, मोहन देव बिल्डिंग, 13, टॉल्स्टॉय मार्ग, नई दिल्ली–110001

**बिक्रीय सूचना**
**[सरफाएशी अधिनियम, 2002, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत]**

**स्विस चैलेंज विधि के तहत प्रतिभूत आस्ति की नीलामी हेतु संविदा के आमन्त्रण हेतु बिक्री सूचना**

जैसा कि, एसेट्स केयर एण्ड रीकंस्ट्रक्शन एन्टरप्राइज लिमिटेड (एसीआरई) के अधिकृत प्राधिकारी ने नीचे वर्णित एसीआरई के बकायों + ब्याज एवं प्रभारों की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत निर्गत सूचना के अनुसार निम्नलिखित खाते में **''जहाँ है जैसे है आधार'', ''जो कुछ है वहीं है आधार'' तथा ''उपचार रहित आधार''** पर निम्नलिखित सम्पत्ति की बिक्री के अधिकार सहित भौतिक कब्जा कर लिया था और जैसा कि बकायों के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण अधोहस्ताक्षरी कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम, 2002) के नियम 8 एवं 9 के तहत कथित सम्पत्ति की बिक्री द्वारा बैंक के बकायों की वसूली का प्रस्ताव करता है।

जैसा कि, उपर्युक्त के अनुसार सरफाएशी अधिनियम, 2002 एवं उसके तहत नियमों के साथ पठित विनियामक दिशा-निर्देशों के सन्दर्भ में **''जहाँ है जैसे है आधार'', ''जो कुछ है वहीं है आधार'' तथा ''उपचार रहित आधार''** पर **''स्विस चैलेंज विधि''** के तहत बिक्री हेतु एसीआरई के अधिकृत प्राधिकारी समस्त पात्र क्रेताओं से संविदाएँ आमन्त्रित करते हैं।

**स्विस चैलेंज विधि** के तहत बिक्री उच्चतम संविदा के मिलान करने का अधिकार रखने वाले प्रस्तावक के साथ वर्तमान प्रस्ताव (प्रस्तावक) पर आधारित है। यह नीलामी बाजारी मूल्य की खोज के लिए प्रकाशित की जा रही है अतः सम्पत्ति का क्रय करने का इच्छुक कोई अन्य क्रेता उच्चतर राशि का प्रस्ताव कर सकताहै जिसके लिए प्रस्ताव से मिलान होने की आवश्यकता है और यदि प्रस्तावक सम्पत्ति के मूल्य से मिलान में असफल होता है तो सम्पत्ति उस संविदाकार को बेची जा सकती है जिसके पास उच्चतर राशि का संविदा प्रस्ताव हो, अतः अस्वीकरण का प्रथम अधिकार प्रस्तावक का है।

हम बिक्री हेतु निम्नलिखित सम्पत्ति को नीचे वर्णित नियमों एवं शर्तों पर रखते हैं :

| खाते/कर्जदार तथा जमानतियों का नाम | प्रतिभूत आस्तियों का विवरण तथा कब्जा करने की तिथि | माँग सूचना की तिथि एवं बकाया राशि | उपलब्ध प्रस्ताव (रु. में) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी)(रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| **मैसर्स महालक्ष्मी कोल ट्रेडर्स** जमानती : श्री अजय अग्रवाल, श्री राजीव अग्रवाल, श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, श्री विनोद कुमार गुप्ता, श्रीमती निर्मल गुप्ता, श्रीमती सीमा अग्रवाल, मैसर्स महालक्ष्मी एन्टरप्राइजेज | श्री विनोद कुमार गुप्ता, श्रीमती निर्मल गुप्ता, श्री अजय अग्रवाल एवं श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल के स्वामित्व में आवासीय मकान नं. 213, सेक्टर-21, पंचकुला, हरियाणा, माप 300 वर्ग मीटर तथा कब्जा करने की तिथि : 10.09.2018 | 30.09.2015 तक 18.11.2015 रु. 577.13 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार | 2,40,00,000/– | 60,00,000/– |

| | |
|---|---|
| **संविदाओं की अन्तिम तिथि :** | 05.03.2020 को 2.00 बजे अपराह्न, जैसा कि नीचे नियमों एवं शर्तों में उल्लिखित है। |
| **संविदा खुलने की तिथि एवं समय** | 05.03.2020 को 2.30 बजे अप. |
| **दौरा करने की तिथि एवं समय :** | इच्छुक क्रेता/खरीददार अपना ड्यू डिलिजेन्स संचालित कर सकते हैं और 20.02.2020 से 04.03.2020 तक सामान्य कार्यालयी अवधि के दौरान किसी भी समय सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकता है, सम्पत्ति देखने के लिए कृपया श्री शुभांकर शर्मा (8826398181) से सम्पर्क करें। |

**नियम एवं शर्तें : 1)** सम्पत्ति **''जहाँ है जैसे है आधार'', ''जो कुछ है वहीं है आधार'' तथा ''उपचार रहित आधार''** पर **''स्विस चैलेंज विधि''** के तहत बेची जा रही है। अतः बिक्री बिना किसी वारंटी तथा इन्डेम्निटी के है। 2) बिक्री सूचना में निर्दिष्ट सम्पत्ति के विवरण जैसे विस्तार तथा माप अधिकृत प्राधिकारी/एसीआरई की सर्वोत्तम सूचना के आधार पर कहे गये हैं और अधिकृत प्राधिकारी/एसीआरई किसी त्रुटि, गलतबयानी अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। वास्तविक विस्तार तथा माप भिन्न हो सकते हैं। 3) अधिकृत प्राधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान तथा सूचा के अनुसार सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। किन्तु इच्छुक संविदाकार को अपनी संविदा जमा करने से पूर्व ऋणभारों, नीलामी पर रखी सम्पत्ति के स्वामित्व तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावे/अधिकारों/शुल्कों के सम्बन्ध में अपनी निजी स्वतन्त्र पूछताछ कर लेनी चाहिए। यह बिक्री सूचना अधिकृत प्राधिकारी/एसीआरई की किसी प्रतिबद्धता या किसी प्रतिनिधान को निर्मित नहीं करती है और न निर्मित करती प्रतीत होगी। यह सम्पत्ति अधिकृत प्राधिकारी/एसीआरई के ज्ञात या अज्ञात समस्त वर्तमान तथा भावी ऋणभारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/एसीआरई किसी भी थर्ड पार्टी दावे/अधिकारों/ बकायों के लिए किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होंगे। बिक्री हेतु रखी सम्पत्ति के सम्बन्धि में संविदा जमा करने के पश्चात किसी भी प्रकृति का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। 4) इस बिक्री सूचना का भाग निर्मित करने वाले संविदा जमा दस्तावेज **''एसेट्स केयर एण्ड रीकंस्ट्रक्शन एन्टरप्राइज लिमिटेड''** के पक्ष में **नई दिल्ली में देय** रु. 500/– नकद/डीडी/पेऑर्डर द्वारा **अधिकृत प्राधिकारी, दूसरी मंजिल, मोहन देव बिल्डिंग, 13, टॉल्स्टॉय मार्ग, नई दिल्ली**–110001 से या **एनईएफटी/आरटीजीएस/धन अन्तरण द्वारा एसेट्स केयर एण्ड रीकंस्ट्रक्शन एन्टरप्राइज लिमिटेड के खाते में, नई दिल्ली में देय खाता सं.** 901102000004794, **आईडीबीआई बैंक, सीसी 22, होटल कॉन्कलेव एक्जीक्यूटिव, कालकाजी (सामने पारस सिनेमा) नई दिल्ली**–110019 **(आईएफएससी कोड सं. IBKL0000901)** में भुगतान करके 19.02.2020 **से** 05.03.2020 **को 5.15 बजे अप.** तक प्राप्त कर सकते हैं। संविदा जमा दस्तावेज एसीआरई की वेबसाइट **www.acreindia.co** से ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है। किन्तु डाउनलोड किये गये दस्तावेज के लिए संविदा जमा करते समय संविदा जमा दस्तावेज के शुल्क के रूप में रु. 500/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा। 5) संविदा जमा करने से पूर्व सम्पत्ति के विषय में निरीक्षण करना तथा स्वयं को सन्तुष्ट करना इच्छुक संविदाकारों का उत्तरदायित्व होगा। इच्छुक संविदाकार उपर्युक्त अनुसूची के अनुसार साटि पर सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं। 6) नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक संविदाकारों को प्रस्ताव मूल्य के 25% (रु. 60,00,000/–) की प्रतिदेय जमा धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी जो दिल्ली में देय **''एसीआरई–26–ट्रस्ट''** के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट/पेऑर्डर के माध्यम से अथवा **एसीआरई–26–ट्रस्ट, खाता सं.** 0901102000032708, **आईडीबीआई बैंक लि., सीसी 22, होटल कॉन्कलेव एक्जीक्यूटिव, कालकाजी (सामने पारस सिनेमा) नई दिल्ली**–110019 **(आईएफएससी कोड सं. IBKL0000901)** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/धन अन्तरण द्वारा 05.03.2020 **को 2.00 बजे अप.** तक जमा की जायेगी। 7) इच्छुक संविदाकार को ईएमडी के प्रति **''अधिकृत प्राधिकारी, एसेट्स केयर एण्ड रीकंस्ट्रक्शन एन्टरप्राइज लिमिटेड'', दूसरी मंजिल, मोहन देव बिल्डिंग, 13, टॉल्स्टॉय मार्ग, नई दिल्ली**–110001 को सम्बोधित मुहरबन्द लिफाफे में संलग्न (केवाईसी दस्तावेज, डिमाण्ड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस भुगतान की यूटीआर सं.) सहित पूर्ण रूप से भरे संविदा प्रपत्र (प्रारूप संविदा जमा दस्तावेज में उपलब्ध जो उपर्युक्त के अनुसार प्राप्त/डाउनलोड किये जाने हैं) जमा करने होंगे। मुहरबन्द लिफाफे के ऊपर **''मैसर्स महालक्ष्मी कोल ट्रेडर्स की नीलामी में भाग लेने हेतु संविदा''** लिखना होगा। मुहरबन्द लिफाफे में संविदा **एसीआरई, दूसरी मंजिल, मोहन देव बिल्डिंग, 13, टॉल्स्टॉय मार्ग, नई दिल्ली**–110001 के रिसेप्शन पर रखे निविदा बॉक्स में 05.03.2020 **को 2.00 बजे अप.** तक डाले जा सकते हैं। मुहरबन्द संविदाएँ एसीआरई के पास उसी पते पर कोरियर या स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजी जा सकती हैं। पुनः संविदा की एक स्कैन्ड प्रति अधिकृत प्राधिकारी के पास **shubhankar.sharma@acreindia.co** पर भी ई–मेल करनी होगी किन्तु यह हर हालत में 05.03.2020 **को 5.00 बजे अप.** तक पहुँच जानी चाहिए। 8) केवाईसी दस्तावेज में शामिल हैं : **(i)** पहचान का प्रमाण वोडर आईडी कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/आधार कार्ड आदि **(ii)** सम्पर्क का वर्तमान पता **(iii)** संविदाकार का पैन कार्ड **(iv)** वैध ई–मेल आईडी **(v)** संविदाकार का सम्पर्क नम्बर (मोबाइल/लैण्डलाइन) आदि। 9) हमें प्रस्ताव मूल्य पर पहले ही संविदाएँ प्राप्त हो गयी हैं, किन्तु कोई ऐसा संविदाकार जो अपनी संविदा जमा करता है उसे प्रस्ताव मूल्य से कम पर संविदा नहीं देनी चाहिए और जमा की गयी संविदा न्यूनतम रु. 1,00,000/– (रुपये एक लाख) या इसके गुणक में होनी चाहिए। 10) अधिकृत प्राधिकारी क्वालिफाइड संविदाकारों के मध्य इंटर–से बोली की अनुमति दे सकते हैं और यह क्वालिफाइड संविदाकार द्वारा कोट की गयी उच्चतम संविदा से प्रारम्भ होगी। 11) एक बार की गयी संविदा निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। 12) ईएमडी सहित संविदा जमा करने की अन्तिम तिथि की समाप्ति पर एसीआरई की आस्ति बिक्री समिति (एएससी) तथा अधिकृत प्राधिकारी प्राप्त संविदाओं का परीक्षण करेंगे और क्वालिफाइड संविदाकारों के विवरण की पुष्टि करेंगे और यदि जरूरी हुआ तो इंटर–से बोली की तिथि तथा समय के विषय में सूचित करेंगे। 13) सफल संविदाकारों की ईएमडी पार्ट बिक्री राशि के प्रति रख ली जायेगी और उसे बिक्रय मूल्य के प्रति समायोजित कर दी जायेगी तथा असफल संविदाकारों की ईएमडी वापस कर दी जायेगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। 14) सफल संविदाकार को पहले जमा ईएमडी को समायोजित करने के पश्चात विक्रय मूल्य की राशि 50% अधिकृत प्राधिकारी की स्वीकृति के 24 घण्टों के भीतर जमा करनी होगी जिसमें असफल होने पर ईएमडी जब्त कर ली जायेगी। विक्रय मूल्य का शेष 50% उच्चतम बोली की पुष्टि की स्वीकृति का पत्र (स्वीकृति पत्र) निर्गत करने की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। यदि 15वाँ दिन शनिवार, रविवार या अवकाश होता है तो शेष 50% अगले कार्यदिवस पर जमा किया जा सकता है। सफल संविदाकार विक्रय राशि का भुगतान नई दिल्ली में देय **''एसीआरई–26–ट्रस्ट''** के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट/पेऑर्डर के माध्यम से अथवा **एसीआरई–26–ट्रस्ट, खाता सं.** 0901102000032708, **आईडीबीआई बैंक लि., सीसी 22, होटल कॉन्कलेव एक्जीक्यूटिव, कालकाजी (सामने पारस सिनेमा) नई दिल्ली**–110019 **(आईएफएससी कोड सं. IBKL0000901)** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/धन अन्तरण द्वारा करना होगा। उपर्युक्त निर्धारित अवधि के भीतर शेष राशि जमा का भुगतान करने में असफल रहने पर संविदाकार द्वारा जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी। 15) नीलामी कार्यवाही बन्द होने के तुरन्त बाद एएससी और अधिकृत प्राधिकारी उच्चतम संविदाकार को नीलामी का सफल संविदाकार घोषित करेंगे जो कि उपलब्ध प्रस्तावक तथा सरफाएशी अधिनियम, 2002 एवं उसके तहत निर्मित नियमों के तहत निर्गत बिक्री प्रमाण पत्र के इन्कार का विषय होगा। 16) सफल संविदाकारों द्वारा उपर्युक्त राशियों के निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान करने में चूक करने पर बिक्री निरस्त कर दी जायेगी और पहले से प्रदत्त राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जायेगी और सम्पत्ति को पुनः नीलामी पर रखा जायेगा तथा चूककर्ता संविदाकार का सम्पत्ति/राशि के परिप्रेक्ष्य में कोई दावा/अधिकार नहीं होगा। 17) सफल संविदाकार के निवेदन पर अधिकृत प्राधिकारी अपने पूर्ण विवेक से संविदा राशि का शेष जमा करने के लिए लिखित में विस्तारित अवधि स्वीकृत कर सकते हैं। 18) नगर निगम/पंचायत के कर, बिजली के बकाये (यदि कोई हो) अथवा सम्पत्ति से सम्बन्धित किसी अन्य प्रकार के कर का भुगता सफल संविदाकार द्वारा किया जायेगा। कृपया ध्यान दें कि लेन–देन से उत्पन्न होने वाले किसी प्रकार के कर का वहन नीलामी क्रेता को करना होगा। 19) कन्वीएंस स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण प्रभार, अभिनिर्धारण प्रभार एवं अन्य आकस्मिक प्रभार हेतु प्रयोज्य वैधानिक प्रभारों का वहन नीलामी क्रेता द्वारा किया जायेगा। 20) अधिकृत प्राधिकारी को किसी या सभी संविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिना कोई पूर्व सूचना दिये तथा/अथवा उसके सम्बन्ध में बिना कोई कारण बताये बिक्री को आस्थगित/स्थगित/निरस्त करने/बिक्री के नियमों एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार है। 21) यदि अंग्रेजी तथा वर्नाक्यूलर भाषा में बिक्री सूचना के प्रकाशन में कोई अन्तर होता है तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी समाचार–पत्र को वर्नाक्यूलर समाचार–पत्र पर वरीयता दी जायेगी और इसे ही अन्तिम माना जायेगा, इस प्रकार सभी अस्पष्टताएँ समाप्त मानी जायेंगी। 22) अधिकृत प्राधिकारी का निर्णय अन्तिम, बाध्यकारी तथा निरपेक्ष है। 23) किसी स्पष्टीकरण/सूचना/निरीक्षण के लिए इच्छुक संविदाकार श्री शुभांकर शर्मा (8826398181) से सम्पर्क कर सकते हैं। 24) जो संविदाकार संविदा जमा करते हैं उन्हें माना जायेगा कि उन्हें बिक्री के नियम एवं शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और वे उससे बँधे रहेंगे। 25) प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री सरफाएशी अधिनियम तथा नियम, 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा ऊपर उल्लिखित शर्तों का विषय है।

**यह प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सरफाएशी अधिनियम के तहत विधिक 15 दिवसीय बिक्री सूचना भी है** कर्जदार/जमानतियों को एतद्वारा नीलामी से पूर्व ऊपर उल्लिखित राशि अदा करने के लिए सूचित किया जाता है जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी कर दी जायेगी और शेष बकाया, यदि कोई, उसे ब्याज तथा लागत सहित अन्य विधिक माध्यमों द्वारा वसूल किया जायेगा।

स्थान : पंचकुला
तिथि : 19.02.2020

ह./–
अधिकृत प्राधिकारी, एसेट्स केयर एण्ड रीकंस्ट्रक्शन एन्टरप्राइज लिमिटेड



**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक Indian Overseas Bank**
क्षेत्रीय कार्यालय, 595 मलिक चौक, इंद्रा नगर, देहरादून, उत्तराखण्ड

**कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति हेतु (नियम 8(1))

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद–13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इण्डियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी/ऋणियों/गारन्टर को प्रत्येक के नाम के सामने दर्शाये गये खाते में उनके नामों के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस प्राप्ति की तारीख/उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों में बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया गया था। ऋणी/ऋणियों/गारन्टर द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणी/ऋणियों और जन सामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने खाते के सामने दी गई तारीख को उक्त नियमों के नियम–8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गई सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी/ऋणियों/गारन्टर को विशेष रूप से एवं जन सामान्य रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति/सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन–देन न करें। इन सम्पत्ति/सम्पत्तियों से किसी प्रकार का लेन–देन **इण्डियन ओवरसीज बैंक, सम्बन्धित शाखा** को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है। "उधारकर्त्ता(ओं) का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।"

| क्र.सं. | शाखा/ऋणी/बंधककर्ता के नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखाः नैनीताल (2804)** **ऋणी/बंधककर्ताः** श्री बहादुर सिंह बिष्ट पुत्र स्व0 श्री दीवान सिंह, निवासीः डाइवे साइट, सेर-खा-डंडा तल्लीताल, नैनीताल, जिला- नैनीताल, पिन- 263002। **गारन्टरः** श्री अजय लाल, सी/ओ- स्वीट होम गेस्ट हाउस भवन हॉल कंपाउंड, तल्लीताल, नैनीताल, पिन- 263002। | बंधक आवासीय सम्पत्ति माप क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट, डाइवे साइट, शेर-खा-डंडा, तल्लीताल, नैनीताल सम्पत्ति स्वामी श्री बहादुर सिंह बिष्ट पुत्र स्व श्री दीवान सिंह। सीमायें:- पूर्वः रास्ता, पश्चिमः नाला, उत्तरः श्री एन0एस0 चितवास का प्लॉट, दक्षिणः अन्य व्यक्ति का प्लॉट। | 21.11.2019 | 13.02.2020 | रु0 6,70,803/- दिनांक 29.01.2019 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 2. | **शाखाः काशीपुर (2217)** **ऋणीः** मुनेश शर्मा पुत्र करण सिंह, पताः राधा कृष्ण कॉलोनी, जशपुर खुर्द, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713, मो0: 9568538361 **ऋणी/बंधककर्ताः** रानी शर्मा पत्नी मुनेश शर्मा, राधा कृष्ण कॉलोनी, जशपुर, खुर्द, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713, मो0: 9927460920। **गारन्टरः** मसाहुब हुसैन पुत्र अब्दुल सलाम, ग्राम- कुंडा, तहसील- जशपुर, उधम सिंह नगर -244713। | बंधक भूमि खसरा नं0 201 ए मिन, स्थित ग्राम-नीझरा, तहसील-काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड, माप क्षेत्रफल पूर्व 20 फीट, पश्चिमः 20 फीट, उत्तर 50 फीट, दक्षिण 50 फीट, कुल माप क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट एवं 92.93 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामिनी श्रीमती रानी शर्मा पत्नी श्री मुनेश कुमार। **सीमायें:**- पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः 20 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः अन्य व्यक्ति की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि। | 25.10.2019 | 17.02.2020 | रु0 12,37,727/- दिनांक 10.02.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 3. | **शाखाः काशीपुर (2217)** **ऋणी/बंधककर्ताः** गगन सिंह चौहान पुत्र पूरन सिंह चौहान, 125, शंकरपुरी, कठनाल, गोसाई, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713। मो0: 9917902071। **गारन्टरः** रमा शंकर यादव पुत्र बुचनी यादव, निवासी राजाजी पुरम कॉलोनी, हेमपुर इस्माइल काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713, मो0: 8864970758। | बंधक आवासीय सम्पत्ति, क्षेत्रफल 652.50 वर्ग फीट, स्थित खसरा नं0 274/2 मिन, खड़कपुर, देवीपुरा, काशीपुर, उधम सिंह नगर, सब-रजिस्ट्रार आफिस काशीपुर, सम्पत्ति स्वामी गगन सिंह चौहान। **सीमायें:**- पूर्वः अन्य व्यक्ति का प्लॉट, पश्चिमः विक्रेता की भूमि, उत्तरः 12 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः विक्रेता की भूमि। | 22.11.2019 | 17.02.2020 | रु0 10,26,721/- दिनांक 11.02.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 4. | **शाखाः काशीपुर (2217)** **ऋणीः** पियूष मित्तल पुत्र पुरुषोत्तम मित्तल, निवासीः कुआंखेड़ा, निकट मोटेश्वर मंदिर, तहसील- काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713, मो0: 8923005665 **बंधककर्ता/ऋणीः** श्रीमती नीलिमा पत्नी पियूष मित्तल, ग्राम- कुआंखेड़ा, निकट मोटेश्वर मंदिर, तहसील- काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713। **गारन्टरः** राजा खान पुत्र केशर यार खान, निवासी 522 के, आवास विकास, वार्ड-3, सुभाष नगर, प्रताप नगर, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713। | **मूल सुरक्षाः** बंधक भूमि खसरा नं0 43/4 मिन, माप क्षेत्रफल पूर्व 52 फीट, पश्चिम 52 फीट, उत्तर 20 फीट, दक्षिण 20 फीट, कुल क्षेत्रफल 1040 वर्ग फीट एवं 96.65 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम-कुआंखेड़ा, तहसील- काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, सम्पत्ति स्वामी श्रीमती नीलिमा पत्नी पियूष मित्तल। **सीमायें:**- दिवेदी की भूमि, पश्चिमः अन्य व्यक्ति की भूमि, उत्तरः 20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः अन्य व्यक्ति की भूमि। | 30.11.2019 | 17.02.2020 | रु0 8,53,445/- दिनांक 11.02.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 5. | **शाखाः काशीपुर (2217)** **ऋणी/बंधककर्ताः** ललिता देवी पत्नी ओमकार सिंह, मकान नं0 626, खंडकपुर, देवीपुरा, निकट सत्यम पैलेस, काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713, मो0: 9927786591। **गारन्टरः** राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री दौलत राम, ग्राम- मंडुआ खेरा, मंझरा, जशपुर, उत्तराखण्ड -244713, मो0: 9917208829। | बंधक भूमि खसरा नं0 128 मिन, माप क्षेत्रफल पूर्व 40 फीट, पश्चिम 40 फीट, उत्तरः 55 फीट एवं दक्षिण 55 फीट। कुल क्षेत्रफल 200 वर्ग फीट एवं 204.46 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामिनी श्रीमती ललिता पत्नी ओमकार सिंह, स्थित ग्राम- शिवलपुर दल्लु, तहसील- काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर। **सीमायें:**- पूर्वः 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः अन्य व्यक्ति का प्लॉट, उत्तरः श्रीमती लक्ष्मी का प्लॉट, दक्षिणः इन्द्रपाल सिंह का प्लॉट। | 24.10.2019 | 17.02.2020 | रु0 5,37,245/- दिनांक 31.01.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 6. | **शाखाः काशीपुर (2217)** **ऋणी/बंधककर्ताः** विनोद कुमार पुत्र कन्हैया लाल, पताः खरकपुर, देवीपुरा, काशीपुर, उधम सिंह नगर- उत्तराखण्ड- 244713 **गारन्टरः** मौहम्मद उमर पुत्र रफीक अहमद, मकान नं0 218, मौहल्ला अली खान, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713। | बंधक भूमि एवं भवन (आवासीय सम्पत्ति) खसरा नं0 276 मिन का भाग स्थित ग्राम- खरकपुर देवीपुरा, तहसील- काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, माप क्षेत्रफल पूर्व 10 फीट, पश्चिम 10 फीट, उत्तर 55 फीट एवं दक्षिण 55 फीट, कुल क्षेत्रफल 550 वर्ग फीट एवं 51.11 वर्ग मीटर। सीमायें:- पूर्वः 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः जगबीर सिंह की भूमि, उत्तर रणजीत सिंह की सम्पत्ति, दक्षिणः बब्बन गुप्ता की भूमि। | 08.11.2019 | 17.02.2020 | रु0 3,99,538/- दिनांक 31.01.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 7. | **शाखाः काशीपुर (2217)** **ऋणीः** श्री पृथ्वी सिंह (मृतक) पुत्र श्री मोहर सिंह, ग्राम- पासीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, तहसील- काशीपुर, उत्तराखण्ड- 244713। **गारन्टरः** श्री बिहारी लाल पुत्र नेत्रराम यादव, पताः मकान नं0 429, गौतम नगर, क्रियाल आश्रम, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713। | बंधक आवासीय सम्पत्ति ग्राम- पासीपुरा, तहसील- काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, खाता नं0 00038, खसरा नं0 197 मिन क्षेत्रफल 562.5 वर्ग फीट अर्थात् 52.27 वर्ग मीटर, विक्रेय विलेख दिनांक 04.07.2011, सब-रजिस्ट्रार ऑफिस काशीपुर, बुक नं0 1, इलेक्ट, जिल्द नं0 2577, पेज नं0 147-158, क0 सं0 7184 दिनांक 04.07.2011 पर पंजीकृत है। कुल क्षेत्रफल 562.5 वर्ग फीट अर्थात् 52.27 वर्ग मीटर। सम्पत्ति स्वामी स्व0 श्री पृथ्वी सिंह पुत्र श्री मोहर सिंह, पासीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, तहसील- काशीपुर, उत्तराखण्ड- 244713। **सीमायें:**- पूर्वः राम मेहरोत्रा का प्लॉट, पश्चिमः 18 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि। | 31.07.2019 | 17.02.2020 | रु0 5,74,153/- दिनांक 31.01.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 8. | **शाखाः काशीपुर (2217)** **ऋणी/बंधककर्ताः** मैसर्स फखरुद्दीन क्लॉथ हाउस प्रोपराइटर फखरुद्दीन पुत्र श्री बाबू, निवासीः मकान नं0 788, कवनल गाजी कुमाऊं कॉलोनी, काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713, उत्तराखण्ड, मो0: 9927846616। **ऋणीः 1.** शाहीन पत्नी फखरुद्दीन, निवासीः मकान नं0 788, कवनल गाजी कुमाऊं कॉलोनी, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713। **2.** प्रोपराइटर फखरुद्दीन पुत्र बाबू, निवासीः मकान नं0 788, कवनल गाजी कुमाऊं कॉलोनी, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713। **गारन्टरः 1.** शमशुद्दीन पुत्र बाबू, निवासीः मकान नं0 314, कटोरताल, वार्ड नं0 20, विजय नगर, काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713, मो0: 9837527543। **2.** मौहम्मद युनुस पुत्र मौहम्मद सद्दीक, निवासीः मकान 0 314, ग्राम- कवनल गाजी, कुमाऊं कॉलोनी, काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713, मो0 9012610136। **3.** केवल किशन छाबरा पुत्र लाल चन्द्र छाबरा, निवासीः मकान नं0 133, वार्ड नं0 14, मौहल्ला सिंघण होली चौक, काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713। | बंधक भूमि एवं भवन (आवासीय सम्पत्ति) आवासीय सम्पत्ति खसरा नं0 291/2, ग्राम- कवनल गाजी, काशीपुर, जिला- उधम सिंह नगर, सम्पत्ति स्वामी फखरुद्दीन पुत्र श्री बाबू, मकान नं0 788, कवनल गाजी, कुमाऊं कॉलोनी, काशीपुर उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713। **सीमायें:**- पूर्वः 15 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः जोगेन्द्र सिंह की सम्पत्ति, उत्तरः एजाज ठेकेदार की सम्पत्ति, दक्षिणः यासीन की सम्पत्ति। | 08.11.2019 | 17.02.2020 | रु0 25,38,904/- दिनांक 31.01.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 9. | **शाखाः किच्छा (3605)** **ऋणीः** सकलैनी चूड़ी सेन्टर, प्रोपराइटरः श्री मौहम्मद सिम्मी पुत्र जमीर, निवासीः सिद्धू गली, किच्छा, जिला- उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)- 263148। **ऋणी/बंधककर्ताः** श्री मौहम्मद सिम्मी पुत्र जमीर अहमद, निवासीः सिद्धू गली, किच्छा, जिला- उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) 263148 **गारन्टरः** श्री काशीम अहमद निवासीः वार्ड नं0 8, किच्छा, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड। | बंधक आवासीय प्लॉट पूल विक्रेय विलेख क्र0 सं0 3024, खसरा नं0 305 माप क्षेत्रफल 157.62 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामी मौहम्मद सिम्मी पुत्र जमीर अहमद, निवासीः वार्ड नं0 7, किच्छा, जिला- उधम सिंह नगर। **सीमायें:**- पूर्वः पंडित जी का मकान, पश्चिमः अनीश अहमद का मकान, उत्तरः 14 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः 10 फीट चौड़ा रास्ता। | 05.12.2019 | 17.02.2020 | रु0 11,01,645/- दिनांक 31.01.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 10. | **शाखाः किच्छा (3605)** **ऋणी/बंधककर्ताः** मैसर्स फिरासत बर्तन स्टोर, प्रोपराइटर श्री फिरासत हुसैन, मैन मार्किट, बोरिंग वाली गली, किच्छा, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 263148। **गारन्टरः** श्री सदाकत हुसैन, निवासीः मकान नं0 347, छोटी मस्जिद-6 (तालाब), किच्छा, जिलाः उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 2631483। | बंधक आवासीय प्लॉट स्थित वार्ड नं0 7, किच्छा, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड, खसरा नं0 431 मिन, माप क्षेत्रफल 1020 वर्ग फीट, सम्पत्ति स्वामी श्री फिरासत हुसैन एवं श्री सदाकत हुसैन। **सीमायें:**- पूर्वः सरकारी स्कूल, पश्चिमः नसीम का प्लॉट, उत्तरः मौहम्मद हनिफ का खेत, दक्षिणः 3.63 मीटर चौड़ा रास्ता। | 24.09.2019 | 17.02.2020 | रु0 10,76,491/- दिनांक 31.01.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 11. | **शाखाः आदर्श टिहरी नगर (3372)** **ऋणी/बंधककर्ताः** श्रीमती आरिफा पत्नी स्व0 मौहम्मद रहमत अली (मृतक प्रोपराइटर) ए/सी मैसर्स रजा ट्रेडर्स, ग्राम- पिस्सुपुरा, पोस्ट- धनपुरा, तहसील एवं जिला- हरिद्वार। **कानूनी वारिसः** श्री अफजल पुत्र मौहम्मद रहमत अली, ग्राम- पिस्सुपुरा, पोस्ट- धनपुरा, तहसील एवं जिला- हरिद्वार- 249404। **गारन्टरः** श्री जब्बार पुत्र गुलाम रसूल, ग्राम एवं पोस्ट -धनपुरा, जिला- हरिद्वार, उत्तराखण्ड- 249404। | **सम्पत्ति नं0 1.** बंधक आवासीय भवन खसरा नं0 133 एम, स्थित ग्राम- पदार्थ उर्फ धनपुरा, परगना ज्वालापुर, तहसील एवं जिला- हरिद्वार, उत्तराखण्ड- 249404, माप क्षेत्रफल 1798.00 वर्ग फीट, सम्पत्ति स्वामी श्रीमती आरिफा पत्नी स्व0 रहमत अली। **सीमायें:**- पूर्वः श्रीमती आरिफा का प्लॉट, पश्चिमः इद्दू की भूमि, उत्तरः राजपाल की भूमि, दक्षिणः 10 फीट चौड़ा रास्ता एवं घसीटा का खेत। **सम्पत्ति नं0 2.** बंधक आवासीय भूमि खसरा नं0 133 एम स्थित ग्राम- पदार्थ उर्फ धनपुरा (पिस्सुपुरा), परगना- ज्वालापुर, तहसील एवं जिला- हरिद्वार, उत्तराखण्ड- 249404, सम्पत्ति स्वामी श्रीमती आरिफा पत्नी स्व0 रहमत अली। सीमायें:- पूर्वः शौकत की सम्पत्ति, पश्चिमः श्रीमती आरिफा की सम्पत्ति, उत्तरः राजपाल की सम्पत्ति, दक्षिणः 10 फीट चौड़ा रास्ता एवं घसीटा का खेत। | 23.10.2019 | 17.02.2020 | रु0 11,05,547/- दिनांक 31.01.2020 + आगे के ब्याज एवं अन्य खर्चे |

दिनांकः 18.02.2020 स्थान–देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक


www.readwhere.com

# कराची में रहस्यमय जहरीली गैस ने ली 14 लोगों की जान

कराची, 18 फरवरी (भाषा)।

पाकिस्तान के कराची शहर में रहस्यमय जहरीली गैस के रिसाव से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य बीमार पड़ गए। कराची के कीमारी इलाके में रविवार की रात लोग सांस लेने में बहुत ज्यादा परेशानी होने पर समीप के अस्पतालों में पहुंचने लगे, तब प्रशासन को इस घटना को लेकर अलर्ट किया गया।

डॉन अखबार के मुताबिक इस जहरीली गैस के रिसाव के स्रोत के बारे में अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। अधिकारियों के अनुसार अब तक 14 लोगों की जान चली गई है। जियाउद्दीन अस्पताल के प्रवक्ता आमिर शहजाद ने बताया कि पिछले दो दिनों में अस्पताल के कीमारी कैंपस में नौ मौतें हुई हैं। पुलिस के अनुसार दो अन्य मौतें कुटियाना अस्पताल में हुईं। दर्जनों अन्य व्यक्ति शहर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं।कराची के पुलिस प्रमुख गुलाम नबी मेमन ने कहा कि अब तक हमें इस घटना के संभावित कारण का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बीच कराची के आयुक्त इफ्तिकार शालवानी ने कहा कि एक जहाज इस जहरीली गैस का शायद कारण हो सकता है जिससे सोयाबीन या उसी जैसा कुछ और सामान उतारा जा रहा था। उन्होंने कहा कि जब जहाज से सामान उतारना रोक दिया गया, बदबू भी गायब हो गई। हालाकि, समुद्री मामलों के मंत्री अली जैदी ने इस खबर को बकवास बताया कि ऐसा सोयाबीन के जहाज की वजह से हुआ, क्योंकि उसके चालक दल के सदस्य और जहाज सुरक्षित हैं।

# जापानी जहाज पर संक्रमित भारतीयों की हालत सुधरी

तोक्यो, 18 फरवरी (भाषा)।

जापान में समुद्र तट के पास अलग खड़े किए गए क्रूज जहाज पर सवार और कोरोना वायरस से संक्रमित छह भारतीयों की स्थिति में सुधार हो रहा है।

भारतीय दूतावास ने मंगलवार को यहां बताया कि जहाज पर इस घातक वायरस के 88 नए मामले सामने आए हैं जिससे इससे संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 542 हो गई है। जापान के तट पर इस महीने की शुरुआत में पहुंचे इस क्रूज जहाज पर सवार 3,711 लोगों में से कुल 138 भारतीय हैं। इनमें चालक दल के 132 सदस्य और छह यात्री शामिल हैं। जापान सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 (कोरोना वायरस) के पॉजिटिव मामलों का पता लगाने के लिए अंतिम जांच पूरी हो गई है।

सरकार ने बताया कि 88 और मामले पॉजिटिव पाए गए हैं जिससे जहाज पर इससे संक्रमित लोगों की संख्या 542 हो गई है। क्रूज से पिछले महीने हांगकांग में उतरे एक यात्री के कोविड-19 से संक्रमित होने की पुष्टि होने के कारण जहाज को अलग-थलग रखा गया है। दूतावास ने बयान में कहा, 'चालक दल के सभी छह भारतीय सदस्यों पर इलाज का असर हो रहा है और उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है।' दूतावास ने कहा कि वह जहाज पर सभी भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए जापानी सरकार और जहाज प्रबंधन कंपनी के साथ समन्वय कर रहा है।

## 500 यात्री आज निकाले जाएंगे

तोक्यो/लंदन, 18 फरवरी (एएफपी)।

जापान के तट पर खड़े क्रूज जहाज से लगभग 500 यात्री बुधवार को रवाना होंगे। उधर ब्रिटेन ने भी घोषणा कर दी है कि वह जहाज से अपने नागरिकों को निकालेगा।ब्रिटेन ने मंगलवार को कहा कि वह डायमंड प्रिसेंज जहाज से अपने नागरिकों को विमान से लेकर आएगा।

# वुहान के अस्पताल के निदेशक की मौत

बेजिंग, 18 फरवरी (एएफपी)।

चीन में अस्पताल के निदेशक की मंगलवार को कोरोना वायरस से मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया सीसीटीवी ने यह जानकारी दी।

वुहान स्थित वुचांग अस्पताल के निदेशक लिउ झिमिंग की जान बचाने के सारे प्रयास विफल हो गए और उनकी मौत हो गई। लिउ से पहले कोरोना वायरस के कारण अस्पताल के निदेशक स्तर के व्यक्ति के मरने की खबर नहीं आई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना वायरस से अब तक छह चिकित्सा कर्मियों की मौत हो चुकी है और 1,716 कर्मी इससे संक्रमित हैं। लिउ की मौत की खबर सबसे पहले चीनी मीडिया और ब्लागरों ने मंगलवार आधी रात के बाद दी थी लेकिन फिर खबर को हटा दिया गया था।

## भारतीय की मौत

दुबई में आवासीय अपार्टमेंट से गिरकर भारतीय इंजीनियर की मौत हो गई। केरल निवासी सबील रहमान की मौत हो गई। (भाषा)

# पाक : परमाणु क्षमता वाली मिसाइल 'राड-2' का परीक्षण

इस्लामाबाद, 18 फरवरी (भाषा)।

पाकिस्तान ने मंगलवार को 600 किलोमीटर की दूरी तक हमला करने की क्षमता वाली परमाणु शक्ति संपन्न क्रूज मिसाइल 'राड-2' का सफल प्रक्षेपण परीक्षण किया। इसे भूमि और समुद्र में हमलों को नाकाम करने की सेना की क्षमता बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है।

सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आइएसपीआर) की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि 'राड-2' शस्त्र प्रणाली अत्याधुनिक निर्देश और नौवहन प्रणाली से युक्त है ताकि अत्यंत सटीक तरीके से निशाना साध सके। विज्ञप्ति में कहा गया कि 600 किलोमीटर की क्षमता वाली क्रूज मिसाइल हवा से भूमि और समुद्र पर हमले को नाकाम करने की पाक सेना की रणनीतिक क्षमता बढ़ाएगी। पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सफल परीक्षण को देखा।

स्ट्रेटेजिक प्लांस डिवीजन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम ज़की मंज ने इस सफल प्रक्षेपण को पाकिस्तान की हमलों को रोकने की क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम करार दिया।

# जयशंकर की ईयू नेताओं से आर्थिक व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 फरवरी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग, जलवायु परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे विविध मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने यूरोपीय संघ की आयुक्त जुट्टा उरपिलाईनेन, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स माइकल, ईयू के कारोबार मामलों के आयुक्त फिल होगान और यूरोपीय ग्रीन डील के कार्यकारी उपाध्यक्ष फ्रांस टिमरमंस समेत कई अन्य नेताओं से मुलाकात की।

जयशंकर जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होने गए थे, वह सोमवार को ब्रुसेल्स पहुंचे। उनके इस दौरे का उद्देश्य अगले महीने होने वाले भारत-ईयू सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की योजना के मद्देनजर तैयारियों को देखना है। विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर यूरोपीय संघ की आयुक्त जुट्टा उरपिलाईनेन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने क्षमता निर्माण और विकास साझेदारी के अपने अनुभवों के बारे में बातचीत की। जयशंकर ने ट्वीट किया, 'इन मुद्दों पर समन्वय भारत और ईयू दोनों के लिए लाभदायक रहेगा।'

ईयू की विदेशी मामलों से संबंधित परिषद में मंत्री ने सकारात्मक और उपयोगी परस्पर वार्तालाप भी किया। उन्होंने कहा, 'इसमें भाग ले रहे विदेश मंत्रियों, राजदूतों और वरिष्ठ अधिकारियों और सबसे प्रमुख एचआर (उच्च प्रतिनिधि) जोसेफ बोरेलएफ का शुक्रिया। इस अहम साझेदारी को और मजबूत करने के लिए साथ काम करने का इंतजार है।' जयशंकर ने ईयू के कारोबार मामलों के आयुक्त फिल होगान से भी मुलाकात की।

विदेश मंत्री ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स माइकल की ईयू और ईयू-भारत संबंधों की परिकल्पना को लेकर उनकी प्रशंसा की और भरोसा जाताया कि उनके नेतृत्व में ठोस परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने यूरोपीय ग्रीन डील के कार्यकारी उपाध्यक्ष फ्रांस टिमरमंस से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने संवहनीयता, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण व नवाचार संबंधी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने यूरोपीय संसद के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया। इसके बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, 'वार्तालाप के मुख्य मुद्दे राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक थे। भारत में और ईयू के साथ हमारे संबंधों में उनकी गहन रुचि देखी।'

# 'करतारपुर गलियारे का खुलना पाक की शांति की इच्छा का प्रमाण'

लाहौर, 18 फरवरी (भाषा)।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को कहा कि करतारपुर गलियारे का खुलना शांति और आपसी सौहार्द की पाकिस्तान की इच्छा का व्यावहारिक प्रमाण है। उन्होंने यह बात मंगलवार को पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब का दौरा करने के बाद कही। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने जीवन के अंतिम दिन यहीं व्यतीत किए थे। पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति व इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड के अधिकारियों ने करतारपुर साहिब में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख का स्वागत किया। यह स्थान लाहौर से 125 किलोमीटर दूर है।

# नेतन्याहू के खिलाफ 17 मार्च से शुरू होगी भ्रष्टाचार के मुकदमे की सुनवाई

यरुशलम, 18 फरवरी (एएफपी)।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर 17 मार्च से सुनवाई शुरू होगी। नेतन्याहू पर कई मामलों में रिश्वत लेने, धोखाधड़ी करने और विश्वासघात के आरोप हैं। आरोप हैं कि उन्होंने अरबपति दोस्तों से महंगे तोहफे लिए और बदले में नियामकीय रियायत दी।

एक संक्षिप्त बयान में अदालत ने कहा कि शुरुआती सुनवाई में नेतन्याहू के हाजिर होने की संभावना है। इजराइल में एक साल से भी कम समय में तीसरी बार दो मार्च को संसदीय चुनाव होना है। नेतन्याहू के प्रचार अभियान में भ्रष्टाचार के आरोपों से ध्यान हटाने की कोशिश की गयी है जबकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी पूर्व सैन्य प्रमुख बेनी गेंट्ज इसे जोर-शोर से उठा रहे हैं।


**SBI**
आईटी-पार्टनर रिलेशनशिप्स विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, ग्लोबल आईटी सेंटर, सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614.

**शुद्धिपत्र**

कृपया ईओआई सं. SBI/GITC/Partner Relationships/2019/2020/39 दिनांक 29/01/2020 का संदर्भ लें. शुद्धिपत्र दिनांक 18.02.2020 बैंक की वेबसाइट, https://bank.sbi या https://sbi.co.in पर 'प्रोक्योरमेन्ट न्यूज' के अंतर्गत उपलब्ध है.
स्थानः नवी मुंबई | दिनांक: 19.02.2020
हस्ताक्षर - उप महाप्रबंधक (आईटी-पीआर)

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अपने आदेश सं. एनसीएलटी/सीएचडी/रेग/सीसी/1110 तिथि 11 फरवरी, 2020 के माध्यम से एनसीएलटी, चंडीगढ़ पीठ ने गोल्डन केम-टेक लिमिटेड (अंतरक कम्पनी) तथा स्टाइलम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अंतरिती कम्पनी) के समामेलन की योजना को स्वीकार किया है जो कम्पनी रजिस्ट्रार के पास आदेश की प्रमाणित प्रति दाखिल करने की तिथि से प्रभावी होगा।

**स्टाइलम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिये**
तिथिः 17.2.2020 हस्ता./-
स्थानः चंडीगढ़ (कम्पनी सचिव)

**ऋण वसूली अधिकरण-I, दिल्ली, 4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001**

**ओए नं. NDN/9091/2017**
**एक्सिस बैंक लिमिटेड ....आवेदक**
**बनाम**
**बीजू जनार्दन नैयर एवं अन्य .....प्रतिवादीगण**

सेवा में,
1. **बीजू जनार्दन नैयर**, पुत्र श्री जनार्दन नैयर, मकान सं. 1183, सेक्टर 7, एक्स्टें, गुड़गाँव हरियाणा-122001
**साथ हीः** मकान सं. 880, सेक्टर 31, फरीदाबाद, हरियाणा 121003, **साथ हीः** हॉनीवेल इन्टरनेशनल प्रा.लि., सेक्टर 36, पेस सिटी II, गुड़गाँव, हरियाणा-122001
2. **इन्दू बी नैयर**, मकान सं. 1183, सेक्टर 7, एक्स्टें, गुड़गाँव हरियाणा-122001
**साथ हीः** मेपुथूसेरिल हाउस, उझारू ईस्ट, कोट्टायम, साथ हीः मेपुथीसेरिल हाउस, उझारू ईस्ट, कोट्टायम
3. **एरा ग्रुप**, द्वारा उसके निदेशकों, बी-24, सेक्टर-3, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301, **साथ हीः** 153, ओखला इंडस्ट्रियल इस्टेट, फेज-3, नई दिल्ली-110020

जैसा कि ऊपर नामित आवेदक ने **रु. 11,65,111/- (रुपये ग्यारह लाख पैंसठ हजार एक सौ ग्यारह मात्र)** की वसूली के लिये आपके विरुद्ध एक मामला शुरू किया है तथा जैसा कि इस अधिकरण की संतुष्टि के लिये यह साबित हो चुका है कि आपको सामान्य तरीके से सर्व करना संभव नहीं है। अतएव, विज्ञापन के माध्यम से इस सूचना के द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि **29.4.2020 को 10.30 पूर्वा.** में विद्वान रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित हों। ध्यान रहे कि उपरोक्त तिथि को इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में ही की जायेगी।

मेरे हाथ से तथा अधिकरण की मुहर लगाकर आज, **30 जनवरी 2020** को दी गई।

**अधिकरण के आदेश से**
**रजिस्ट्रार**

**प्रपत्र सं. आईएनसी-26**
**[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]**
केन्द्र सरकार, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) के मामले में
तथा
**सैविअर एनर्जी सिस्टम्स प्राईवेट लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय 4/2916, गली नं. 1-ए, तीसरा तल, बिहारी कॉलोनी, शाहदरा, नई दिल्ली पूर्वी दिल्ली डीएल, 110032 आईएन में है, के मामले में
........ **आवेदक**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 5.2.2020 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कम्पनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केन्द्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजेंः
**4/2916, गली नं. 1-ए, तीसरा तल, बिहारी कॉलोनी, शाहदरा, नई दिल्ली पूर्वी दिल्ली डीएल, 110032**

**कृत्ते एवं के लिये**
**सैविअर एनर्जी सिस्टम्स प्राईवेट लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**स्थानः नई दिल्ली** **रेखा खंडेलवाल**
**तिथिः 19.2.2020** **निदेशक**

**Karur Vysya Bank** Smart way to bank
**मंडल कार्यालय, नं. 6, 3रा तल, सामने मेट्रो पिलर नं. 80, पूसा रोड, करोलबाग, नई दिल्ली-110005**
**फोनः 011-28758374/ 2875375/ 76/ 77,**
**ई-मेलः delhido@kvbmail.com, bhaskaranps@kvbmail.com**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना**

| 1. | **कर्जदार:** श्री मान सिंह पुत्र श्री तेजवीर सिंह **सह-कर्जदार:** श्रीमती राजेश्वर देवी पत्नी श्री मान सिंह **पता:** एलआईजी फ्लैट, नं.एस-02, दूसरा तल, सामने की तरफ, प्लॉट नं. बी-1/1बी, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाज़ियाबाद, उ0प्र0-201102 में निर्मित। | श्री मान सिंह पुत्र श्री तेजवीर सिंह एवं श्रीमती राजेश्वरी देवी के नाम पर उप रजिस्ट्रार (चतुर्थ) गाजियाबाद, यूपी में दस्तावेज/क्रम सं. 2127, बही नं.1, जिल्द नं. 29106, पेज नं. 241 से 2292 दिनांक 03.02.2015 में पंजीकृत साम्यिक बंधक सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से। **सम्पत्ति पता:** एलजीएफ फ्लैट नं. एस-02, दूसरा तल, अग्रभाग, प्लॉट नं. बी-1/18, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, यूपी-201102 पर निर्मित, कुल एरिया-425 वर्ग फीट सम्पत्ति **स्वामित्व श्री मान सिंह पुत्र श्री तेजवीर सिंह जो घिरी है: पूर्व:** प्लॉट नं. बी-1/9 **पश्चिम:** प्लॉट नं. बी-1/17 **उत्तर:** अन्य भूमि **दक्षिण:** 12 मीटर चौड़ी रोड | **29.12.2019 को एनपीए रु.11,12,580/- 12.02.2020 से उस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार के साथ पूरा भुगतान करने तक** (इसके बाद के रूप में भेजा "सुरक्षित ऋण") |

**आपका ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

**कृपया नोट करें कि पूर्व में जारी हमारी सभी मांग सूचनाएं वापिस ली जाती हैं**

स्थान: गाजियाबाद
दिनांक: 12.02.2020

प्राधिकृत अधिकारी,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एलआरपीजी, साहिबाबाद, गाजियाबाद

---

## फॉर्म-जी

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण**

**[दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए(1) के अधीन]**

| संबंधित विवरण | |
|---|---|
| 1. कॉरपोरेट देनदार का नाम | मैसर्स यूटीएम इंजीनियरिंग प्रा. लि. |
| 2. कॉरपोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 12-06-2014 |
| 3. उस ऑथेरिटी का नाम, जिसके अधीन कॉरपोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | कंपनियों के रजिस्ट्रार – दिल्ली |
| 4. कॉरपोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या | CIN: U14107DL2014PTC270321 |
| 5. कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई है) का पता | प्लॉट नं. 26/27/28, गली नं. 2, ब्लॉक-बी, उग्रसेन पार्क, नांगलोई रोड, नजफगढ़, दिल्ली-110043 |
| 6. कॉरपोरेट देनदार के सम्बंध में दिवाला प्रारंभ होने की तिथि | 17.10.2019 (दिनांक 29.10.2019 को प्राप्त आदेश की प्रति) |
| 7. अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण की तिथि | 19.02.2020 |
| 8. कोड की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों के लिए पात्रता निम्नलिखित पर उपलब्ध है: | रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) को रिजॉल्यूशन प्लान के साथ सम्पर्क करने के लिए रिजॉल्यूशन आवेदकों (अकेले, संयुक्त रूप से या कंसोर्टियम) हेतु न्यूनतम पात्रता मानदंड (सहित लेकिन लिमिटेड नहीं) हैः – • व्यक्तियों/बॉडी कॉरपोरेट्स/फर्म/संयुक्त उद्यम/कंसोर्टियम/विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) और अन्य व्यक्तियों के लिए न्यूनतम नेट मूल्य रु. 5 करोड़, दस्तावेज प्रमाण द्वारा समर्थित • निधियों/पीई निवेशकों/एनबीएफसी/वित्तीय संस्थानों के लिए न्यूनतम परिसंपत्ति प्रबंधन के तहत (व्यक्तिगत या समूह स्तर पर) 100 करोड़ रुपये नवीनतम लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार पूर्ण पात्रता मानदंड utm.cirp@gmail.com पर मेल भेजकर प्राप्त कर सकते हैं |
| 9. धारा 29ए के अधीन लागू अयोग्यता के मानक निम्नलिखित पर उपलब्ध हैं: | 29ए और दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के अन्य प्रावधानों के अनुसार आईबीबीआई की वेबसाइट http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php. पर उपलब्ध है। ईमेल utm.cirp@gmail.com पर भेजकर भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। |
| 10. अभिरुचि के अभिव्यक्ति के प्राप्ति की अंतिम तिथि | 05.03.2020 |
| 11. संभावी समाधान आवेदकों के अनंतिम सूची निर्गमन की तिथि | 06.03.2020 |
| 12. अनंतिम सूची के आपत्तियों को जमा करने की अंतिम तिथि | 11.03.2020 |
| 13. संभावी समाधान आवेदकों की अंतिम सूची निर्गमन की तिथि | 12.03.2020 |
| 14. संभावी समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, इवेल्युएशन मैट्रिक्स तथा समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध के निर्गमन की तिथि | 06.03.2020 |
| 15. समाधान योजना, इवेल्युएशन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अधिक जानकारी के लिए अनुरोध प्राप्त करने का तरीका | सभी संभावित संकल्प आवेदक ("पीआरए") अनंतिम सूची में और उन के जिन्होंने अनंतिम सूची में अपने गैर-समावेश के खिलाफ चुनाव लड़ा है उन्हें समाधान योजना (आरएफआरपी), मूल्यांकन मैट्रिक्स और सूचना ज्ञापन के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से अनुरोध किया जाएगा। अधिक जानकारी utm.cirp@gmail.com पर ई-मेल भेजकर प्राप्त की जा सकती है। |
| 16. समाधान को जमा करने की अंतिम तिथि | 06.04.2020 |
| 17. समाधान प्रोफेशनल के पास समाधान योजनाओं को जमा करने का तरीका | **ई-मेल द्वारा** utm.cirp@gmail.com **पर या पंजीकृत पोस्ट/स्पीड पोस्ट या सीलबंद लिफाफे में व्यक्ति द्वारा** |
| 18. अनुमोदन के लिए न्याय निर्णयन प्राधिकारी के पास समाधान योजना को जमा करने की अनुमानित तिथि | 13.04.2020 |
| 19. समाधान प्रोफेशनल का नाम तथा पंजीकरण संख्या | **नाम: श्री राजेश जांगड़ा** **पंजीकरण नं.:** IBBI/IPA-003/IP- N00181/2018-2019/12298 |
| 20. समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता तथा ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है | **नाम: श्री राजेश जांगड़ा** **पता: ईडी -15 सी, पीतमपुरा, दिल्ली - 110034** ईमेल: jangraadvocate@gmail.com |
| 21. समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त होने वाला पता तथा ई-मेल | **पता : ईडी -15 सी, पीतमपुरा, दिल्ली - 110034** **ईमेल :** utm.cirp@gmail.com |
| 22. अधिक विवरण निम्नलिखित पर या के पास उपलब्ध है: | **संकल्प पेशेवर श्री राजेश जांगड़ा के साथ ईडी-15 सी, पीतमपुरा, दिल्ली-110034** |
| 23. फॉर्म-जी के प्रकाशन की तिथि | 19.02.2020 |

नोट:
1. प्राप्त सभी ईओआई की समीक्षा आरपी के साथ-साथ सीओसी द्वारा की जाएगी और इसके बाद प्रक्रिया से संबंधित जानकारी/दस्तावेज शॉर्टलिस्ट की गई पार्टियों को प्रदान किए जाएंगे। आरपी/सीओसी के पास किसी भी समय ईओआई के मानदंड को बदलने का विवेक होगा।
2. आरपी/सीओसी बिना किसी कारण बताए और बिना किसी देयता के प्रक्रिया/आवेदन को रद्द करने या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**राजेश जांगड़ा**
संकल्प पेशेवर IBBI/IPA-003/IP-N00181/2018-2019/12298
ईडी-15 सी, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
कृते मैसर्स यूटीएम इंजीनियरिंग प्रा. लि.

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 19.02.2020

---

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व का कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
सीआईएन : L65110TN2014PLC097792
**पंजीकृत कार्यालय :** केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेत, चेन्नई-600031. दूरभाष : +91 44 4564 4000 । फैक्स : +91 44 4564 4022.
**अधिकृत प्राधिकारी : श्री अमृतपाल सिंह गिल । सम्पर्क नम्बर :** +91-9999776185

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]**
**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्वारा सामान्य रूप से जनता को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवीकृत/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिस पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व का कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड अब आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के अधिकृत प्राधिकारी ने भौतिक कब्जा किया है, का अम्बे ऑटो, राकेश कुमार सरना, अनुराधा बब्बर, भारत भूषण बब्बर (कर्जदार तथा सहकर्जदार) से बैंक के 4 मई, 2019 तक बकाये रु. 7,22,71,085/- की राशि की वसूली के लिए 27.02.2020 को अथवा इसके पश्चात "जो है यहीं है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" के आधार पर बिक्री की जायेगी।
आरक्षित मूल्य रु. 3,00,15,000/- होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

सम्पत्ति सं. ए-14, खसरा नं. 570/1, देवली रोड, खानपुर एक्सटेंशन, दिल्ली-110062 का सम्पूर्ण भाग। विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट में प्रावधानित लिंक www.idfcfirst-bank.com देखें।

**नोट:** कर्जदारों तथा सह-कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसामान्य को एतद्वारा सूचित किया जाता है, कृपया ध्यान दें कि 27.02.2020 को या इसके पश्चात सम्पत्ति की बिक्री हेतु निजी सन्धि एतद्वारा वर्तमान सूचना के द्वारा वापस ली जाती है और इस निजी सन्धि सूचना के नियम एवं शर्तें वैध रहेंगी।

ह./-
अधिकृत प्राधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व का कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

दिनांक: 19.02.2020

---

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया / Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**शाखा कार्यालय: सेक्टर-15, एससीएफ 37-38, मैन मार्केट, फरीदाबाद**

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सेक्टर-15, **फरीदाबाद शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक **30/11/2019** जारी की थी जिसके द्वारा **कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर: श्री कुल भूषण सचदेव पुत्र श्री जी.के. सचदेव, श्रीमती शशि सचदेव पत्नी श्री कुल भूषण सचदेव, श्री रजत सचदेव पुत्र श्री कुल भूषण सचदेव, श्री राहुल सचदेव पुत्र श्री कुल भूषण सचदेव, श्री रोहित सचदेव पुत्र श्री कुल भूषण सचदेव, सभी निवासी बी-23, पहला तल, अशोका आरकेड, ग्रेटर कैलाश पार्ट-1, नई दिल्ली-110048,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.1,18,60,484/- (एक करोड़ अठारह लाख साठ हजार चार सौ चौरासी रूपये मात्र)** अर्जित ब्याज के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार/सह-कर्जदार एवं गारंटरों** को इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण **कर्जदार/सह-कर्जदार एवं गारंटरों** तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी** ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 4 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित **सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 14 फरवरी, 2020** को ले लिया है। **कर्जदार एवं गारंटर** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु.1,18,60,484/- (एक करोड़ अठारह लाख साठ हजार चार सौ चौरासी रूपये मात्र) और उस पर 30.11.2019 से ब्याज एवं अन्य खर्चों के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सेक्टर-15, फरीदाबाद शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

**आपका ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद 13 के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

**श्री शशि सचदेव पत्नी श्री कुलभूषण सचदेव एवं श्री राहुल सचदेव पुत्र श्री कुलभूषण सचदेव** के स्वामित्वाधीन सम्पत्ति सं. बी-23, ब्लॉक-बी, ग्रेटर कैलाश पार्ट-1, नई दिल्ली-110048 में बेसमेंट के साथ चार मंजिला भवन में चार फ्लैट का उत्तर-पश्चिम भाग-530 वर्ग यार्ड पर आवासीय भवन का भाग) सम्पत्ति/फ्रीहोल्ड आवासीय यूनिट/फ्लैट नं. डी1 एवं डी2 प्रत्येक परिमाप 700 वर्ग फीट कुल परिमाप 1400 वर्ग फीट बिना छत अधिकार भूमि पर अविभाजित आनुपातिक हिस्सा।

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 14.02.2020

प्राधिकृत अधिकारी
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

---

## वसूली अधिकारी-I का कार्यालय, ऋण वसूली न्यायाधिकरण -III, दिल्ली

चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली-110001

**बिक्री उद्घोषणा सूचना**

आरसी सं. 812/2018 — दिनांकित : 01.02.2020

बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं को देय ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 38, 52 (2) के तहत बिक्री की उद्घोषणा

**देना बैंक बनाम मैसर्स श्यामजी ट्रेडिंग कं. एवं अन्य**

**सीडी सं. 1** मैसर्स श्यामजी ट्रेडिंग कं., प्रोपराईटर श्री भारत भुषण गुप्ता, प्लॉट नं. 1 ब्लॉक-एफ, पॉकेट-18, सेक्टर-8, रोहिणी दिल्ली-110085, **इसके अलावा:** प्लॉट नं. 25 पॉकेट डी, सेक्टर-2, डीएसआईआईडीसी इंडिस्ट्रयल एरिया बवाना दिल्ली-110039 **इसके अलावा:** शॉप/ऑफिस नंबर 11, फर्स्ट फ्लोर, प्लॉट 128, संपत्ति नंबर 1915 (पुराना) 4080-81 (नया) नया बाजार, चांदनी चौक, दिल्ली -110006

**सीडी सं. 2** भारत भूषण गुप्ता, पुत्र श्री स्वर्गीय श्यामजी गुप्ता, प्लॉट नंबर 1, ब्लॉक एफ, पॉकेट 18, सेक्टर -8, रोहिणी, दिल्ली -110085, **इसके अलावा:** प्लॉट नंबर 25, पॉकेट डी, सेक्टर 2, डीएसआईआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र, बवाना, दिल्ली -110039, **इसके अलावा:** शॉप/ऑफिस नंबर 11, फर्स्ट फ्लोर, प्लॉट 128, संपत्ति नंबर 1915 (पुराना) 4080-81 (नया) नया बाजार, चांदनी चौक, दिल्ली -110006।

**सीडी सं. 3** सावित्री देवी, पत्नी श्री स्वर्गीय श्यामजी गुप्ता प्लॉट नंबर 1, ब्लॉक एफ, पॉकेट 18, सेक्टर -8, रोहिणी, दिल्ली -110085, **इसके अलावा:** प्लॉट नंबर 25, पॉकेट डी, सेक्टर 2, डीएसआईआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र, बवाना, दिल्ली -110039, **इसके अलावा:** शॉप/ऑफिस नंबर 11, फर्स्ट फ्लोर, प्लॉट 128, संपत्ति नंबर 1915 (पुराना) 4080-81 (नया) नया बाजार, चांदनी चौक, दिल्ली -110006।

**जबकि आप पीठ अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण-III, दिल्ली द्वारा ओ.ए. सं. 114/2017 में आहरित वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार देय रू. 1,30,74,138.61/- (रूपए एक करोड़ तीस लाख चौहत्तर हजार एक सौ अंडतीस तथा पैसे इकसठ मात्र) की राशि, प्रमाणपत्र के अनुसार लागत, अनुषंगी खर्चे तथा यह ओ. ए. दाखिल करने की तिथि यानि 28.02.2017 से 12 प्रतिशत की दर पर साधारण ब्याज सहित, चुकाने में असफल रहे हैं।**

**और जबकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त वसूली प्रमाणपत्र के समाधान में नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री करने का आदेश दिया है। एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कोई स्थगन आदेश नहीं होने की स्थिति में, उक्त सम्पत्ति 10.04.2020 को अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच (समाप्ति से पूर्व अंतिम 5 मिनट में कोई बोली आने की स्थिति में स्वतः विस्तार क्लॉज सहित, यदि अपेक्षित है) सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (एबीसी प्रोक्योर), ए-201/208, वॉल स्ट्रीट-II, ओरियंट क्लब के सामने, गुजरात कालेज के निकट, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006 गुजरात (भारत) फोन : +91 079 61200594/598/568/587/538 के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बोलीदान" द्वारा बेची जाएगी। किसी पूछताछ हेतु सम्पर्क करें श्री नितिश झा मोबाईल नं. 7982880393, ईमेल: delhi@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net**

**आगे विवरण के लिए सम्पर्क करें : सीएच बैंक श्री सिद्धार्थ त्यागी झा मोबाई नं. 8890950000**

**उपरोक्त नामक प्रतिवादी की जिस सम्पत्ति की बिक्री की जाएगी, उसका वर्णन नीचे अनुसूची में किया गया है तथा उक्त सम्पत्ति की देयताएं तथा संबंधित दावे, जिनका अभी तक अभिनिश्चयन किया गया है, अनुसूची में प्रत्येक लॉट के सामने वर्णित अनुसार हैं।**

**बिक्री से संबंधित कोई ड्यूटी करने वाला कोई भी अधिकारी अथवा अन्य व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति के लिए बोली नहीं लगाएगा, बेची गई सम्पत्ति में कोई हित अर्जित नहीं करेगा अथवा अर्जित करने का प्रयास नहीं करेगा। यह बिक्री आय कर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित शर्तों और उनके तहत बनाए गए नियमों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के तहत होगी।**

**संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, असत्यकथन या विलोपन के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।**

**1. सम्पत्तियों का वर्णन, सुरक्षित मूल्य तथा ईएमडी निम्नानुसार हैं :**

| क्र. सं. | सम्पत्ति विवरण | सुरक्षित मूल्य/ईएमडी |
|---|---|---|
| 1. | **इसके अलावा:** शॉप/ऑफिस नंबर 11, फर्स्ट फ्लोर, प्लॉट 128, संपत्ति नंबर 1915 (पुराना) 4080-81 (नया) नया बाजार, चांदनी चौक, दिल्ली -110006। | रू.16,77,700/- (रूपए सोलह लाख सत्तर हजार सात सौ मात्र) ईएमडी रू. 1,67,770/- (रूपए एक लाख सड़सठ हजार सात सौ सत्तर मात्र) |

**2. सम्पत्तियां सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएंगी।**
**3. रकम जिससे बोली बढ़ायी जायेगी, वह रू. 50,000/- (रू. पचास हजार मात्र) है। बोली अथवा बोलीदाता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में लॉट की नीलामी तत्काल दोबारा की जाएगी।**
**4. उच्चतम बोलीदाता को क्रेता घोषित किया जाएगा। उच्चतम बोली अस्वीकार/स्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का विवेकाधिकार होगा, यदि पेश की गई ऑफर उसको स्वीकार किए जाने हेतु स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत होती है।**
**5. ईएमडी वसूली अधिकारी-I, ऋण वसूली न्यायाधिकरण-III, दिल्ली के पक्ष में डीडी/पे आर्डर के रूप में 08.04.2020 तक लिफाफे में वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली के पास जमा की जाएगी। उसके बाद जमा की गई ईएमडी ई-नीलामी में भाग लेने हेतु स्वीकार्य नहीं होगी।**
**6. पैन कार्ड, पता प्रमाण तथा पहचान प्रमाण की प्रति, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर तथा घोषणा यदि वे अपनी स्वयं की ओर से अथवा अपने प्रधानों की ओर से बोली दे रहे हैं। उत्तरवर्ती मामले में, उन्हें प्राधिकारपत्र प्रस्तुत करना होगा तथा चूक करने पर उनकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी। कम्पनी के मामले में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति या कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी के प्रतिनिधित्व/अटॉर्नी की पुष्टि करता हो, जमा करना होगा और ऐसी जमा की रसीद/प्रतिपन्ना उक्त सेवा प्रदाता या सीएच बैंक को ई-मेल द्वारा या अन्य प्रकार से उक्त तिथि तक प्राप्त हो जानी चाहिए और उसकी हार्ड कॉपी वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।**
**7. सफल बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली की 25 प्रतिशत राशि, ईएमडी समायोजन के बाद, अगले बैंक कार्य दिवस को अर्थात अप. 03.00 बजे तक उक्त खाते में वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली के पक्ष में डीडी द्वारा जमा करनी होगी।**
**8. क्रेता को अंतिम बोली की 75 प्रतिशत राशि सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से 15 वें दिन को अथवा पूर्व जमा करनी होगी। यदि 15वां दिन रविवार या अवकाश है, तब 15वें दिन के बाद पहले बैंक कार्य दिवस को ऊपर पैरा 4 में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त क्रेता को रू. 1,000/- तक 2 प्रतिशत की दर पर तथा रू. 1,000/- से अधिक पर 1 प्रतिशत की दर पर निरोध शुल्क "दि रजिस्ट्रार, डीआरटी-III, दिल्ली" के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली के पास जमा करना होगा।**
**9. सम्पत्ति संभावित बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण के लिए 03.04.2020 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. .4.00 बजे तक खुली रहेगी।**
**10. निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री नए सिरे से की जाएगी। ऐसी बिक्री से पहले उसकी नई उद्घोषणा जारी की जाएगी। बोलीदाता द्वारा पहले जमा की गई राशि, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, बिक्री के व्यय काटने के बाद, सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता के, सम्पत्ति अथवा उसके किसी अंश अथवा सम्पत्ति की पुनरबिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी अंश के संबंध में, सभी दावे मान्य होंगे।**
**11. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है तथा जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।**
**12. अधोहस्ताक्षरी के पास अनुपयुक्त पाई जाने पर किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने अथवा किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।**
**13. इस समय अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में सम्पत्तियों के संबंध में कोई राजस्व/ऋणभार अथवा मांगदावा का विवरण नहीं है। तथापि, संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे, अपने स्वयं के हित में, ईएमडी जमा करने से पूर्व बिजली/पानी/गृह कर बिल के बकाया अथवा किसी अन्य ऋणभार के संबंध में सावधानीपूर्वक जांच कर लें।**
**14. असफल बोलीदाताओं को उनकी ईएमडी की वापसी के लिए आरसी की सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि को अथवा पूर्व एक आवेदन डीआरटी-III की रजिस्ट्री में पहचान प्रमाण के साथ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है। ईएमडी तदनुसार आरसी की सुनवाई की निर्धारित/अनुवर्ती तिथि को वापस की जाएगी।**
**15. यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, असत्यकथन या विलोपन के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।**
**16. सीएच बैंक को इसमें दिए गए विवरण की सत्यता की जांच करने तथा प्रमाणित करने का निर्देश दिया जाता है।**

मेरे हस्ताक्षर तथा मोहर के साथ आज दिनांक 01 फरवरी, 2020 को दिया गया।

(अनिल कुमार यादव)
वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली

---

## इण्डियन ओवरसीज बैंक

पानीपत ब्रांच (1297) एससीएफ 38 सैक्टर 11-12, हुडा जिला-पानीपत फोन : 0180-2660852, ई-मेल- iob1297@iob.in

**कब्जा सूचना (सांकेतिक) (परिशिष्ट-IV(नियम 8(1))**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इण्डियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांक **09.08.2019** जारी की थी, जिसमें उधारकर्ताओं/बन्धककर्ताओं/गारंटरों **मैसर्स पुन्या ट्रेडिंग क. (प्रोप. श्री दीपचन्द गाबा पुत्र भगवान दास गाबा), प्लॉट नं. 48सी, हुडा सैक्टर-25, पार्ट-II, पानीपत, हरियाणा-132103** (यहां इसमें आगे उधारकर्ताओं कहे गए हैं), **श्री लोकेश गाबा पुत्र दीपचन्द गाबा (गारन्टर), श्रीमति राम देवी पत्नी श्री दीपचन्द्र गाबा (गारन्टर), श्रीमति रेनू गाबा पत्नी श्री लोकेश गाबा (गारन्टर)** से सूचना में वर्णितानुसार 31.07.2019 तक बकाया राशि **रु. 39,16,851.55 (रु. उन्तालीस लाख सोलह हजार आठ सौ इक्यावन और पचपन पैसे मात्र)** वसूलीकरण की तिथि तक संविदात्मक दरों तथा अंतरालों पर भावी ब्याज एवं प्रभारों इत्यादि के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर चुकाने की मांग की गई थी।

(1) उधारकर्तागण निर्धारित देय राशि चुकाने में विफल हो चुके हैं, अतः एतद्द्वारा उधारकर्ताओं तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **13 फरवरी, 2020** को ग्रहण कर लिया है।

उधारकर्ताओं को विशिष्ट रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति का लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति का कोई भी लेन-देन 31.07.2019 तक बकाया **रुरु. 39,16,851.55 (रु. उन्तालीस लाख सोलह हजार आठ सौ इक्यावन और पचपन पैसे मात्र)** की एक राशि तथा उपर्युक्त वर्णित तिथि से भुगतान की तिथि तक, मांग सूचना के निर्गमन उपरान्त किए गए प्रतिभुगतानों, यदि कोई हुए हों, को घटाकर, उस पर अनुबंधितानुसार संविदात्मक दरों पर ब्याज एवं शेषों, प्रभारों इत्यादि हेतु इण्डियन ओवरसीज बैंक के प्रभाराधीन होगा। कब्जा लिए जाने की तिथि के अनुसार भुगतानयोग्य देयराशि भुगतान किए जाने की तिथि तक संविदात्मक दरों पर भावी ब्याज एवं शेषों, प्रभारों इत्यादि के साथ 31.01.2020 तक **रु. 41,38,263.55 (रु. इकतालीस लाख अड़तीस हजार दो सौ तिरसठ और पचपन पैसे मात्र)** है।

(2) उधारकर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत परिसम्पत्तियां छुड़ाने के लिए, उनके पास उपलब्ध समय के संदर्भ में, अधिनियम की धारा 13 के उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

प्रापर्टी नं. 915, वार्ड नं. 7, नियर पचरंगा बाजार, एम सी लिमिट पानीपत माप 118.70 वर्ग गज, श्री दीपचन्द गाबा पुत्र भगवान दास गुप्ता के स्वामित्व में कॉमर्शियल एवं आवासीय बिल्डिंग स्थित

**दिनांक : 13.02.2020, स्थान : पानीपत** — **प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज बैंक**

---

## HDB FINANCIAL SERVICES

From the trusted family of HDFC Bank

**पंजीकृत कार्यालय:** राधिका, 2रा तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद-380009 **शाखा कार्यालय:** एचडीएफसी बैंक, 1ला तल, 3रा पार्क स्ट्रीट, पिंक सिटी पेट्रोल पम्प के सामने, एमआई रोड, जयपुर, राजस्थान-302006

**सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना**

आप नीचे वर्णित ऋणधारक तथा सह-ऋणधारक तथाा गारन्टरों ने अपनी अचल सम्पत्तियों को गिरवी रखकर एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेस से ऋण(णों)/वित्तीय सुविधा(एँ) प्राप्त की है तथा उसे वापस लौटाने में चूक की है। आपकी चूक के उपरांत आपके ऋणों को गैर-प्रचालन परिसम्पत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। तदुपरान्त, कम्पनी ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी की जिसका विषय-वस्तु प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 (1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (2) के अनुसार प्रकाशित किया जा रहा है तथा वैकल्पिक सेवा के माध्यम से आपको सूचित किया जा रहा है।

ऋणधारकों, सह-ऋणधारकों, ऋण खाता सं., ऋण राशि, धारा 13 (2) के अंतर्गत मांग सूचना तिथि, सूचना में दावा की गई राशि, एनपीए तिथि एवं प्रतिभूतियों का विवरण इस प्रकार हैः

| | |
|---|---|
| 1. | **ऋणधारक एवं सह-ऋणधारक का नामः** मुकेश कुमार सैनी, दिनेश कुमार सैनी, कैलाश देवी सैनी एवं रमेश चन्द सैनी, सभी डी-68, इंजीनियर्स कॉलोनी, एम.एल.ए. क्वा. के सामने, न्यू संगनेर रोड, मानसरोवर तथा साथ हींः कार्यालय का पताः 49, ओ ब्लॉक, इंजीनियर्स कॉलोनी, न्यू सांगनेर रोड, जयपुर, राजस्थान-302020, कैलाश देवी सिंह, साथ हीं फ्लैट नं. टी-112, प्रथम तल, फेज-1, ब्लॉक-3 रंगोली गार्डन रोड, खसरा नं. 234/2, 234/308/2 एवं 236 में स्थित, ग्राम कणकपुरा, जयपुरा, रमेश चंद सैनी, साथ हींः प्लॉट नं. ई-2 स्कीम नं. 6 डी इंजीनियर कॉलोनी मनीव्यावस, न्यू संगनेर रोड जयपुर, साथ हींः नया प्लॉट नं. ई-1 (पुराना पी नं. 205), स्कीम नं. 6-डी, इंजीनियर्स कॉलोनी, साथ हींः न्यू प्लॉट नं. डी-68 (पुराना पी नं. 207) स्कीम नं. 6-डी, इंजीनियर्स कॉलोनी, ऋण खाता सं. 766948, 1322078, ऋण राशिः रु. 30,000,000.00 (रुपये तीन करोड़ मात्र) ऋण खाता संख्या 766948 द्वारा तथा रु. 7,000,000.00 (रुपये सत्तर लाख मात्र) ऋण खाता संख्या 1322078 द्वारा, मांग सूचना तिथि 28.01.2020, मांग की गई राशिः क) ऋण खाता सं. 766948 के लिये 28 जनवरी, 2020 को बकाया राशि का बायफर्केशन एवं ख) ऋण खाता संख्या 1322078 के लिये 28 जनवरी, 2020 को बकाया राशि का बायफर्केशन (क)+ (ख) अर्थात् रु 22,128,027.27/- (रुपये दो करोड़ इक्कीस लाख अटठाईस हजार सत्ताईस तथा पैसे सत्ताईस मात्र) 28 जनवरी, 2020 को तथा वास्तविक वसूली तक अनुबंधित आगे का ब्याज, अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि। एनपीए तिथिः 3.11.2019, प्रतिभूति का विवरण सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्साः सम्पत्ति सं. 1. सम्पत्ति प्लॉट नं. ई-2, स्कीम नं. 6-डी, इंजीनियर कॉलोनी मनीव्यावस, न्यू संगनेर रोड, जयुपर, सम्पत्ति के एरिया की माप 400 वर्ग यार्ड्स। सम्पत्ति की चौहद्दीः पूर्वः अन्य सम्पत्ति पी. नं. 205, पश्चिम रोड, उत्तरः अन्य सम्पत्ति पी. नं. 184, दक्षिणः रोड, सम्पत्ति सं. 2ः सम्पत्ति फ्लैट नं. टी-112, प्रथम तल, फेज-1, ब्लॉक-3 रंगोली गार्डन रोड, खसरा नं. 234/2, 234/308/2, एवं 236 में स्थित, गार्डन रोड, खसरा नं. 234/2, 234/308/2, एवं 236 में स्थित ग्राम कणकपुरा, जयपुर, सम्पत्ति माप 1176 वर्ग फीट का सभी भाग, सम्पत्ति की चौहद्दीः पूर्वः ब्लॉक नं. 4, पश्चिमः फ्लैट नं. टी-110, उत्तरः खुला, दक्षिणः फ्लैट नं. टी-111, सम्पत्ति सं. 3, सम्पत्ति नया प्लॉट नं. ई-1 (पुराना पी. नं. 205), स्कीम नं. 6-डी इंजीनियर्स कॉलोनी मन्वीयावास, न्यू संगनेर रोड, जयपुर, एरिया माप 4650 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा। सम्पत्ति की चौहद्दीः पूर्वः रोड, पश्चिमः अन्य प्लॉट नं. 204, उत्तरः अन्य प्लॉट पी. नं. 184, दक्षिणः रोड, सम्पत्ति सं. 4 सम्पत्ति नया प्लॉट नं. डी-68 (पुराना पी. नं. 207) स्कीम नं. 6, डी इंजीनियर कॉलोनी, मन्वीयावास, न्यू संगनेर रोड, जयपुर, एरिया माप 455 वर्ग यार्डस, सम्पत्ति की चौहद्दीः उत्तरः 25 फीट रोड, दक्षिण अन्य प्लॉट, पूर्व अन्य प्लॉट, पश्चिमः 40 फीट रोड। |
| 2. | ऋणधारक एवं सह-ऋणधारकों का नामः जीनत प्लाईवुड एंड टिम्बर्स, आसिफ अली, असगर अली, दानिश अली, एमओ सबीर, नजमा बेगम एम, जीनत प्लाईवुड एंड टिम्बर्स एवं मोहम्मद साबिर अली, सभीः 51, ए उद्योग नगर, निबारू रोड, झोटवारा, जयपुर 302012, राजस्थान तथा साथ ही सभीः 51, 51ए, उद्योग नगर, निबारू रोड, झोटवारा, जयपुर 302012, राजस्थान तथा साथ हीः 76, उद्योग नगर, निबारू रोड, झोटवारा, जयपुर 302012, राजस्थान, ऋण खाता सं. 1103029 एवं 1757518, ऋण राशिः रु. 15,000,000.00 (रुपये एक करोड़ पचास लाख मात्र) ऋण खाता संख्या 113029 द्वारा तथा रु. 6,011,215.00 (रुपये साठ लाख ग्यारह हजार दो सौ पन्द्रह मात्र) ऋण खाता संख्या 1757518 द्वारा। मांग सूचना तिथिः 29.1.2020, मांग की गई राशिः क) ऋण खाता संख्या 113029 के लिये 29 जन. 2020 को बकाया राशि का बाईफर्मेशन एवं ख) ऋण खाता संख्या 1757518 के लिये ऋण खाता के लिये 29 जनवरी, 2020 को बकाया राशि बायफर्मेशन, दोनों (क)+(ख) अर्थात् रु. 19074214.80 (क)+(ख) अर्थात् रु. 19074214.80 (रुपये एक करोड़ नब्बे लाख चौहत्तर हजार दो सौ चौदह एवं पैसे अस्सी मात्र) 29 जनवरी, 2020 को तथा वास्तविक वसूली तक आगे का अनुबंधित ब्याज, लागत, अन्य अनुषांगिक खर्चे तथा चार्जेज आदि। **एनपीए तिथिः** 4.12.2019, प्रतिभूति का विवरणः सम्पत्ति सं. 1ः सम्पत्ति प्लॉट नं. 76, उद्योग विहार, झोटवारा, जयपुर, सम्पत्ति एरिया 216.84 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा। **सम्पत्ति सं. 2ः** सम्पत्ति प्लॉट नं. 51-ए, उद्योग नगर, झोटवारा, जयपुर, माप 150 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा। **सम्पत्ति सं. 3ः** सम्पत्ति पी नं. 51, उद्योग नगर, झोटवारा, जयपुर माप 150 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा। |
| 3. | ऋणधारक एवं सह-ऋणधारकों का नामः मुकेश कुमार तथा पर्मिला यादव, दोनोंः 160, कस्तूरबा नगर, पीओ श्याम नगर, जयपुर-302019 राजस्थान, ऋण खाता नं. 1596359, 3163486, ऋण राशिः रु. 9700000.00 (रुपये सत्तानवे लाख मात्र) ऋण खाता सं. 1472034 द्वारा तथा रु. 1,200,000.00 (रुपए बारह लाख मात्र) ऋण खाता संख्या 2457036; मांग सूचना तिथिः 29.1.2020, मांग की गई राशिः क) ऋण खाता सख्या 1596359 के लिये 29 जनवरी, 2020 को बकाया राशि का बायफर्मेशन एवं ख) ऋण खाता सं. 3163486 के लिये 29 जनवरी, 2020 को बकाया राशि का बायफर्मेशन। दोनों (क)+(ख) अर्थात् रु. 13675526.31 (रुपये एक करोड़ छत्तीस लाख पचहत्तर हजार पांच सौ छब्बीस तथा पैसे इक्कतीस मात्र) 29 जनवरी, 2020 को तथा वास्तविक वसूली तक अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज तथा अनुषांगिक खर्चे, लागत एवं चार्जेज आदि। एनपीए तिथिः 3.10.2019; प्रतिभूति का विवरणः सम्पत्ति सं. 1, प्लॉट नं. 160, कस्तूरबा नगर, अजमेर रोड, जयपुर, माप 266.66 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा। **सम्पत्ति की चौहद्दीः** उत्तरः अन्य, दक्षिणः रोड 30', पूर्वः प्लॉट नं. 61, पश्चिमः प्लॉट नं. 159 |
| 4. | **ऋणधारक एवं सह-ऋणधारकों का नामः** मै. पलमार्ट, प्रेम लता एवं सुरेन्द्रपाल, सभीः 153 आरटीओ लिंक रोड, इण्डेन गैस गोदाम के सामने, बहदवसिया जोधपुर 342001, राजस्थान तथा साथ हीः मकान सं. 59, विश्वकर्मा नगर, बहदवसिया, जोधपुर-342001, राजस्थान, तथा साथ हींः प्लॉट नं. 153-ए एवं 153-बी (उत्तर दक्षिण भाग) खसरा नं. 64, 67, 68 एवं 72, गुलजार नगर, भदवसिया, बीजेएस कॉलोनी के निकट, जोधपुर 342001, ऋण खाता सं. 3958022 एवं 2427543, ऋण राशिः रु. 5,500,000.00 (रुपये पचपन लाख मात्र), ऋण खाता सं. 3958022 द्वारा तथा रु. 17500000.00 (रुपये एक करोड़ पहचत्तर लाख मात्रः ऋण खाता सं.2427543 द्वारा। मांग सूचना तिथिः 29.01.2020, मांग की गई राशिः क) ऋण खाता सं. 3958022 के लिये 29 जनवरी, 2020 को बकाया राशि का बायफर्केशन एवं ख) ऋण खाता सं. 2427543 के लिये 29 जनवरी, 2020 को बकाया राशि का बायफर्केशन। दोनों (क)+ (ख) अर्थात 21824103.76 (रुपये दो करोड़ अठारह लाख चौबीस हजार एक सौ तीन तथा पैसे छियत्तर मात्र) 29 जनवरी, 2020 को तथा उसके साथ वास्तविक वसूली तक अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज, अनुषांगिक खर्चे, लागत तथा चार्जेज आदि। एनपीए तिथिः 4.12.2019, प्रतिभूति का विवरणः सम्पत्ति प्लॉट नं. 153-ए एवं 153-बी (उत्तर एवं दक्षिण भाग) खसरा नं. 64, 67, 68 एवं 72, गुलजार नगर, भदसिया, बीजेएस कॉलोनी के निकट, जोधपुर 342001 का सभी भाग तथा हिस्सा। सम्पत्ति की चौहद्दीः उत्तरः खसरा नं. 64, दक्षिणः रोड 35', पूर्वः प्लॉट नं. 152, पश्चिमः रोड। |

अतएव, आप ऋणधारकों/ सह-ऋणधारकों तथा गारन्टरों को निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना के 60 दिनों के भीतर यहां ऊपर वर्णित आगे के ब्याज के साथ उपरोक्त मांग की गई सम्पूर्ण राशि का भुगतान करें जिसमें विफल होने पर अधोहस्ताक्षरी ऊपर वर्णित प्रतिभूतियों को प्रवर्तित करने के लिए अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाई करने के लिए बाध्य होंगे।

**(ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।)**

कृपया, ध्यान रहे कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अंतर्गत आप हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य रूप से उपरोक्त प्रतिभूतियों को अंतरित करने के अधिकार से वंचित हैं तथा अधिनियम की धारा 13 (13) का उल्लंघन उक्त अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए कृपया सम्पर्क करेंः श्री प्रशांत राठोर, फोनः 9928818000, जीतेन्द्र सिंह, 9983291777

स्थानः मुम्बई
तिथिः 17.02.2020

हस्ता./-एचडीबी फाइनांसियल सर्विसेज लिमिटेड के लिए
(प्राधिकृत अधिकारी)

## खबर कोना

बर्लिन : अमेरिकी जिमनास्ट सिमोन बाइल्स ने इस साल के लारेस का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

### सानिया-गर्सिया दुबई ओपन युगल प्री क्वार्टर फाइनल में

दुबई, 18 फरवरी (भाषा) ।

भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और फ्रांस की उनकी जोड़ीदार कारोलिन गर्सिया ने मंगलवार को यहां रूस की अल्ला कुद्रीयावत्सेवा और स्लोवानिया की कैटरीना सर्बोतनिक पर संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सानिया और गर्सिया की जोड़ी ने पहले दौर में अपनी रूसी प्रतिद्वंद्वी टीम पर 6-4, 4-6, 10-8 से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला चीन की साइसाइ च्यांग और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेसीकोवा की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। तैंतीस वर्षीय सानिया पिंडली की चोट से उबरने के बाद दुबई ओपन में वापसी कर रही है।

### मनप्रीत की अगुआई में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगा भारत

नई दिल्ली, 18 फरवरी (भाषा)।

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज आस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 और 22 फरवरी को खेले जाने वाले एफआइएच प्रो लीग मुकाबले के लिए हॉकी इंडिया ने मनप्रीत सिंह की अगुआई में मंगलवार को 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले के लिए हरमनप्रीत सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। हाल ही में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंची भारतीय टीम ने एफआइएच प्रो लीग के पिछले मुकाबले में विश्व चैम्पियन बेल्जियम को पहले मैच में 2-1 से हराया था जबकि दूसरे मुकाबले में उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। 24 सदस्यीय टीम में गोलकीपर पीआर श्रीजेश और कृष्ण पाठक के अलावा अमित रोहिदास, सुरेंद्र कुमार, बीरेंद्र लकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, गुरिंदर सिंह और रूपिंदर पाल सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं।

### एआइएफएफ को एएफसी की 'ब्रांज लेवल' सदस्यता मिली

नई दिल्ली, 18 फरवरी (भाषा) ।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) को एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की 'ग्रासरूट चार्टर ब्रांज लेवल' सदस्यता मिली है जिससे यह राष्ट्रीय महासंघ अपनी आधारभूत प्रतियोगिताओं को एएफसी से मान्यता प्राप्त के रूप में बढ़ावा दे सकता है। एआइएफएफ महासचिव कुशाल दास को भेजे गए पत्र में एएफसी ने लिखा है, हमें आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि आपके 'एएफसी ग्रासरूट चार्टर' की 'ब्रांज लेवल' सदस्यता के आवेदन को एएफसी ग्रासरूट पैनल ने 14 फरवरी 2020 को मंजूरी दे दी है। एएफसी ग्रासरूट चार्टर की शर्तों के अनुसार अब एआइएफएफ अपनी जमीनी स्तर की प्रतियोगिताओं और गतिविधियों को एएफसी के सहयोग और मान्यता प्राप्त के रूप में बढ़ावा दे सकता है। दास ने इसे एआइएफएफ के सभी अच्छे कार्यों को मान्यता मिलना करार दिया। उन्होंने कहा, इससे निश्चित तौर पर हमें जमीनी स्तर के साथ युवा लीग के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# तेंदुलकर को मिला लारेस का सर्वश्रेष्ठ खेल लम्हे का पुरस्कार

बर्लिन 18 फरवरी (भाषा) ।

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को 2000 से 2020 तक के लारेस सर्वश्रेष्ठ खेल लम्हे के पुरस्कार के लिए चुना गया। उधर मौजूदा कप्तान विराट कोहली ने भी तेंदुलकर को इस पुरस्कार को जीतने पर बधाई दी।

भारतीय प्रशंसकों के समर्थन से तेंदुलकर को इस पुरस्कार के लिए सबसे ज्यादा मत मिले। भारत की 2011 विश्व कप में जीत के संदर्भ में तेंदुलकर से जुड़े लम्हे को 'कैरीड ऑन द शोल्डर्स ऑफ ए नेशन' शीर्षक दिया गया था। टेनिस के महान खिलाड़ी बोरिस बेकर ने इस पुरस्कार की घोषणा की जिसके बाद आस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर स्टीव वॉ ने तेंदुलकर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। लगभग नौ साल पहले तेंदुलकर अपने छठे विश्व कप में खेलते हुए विश्व खिताब जीतने वाली टीम के सदस्य बने थे।

भारतीय टीम के सदस्यों ने इसके बाद तेंदुलकर को कंधे में उठाकर मैदान का 'लैप ऑफ ऑनर' लगाया था और इस दौरान इस दिग्गज बल्लेबाज की आंखों से आंसू गिर रहे थे। भारत ने विश्व कप फाइनल में जीत तेंदुलकर के घरेलू मैदान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दर्ज की थी। पुरस्कार के लिए सूची में पहले 20 दावेदारों को शामिल किया गया था लेकिन वोटिंग के बाद सिर्फ पांच दावेदारों को सूची में जगह मिली थी जिसमें तेंदुलकर विजेता बने।

*सम्मान* बोरिस बेकर ने इस पुरस्कार की घोषणा की, स्टीव वॉ ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित *2011 विश्व कप* में जीत के संदर्भ में तेंदुलकर से जुड़े लम्हे को दिया गया था शीर्षक 'कैरीड ऑन द शोल्डर्स ऑफ ए नेशन *पुरस्कार के लिए सूची में* पहले 20 दावेदारों को शामिल किया गया था लेकिन वोटिंग के बाद सिर्फ पांच दावेदारों को सूची में जगह मिली थी जिसमें तेंदुलकर विजेता बने।

ट्रॉफी लेने के बाद तेंदुलकर ने कहा, यह शानदार है। विश्व कप जीतने की भावना को शब्दों में बयान करना संभव नहीं था। यह कितनी बार होता होगा जब किसी प्रतिक्रिया में लोगों की भावनाएं मिलीजुली न होती हों। ऐसा तो बहुत ही कम होता है जब पूरा देश जश्न मनाता हो। भारतीय दिग्गज ने कहा, यह इस बात की भी याद दिलाता है कि खेल कितना सशक्त माध्यम है और यह हमारी जिंदगी में क्या बदलाव लाता है। अब भी मैं उस लम्हे के बारे में सोचता हूं और वही अहसास होता है।

तेंदुलकर के ट्रॉफी हासिल करने के बाद बेकर ने उनसे अपनी भावनाओं को साझा करने को कहा तो इस भारतीय खिलाड़ी ने कहा, मेरी यात्रा (क्रिकेट) की शुरुआत तब हुई थी जब मैं 10 साल का था। भारत ने विश्व कप जीता था। मुझे उस समय उसके महत्त्व के बारे में पता नहीं था। चूंकि हर कोई जश्न मना रहा था तो मैं भी उस में शामिल हो गया। उन्होंने कहा, लेकिन कहीं न कहीं मुझे पता था कि देश के लिए कुछ अच्छा हुआ है और मैं भी एक दिन इसका अनुभव करना चाहता था....और यहीं से मेरा सफर शुरू हुआ। एकदिवसीय और टैस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी के ज्यादातर रेकार्ड अपने नाम करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, यह (विश्व कप जीतना) मेरी जिंदगी का सबसे गौरवान्वित करने वाला पल था। मैंने 22 साल तक इसका पीछा किया लेकिन कभी हिम्मत नहीं हारा। मैं सिर्फ अपने देश की तरफ से ट्रॉफी उठा रहा था। तेंदुलकर ने कहा कि लारेस ट्रॉफी हासिल करना उनके लिए बेहद ही सम्मान की बात है। इस मौके पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के क्रांतिकारी नेता नेल्सन मंडेला के प्रभाव को भी साझा किया। तेंदुलकर जब मंडेला से मिले थे तब इस क्रिकेटर की उम्र केवल 19 साल थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, उनकी कठिनाई ने उनके नेतृत्व को प्रभावित नहीं किया। उनके द्वारा दिए गए कई संदेशों में से मुझे सबसे महत्त्वपूर्ण यह लगा कि खेल में सभी को एकजुट करने की शक्ति है।

### मेसी-हैमिल्टन ने साझा किया सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

ब्रिटिश एफ-वन चालक लुईस हैमिल्टन और दुनिया के महान फुटबॉलरों में से एक लियोनेल मेस्सी को यहां लारेस खेल पुरस्कारों में संयुक्त रूप से साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दोनों खिलाड़ियों को बराबर संख्या में वोट मिले। इन पुरस्कारों के 20 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब ज्यूरी के सदस्य हैमिल्टन और मेस्सी में से एक विजेता को नहीं चुन सके। फीफा के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार को छह बार जीतने वाले मेस्सी लारेस पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) को जीतने वाले पहले टीम-खिलाड़ी हैं। वह हालांकि सोमवार को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए मौजूद नहीं थे। मेस्सी और हैमिल्टन ने टाइगर वुड्स, केन्या के मैराथन धावक एलिउड किपचोगे, राफेल नडाल और मोटो जीपी चैंपियन मार्क मार्केज को पछाड़ कर यह खिताब हासिल किया।

# खौफ : एशियाई चैंपियनशिप में मास्क में दिखे पहलवान

नई दिल्ली, 18 फरवरी (भाषा) ।

चीन में फैले कोरोना वायरस के संक्रमण का असर भारत में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भी दिख रहा है जहां जापान, कोरिया और चीनी ताइपे के पहलवानों को मंगलवार को मास्क में देखा गया। दूसरे देशों के पहलवानों और अधिकारियों ने हालांकि कहा कि वे 'एहतियात' के तौर पर मास्क लगा रहे हैं।

कोरोना वायरस

नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण के फैलने के कारण भारत सरकार ने चीन के खिलाड़ियों को वीजा जारी नहीं किया जिससे वहां के पहलवान इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। चीन में 72,000 से ज्यादा लोग इस वायरस के संक्रमण की चपेट में है जबकि अब तक 1900 लोगों की मौत हो गई है। कोरियाई टीम के चिकित्सा सदस्य सीएओन ली ने एजंसी से कहा, हमारे दल में 28 खिलाड़ी है और उसमें से कुछ खिलाड़ियों और पहलवानों ने मास्क लगाए हैं। हमें पता है कि यहां वह वायरस नहीं है और यह जगह सुरक्षित है लेकिन फिर भी जोखिम क्यों उठाना। यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्लूडब्लू) के डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजर को भी यहां मास्क में देखा गया। उन्होंने कहा, यह वायरस एशियाई देशों में फैल रहा है इसलिए मेरा परिवार चिंतित है। हमें पता है कि यहां वायरस नहीं है क्योंकि चीन के खिलाड़ियों को वीजा नहीं दिया गया है। कुछ खिलाड़ियों के लिए दिल्ली का वायु प्रदूषण चिंता की बात है। जापान टीम के एक सदस्य ने कहा, दिल्ली में हवा की गुणवत्ता अब भी सही नहीं है और वायरस को लेकर भी चिंता है क्योंकि हमें पता है कि कुछ एशियाई देश इसकी चपेट में है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लूएफआइ) ने कहा कि खिलाड़ी और अधिकारी मास्क का इस्तेमाल दिल्ली में प्रदूषण से बचने के लिए कर रहे हैं। डब्लूएफआइ के एक अधिकारी ने कहा, कोरिया, थाईलैंड और जापान के कुछ पहलवान मास्क पहने हुए हैं जो काफी आम बात है। वे दिल्ली के प्रदूषण स्तर को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, यहां चिंता करने वाली कोई बात नहीं है। हो सकता है वे कोरोना वायरस के कारण अतिरिक्त सवधानी बरत रहे हों लेकिन यहां सब कुछ सुरक्षित है। इस चैंपियनशिप को यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग ने तोक्यो ओलंपिक के लिए रैंकिंग टूर्नामेंट का दर्जा दिया है। टूर्नामेंट को तीन श्रेणियों में खेला जाएगा। जिसमें पुरुषों की फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिलाओं की कुश्ती शामिल है।

# सुनील को एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण

नई दिल्ली, 18 फरवरी (भाषा)।

सुनील कुमार ने मंगलवार को 87 किग्रा वर्ग के फाइनल में किर्गिस्तान के अजात सालिदिनोव को 5-0 से हराकर भारत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के ग्रीको रोमन वर्ग में 27 साल में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। सुनील से पहले पप्पू यादव ने 1993 में ग्रीको रोमन में 48 किग्रा वर्ग का खिताब जीता था।

सेमी फाइनल में पिछड़ने के बाद जीत दर्ज करने वाले सुनील ने यहां केडी जाधव इंडोर स्टेडियम में 87 किग्रा वर्ग के फाइनल में अपने विरोधी को आसानी से पछाड़ दिया। इससे पहले सुनील सेमी फाइनल में कजाखस्तान के अजामत कुस्तुबायेव के खिलाफ 1-8 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए लगातार 11 अंक के साथ 12-8 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। सुनील 2019 में भी इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे लेकिन उन्हें खिताबी मुकाबले में हार के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

सुनील ने खिताब जीतने के बाद कहा, आज भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर मैं काफी खुश हूं। मैंने अपनी तकनीक पर काफी कड़ी मेहनत की और अपने पिछले साल के प्रदर्शन से बेहतर करके काफी अच्छा लग रहा है।

सुनील के एतिहासिक स्वर्ण पदक से पहले

### ग्रीको रोमन खिताब का भारत का 27 साल का इंतजार खत्म

*चैंपियन* 87 किग्रा वर्ग के फाइनल में किर्गिस्तान के अजात सालिदिनोव को शिकस्त देने के बाद स्वर्ण पदक के साथ सुनील कुमार।

अर्जुन हलाकुर्की ने भी ग्रीको रोमन वर्ग की 55 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक के प्ले आफ में कोरिया के डोंगहियोक वोन को 7-4 से हराया। अर्जुन का अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह पहला पदक है। अर्जुन सेमी फाइनल में ईरान के पोया मोहम्मद नासिरपोर के खिलाफ 7-1 से आगे चल रहे थे लेकिन उन्हें 7-8 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की पदक की तीसरी उम्मीद मेहर सिंह (130 किग्रा) को हालांकि कांस्य पदक के मुकाबले में किर्गिस्तान के रोमान किम के खिलाफ 2-3 से हार झेलनी पड़ी। मेहर को सेमी फाइनल मुकाबले के दौरान कलाई में लगी चोट के कारण भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सेमी फाइनल में मेहर को कोरिया के मिनसियोक किम के खिलाफ 1-9 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# 'कोहली को आउट करने का बेसब्री से इंतजार'

वेलिंगटन, 18 फरवरी (भाषा)।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने फिटनेस हासिल करने के लिए जल्दबाजी नहीं दिखाई लेकिन शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली दो टैस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान वह भारतीय कप्तान विराट कोहली का विकेट चटकाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी को यादगार बनाना चाहते हैं।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टैस्ट में उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया था जिसके बाद वह भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में टीम का हिस्सा नहीं थे। छह सप्ताह तक टीम से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले इस तेज गेंदबाज ने शुरुआती टैस्ट से पहले अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। पहले टैस्ट के लिए यहां पहुंचने के बाद उन्होंने भारतीय कप्तान को चेतावनी भरे लहजे में कहा, जब भी मैं खेलता हूं तो मेरी कोशिश उनके (कोहली) जैसे बल्लेबाज को आउट कर खुद को साबित करने की होती है। मैं उनको आउट करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। लेकिन वह कमाल के खिलाड़ी हैं। सबको पता है कि वह महान खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड को पिछली टैस्ट श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने 3-0 से हराया था और उनके लिए भारत भी कठिन चुनौती पेश करेगा। बोल्ट ने कहा, वे मजबूत टीम हैं और आइसीसी टैस्ट चैंपियनशिप की तालिका में शीर्ष पर हैं।

ट्रेंट बोल्ट ने शुरुआती टैस्ट से पहले अपनी प्राथमिकताओं को किया स्पष्ट

वे इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि उन्हें कैसे खेल खेलना है। आस्ट्रेलिया में हमारे लिए मुश्किल समय था। यह देख कर अच्छा लग रहा है कि हम वापसी कर रहे है। यहां बेसिन रिजर्व मैदान की पिच पर तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, जहां बोल्ट भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाल सकते है। न्यूजीलैंड के लिए 65 टैस्ट में 256 विकेट लेने वाले 30 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, मैं अच्छे विकेट के हिसाब से तैयारी कर रहा हूं। आमतौर पर यहां कि पिच अच्छी होती है और मैच आखिर (पांच दिन) तक चलता है। मुझे यहां खेलना पसंद है। मैं मैच शुरू होने का इंतजार कर रहा हूं। बोल्ट ने कहा कि टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत से 0-5 से हारना निराशाजनक था लेकिन टीम ने एकदिवसीय में वापसी की और 3-0 से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो हुआ सो हुआ।

# अभ्यास मैच में भारतीय महिला टीम ने वेस्ट इंडीज को हराया

ब्रिसबेन, 18 फरवरी (भाषा) ।

स्पिनर पूनम यादव के तीन विकेट से भारत ने आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप के अभ्यास मैच में मंगलवार को यहां वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो रन से जीत दर्ज की।

टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर सिर्फ 107 रन का मामूली स्कोर खड़ा कर सकी। जीत के लिए 108 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट इंडीज की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 105 रन ही बना सकी। पूनम ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्ट इंडीज की टीम 13 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी। दीप्ति शर्मा ने जैसे ही सलामी बल्लेबाज ली-एन किर्बी (42) को आउट किया वेस्ट इंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

इसके तुरंत बाद कप्तान स्टेफनी टेलर (16), चेडिन नेशन (00) और डिएंड्रा डोटिन (01) भी पवेलियन लौट गए जिससे टीम का स्कोर 17वें ओवर में पांच विकेट पर 67 रन हो गया। हेली मैथ्यूज (25) और चिनले हेनरी (17) ने 19वें ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़ा जिसके बाद वेस्ट इंडीज को जीत के लिए अंतिम छह गेंदों पर 11 रन बनाने थे। हेनरी ने पूनम की गेंद पर चौका मारा लेकिन ओवर की चौथी गेंद पर मैथ्यूज आउट हो गयी। आखिरी गेंद पर जीत के लिए तीन रन की जरूरत थी लेकिन हेनरी वेदा कृष्णमूर्ति को कैच थमा बैठी। इससे पहले भारत का शीर्ष क्रम भी लड़खड़ा गया।

# एक अन्य कम्बाला धावक ने श्रीनिवास गौड़ा का तोड़ा 100 मीटर का रेकार्ड

मंगलुरु, 18 फरवरी (भाषा) ।

एक अन्य कम्बाला धावक ने कर्नाटक में पारंपरिक भैंसा दौड़ के दौरान 100 मीटर दूरी रेकार्ड 9.51 सेकेंड में तय करके श्रीनिवास गौड़ा के समय में सुधार किया जो हाल में इस दौड़ में शानदार प्रदर्शन करके सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं।

*निशांत शेट्टी ने* 9.51 सेकेंड में तय किया 100 मीटर की दूरी

आयोजकों ने कहा कि बजागोली जोगीबेट्टू के रहने वाले निशांत शेट्टी ने रविवार को वेणूर कम्बाला के दौरान 28 साल के गौड़ा का रेकार्ड तोड़ा। कम्बाला के आयोजकों ने बताया कि शेट्टी सहित चार प्रतिभागियों ने 100 मीटर की दौड़ 10 सेकेंड से कम समय में पूरी की है। शेट्टी के अलावा इरुवाथुर आनंद (9.57 सेकेंड), अकेरी सुरेश शेट्टी (9.57 सेकेंड) और श्रीनिवास गौड़ा (9.55 सेकेंड) ने दौड़ पूरी करने के लिए 10 सेकेंड से कम का समय लिया। आनंद और सुरेश शेट्टी ने भी उसकी वेणूर कम्बाला दौड़ में हिस्सा लिया जिसमें निशांत ने बाजी मारी। एक फरवरी को गौड़ा ने मंगलुरु के समीप एकाला गांव में कम्बाला दौड़ के दौरान सिर्फ 13.62 सेकंड में 142.5 मीटर की दौड़ लगाई थी। उन्होंने पहले 100 मीटर की दूरी सिर्फ 9.55 मीटर में तय की जिसके बाद उनकी तुलना कई बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट से होने लगी जिनका 100 मीटर में विश्व रेकार्ड 9.58 सेकेंड का है। इसके बाद वह सोशल मीडिया पर छा गए थे।

**विजयी**

दुबई में मंगलवार को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला एकल मुकाबले में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से पराजित करने के बाद जश्न मनातीं अमेरिका की जेनिफर ब्रैडी।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 94, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com